9. खानाबदोश पशुचारक शहरी जीवन के लिए खतरा थे। तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।
10. मेसोपोटामिया में शहरीकरण का क्या महत्व है? स्पष्ट कीजिए।
11. मेसोपोटामिया की मोहरों की बनावट और उपयोगिता का वर्णन कीजिए।
12. मेसोपोटामिया के बहुत कम लोग साक्षर थे, स्पष्ट कीजिए।
13. मेसोपोटामिया के प्रारंभिक मंदिरों की रचना घरों जैसी क्यों प्रतीत होती थी, स्पष्ट कीजिए।
14. मेसोपोटामिया में परिवार एवं विवाह के नियम किस प्रकार के थे, स्पष्ट कीजिए।
15. कुम्हार के चाक से किस प्रकार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक युगान्तरकारी परिवर्तन आया।

**दीर्घ प्रश्न (8 अंक)**

1. मंदिर मेसोपोटामिया की संस्कृति के अभिन्न अंग थे। स्पष्ट कीजिए।
2. 'सम्भवतः दुनिया को मेसोपोटामिया की सबसे बड़ी देन उसकी कालगणना और गणित की विद्वतापूर्ण परम्परा है।' उक्त कथन की तर्कसंगत व्याख्या कीजिए।
3. मेसोपोटामिया की प्रमुख उपलब्धियों को वर्णित कीजिए। (या) मेसोपोटामिया की सभ्यता की विश्व को क्या देन है? स्पष्ट कीजिए।

**दीर्घ प्रश्न (8 अंक) उत्तर**

1. • 5000 ई.पू. दक्षिणी मेसोपोटामिया में बस्तियों का विकास।
   • कुछ प्राचीन शहर मंदिर के चारों ओर विकसित हुए।

- सबसे पहला ज्ञात मंदिर एक छोटा–सा देवालय था, जो कि कच्ची ईंटों का बना हुआ था।
- मंदिर विभिन्न प्रकार के देवी–देवताओं के निवास स्थान थे जैसे उर जो चंद्र देवता के और इन्नाना जो प्रेम व युद्ध की देवी थी।
- कुछ प्रारम्भिक साधारण मंदिर घरों जैसे ही होते थे क्योंकि मंदिर भी किसी देवता के घर होते थे।
- देवता पूजा का केन्द्र–बिन्दु होता था, लोग देवी–देवताओं के लिए अन्न, दही और मछली लाते थे।
- आराध्य देव सैद्धान्तिक रूप से खेतों, मत्स्य क्षेत्रों और स्थानीय लोगों के पशुधन का स्वामी माना जाता था।
- समय आने पर उपज को उत्पादित वस्तुओं में बदलने की प्रक्रिया मंदिरों में ही की जाती थी।
- मंदिर ने धीरे–धीरे अपने क्रियाकलाप बढ़ा लिए।
- उस काल में मंदिर ना केवल धार्मिक केन्द्र थे अपितु आर्थिक–क्रियाओं से भी जुड़े थे।

2.
- मेसोपोटामिया की दुनिया को सबसे बडी देन उसकी कालगणना और गणित की विद्वत्तापूर्ण परम्परा है।
- 1800 ई.पू. के आस–पास की कुछ पट्टिकाएं मिली हैं जिनमें गुणा और भाग की तालिकाएं, वर्ग तथा वर्गमूल और चक्रवृद्धि ब्याज की सारणियां दी गई हैं।
- मेसोपोटामिया वासियों से ही हमें ज्ञात हुआ कि पृथ्वी के चारों ओर चंद्रमा की परिक्रमा के अनुसार एक पूरे वर्ष का 12 महीनों में विभाजन, एक महीने का 4 हफ्तों में विभाजन, एक दिन का 24 घंटों में विभाजन और एक घंटे का 60 मिनट में विभाजन किया गया। आज यह सब हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है।
- सूर्य और चन्द्र ग्रहण घटित होने पर वर्ष, मास और दिन के अनुसार उनका हिसाब रखकर गणना की जाती थी।
- रात को आकाश में तारों और तारामंडल की स्थिति पर नजर रखते हुए गणना की जाती थी।

3.
- लेखन कला।
- गणित की गणनाओं का विकास।

- शहरी जीवन तथा सामाजिक व्यवस्था।
- विद्यालय जैसी संस्थाएँ।
- 5000 ई.पू. बस्तियों का विकास।
- विवाह, उत्तराधिकार के मामलों में कानूनी दस्तावेजों का होना।
- मोहर : एक शहरी शिल्प कृति।
- शहरीकरण का महत्व – व्यापार, वार्का शीर्ष।

# विषय – 3
# तीन महाद्वीपों में फैला हुआ साम्राज्य

## स्मरणीय तथ्य

1.




2.




3. **रोमन साम्राज्य के चरण**

- **पूर्ववर्ती रोमन सम्राज्यः** तीसरी शताब्दी के मुख्य भाग तक की संपूर्ण अवधि को पूर्ववर्ती रोमन साम्राज्य कहा जाता है।
- **परवर्ती सम्राज्यः** तीसरी शताब्दी के बाद की अवधि को परवर्ती साम्राज्य कहा जाता है।

4. **रोमन साम्राज्य**

**आरंभिक काल/पूर्ववती चरण**

- 509 ई.पू. से 27 ई.पू. गणतंत्र शासन व्यवस्था
- 27 ई.पू. जूलियस सीज़र के दत्तक पुत्र ऑक्टेवियन ने तख्ता पलटा तथा 27 ई.पू. में ही ऑगस्टस नाम से रोम का शासक बना।
- ऑगस्टस काल – 1. प्रिंसेपेट की स्थापना, 2. शांति काल
- टिबेरियस – आगस्टस का गोद लिया पुत्र
- राजनीतिक इतिहास के तीन प्रमुख खिलाड़ी – सम्राट, अभिजात वर्ग और सेना
- शहरी जीवन, सार्वजनिक स्नानगृह, आर्थिक विस्तार, शांति, समृद्धि

5. **रोमन साम्राज्य का प्रशासन**

- रोमन साम्राज्य नियंत्रण तथा प्रशासन बड़े शहरों द्वारा।

- सरकार प्रांतों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों पर कर लगाती।
- कार्थेज, सिकंदरिया तथा एटिऑक साम्राज्यिक प्रणाली के मूल आधार।
- स्थानीय उच्च वर्ग कर वसूली और प्रशासन में सहायक।
- उच्च प्रांतीय वर्ग एक नया संभ्रांत वर्ग बन गया।
- सम्राट गैलीनस ने सैनेटरों को सैनिक कमान से हटाया।

6. **मध्य का काल (तीसरी शताब्दी का संकट)**
   - ईरान के ससानी वंश के शासकों ने रोमन साम्राज्य पर बार–बार आक्रमण किये
   - जर्मन मूल की जनजातियों – फ्रैंक, एलमन्नाइ और गोथ–ने रोमन साम्राज्य के विभिन्न प्रांतों पर कब्जा किया।
   - 47 वर्षों में रोम में 25 सम्राट हुए।
   - साम्राज्य बेहद तनाव की स्थिति से गुजरा।

7. रोमन साम्राज्य में लिंग, साक्षरता, संस्कृति –

   i) एकल परिवार का समाज में चलन।

   ii) महिलाओं की अच्छी स्थिति, संपत्ति में स्वामित्व व संचालन में कानूनी अधिकार होना।

   iii) कामचलाऊ साक्षरता होना।

   iv) सांस्कृतिक विविधता होना।

8. आर्थिक विस्तार –

   i) रोम साम्राज्य का आर्थिक आधारभूत ढ़ाँचा काफी मजबूत था।

   ii) बंदरगाह, खानें, खदानें, ईंट के भट्टे, जैतून का तेल के कारखाने अधिक मात्रा में व्याप्त होना।

   iii) असाधारण उर्वरता के क्षेत्र होना।

   iv) सुगठित वाणिज्यिक व बैंकिंग व्यवस्था तथा धन का व्यापक रूप से प्रयोग।

   v) तरल पदार्थों की ढुलाई जिन कन्टेनरों में की जाती थी उन्हें 'एम्फोरा' कहा जाता था।

vi) स्पेन में उत्पादित जैतून का तेल 'ड्रेसल–20' नामक कन्टेनरों में ले जाया जाता था।

vii) स्पेन की सोने और चाँदी की खानों में जल शक्ति से खुदाई।

9. रोमन साम्राज्य में श्रमिकों पर नियंत्रण –

i) दासता की मजबूत जड़ें।

ii) इटली में 75 लाख की आबादी में से 30 लाख दास।

iii) दासों को पूंजी निवेश का दर्जा।

iv) क्रूरतापूर्ण व्यवहार।

v) ग्रामीण ऋणग्रस्तता।

vi) दासों की संख्या बढ़ाने के लिए दास प्रजनन को प्रोत्साहन।

vii) श्रम निरीक्षण एक आम अवधारणा।

10. रोमन साम्राज्य में सामाजिक श्रेणियाँ प्रारंभिक राज्य –

i) सैनेटर, अश्वारोही, जनता का सम्मानित वर्ग, फूहड़ निम्नतर वर्ग, दास।

ii) परवर्ती काल–अभिजात वर्ग, मध्यम वर्ग और निम्नतर वर्ग।

iii) उच्च अधिकारी तथा गवर्नर लूट खसोट और भ्रष्टाचारी थे।

11. परवर्ती पुरा काल

- चौथी से सातवीं शताब्दी।
- डायोक्लीशियन का शासन 284–305 ई॰।

    i) साम्राज्य को छोटा कर दिया।

    ii) सीमाओं पर किले बनवाए।

    iii) असैनिक कार्यों को सैनिक कार्यों से अलग किया।

    iv) सैन्य अधिकारियों को अधिक शक्तियां दी।

    v) प्रांतों का पुनर्गठन किया।

    vi) साम्राज्य को दो भागों में विभाजित किया – 1. पूर्वी रोमन साम्राज्य, तथा 2. पशिचिमी रोमन साम्राज्य।

- कॉन्सटेनटाइन शासक (307–337 ई॰)

    i) इसाई धर्म राज धर्म

    ii) सॉलिडस सोने का सिक्का

iii) कुंस्तुनतुनियाँ राजधानी

iv) व्यापार विकास

v) नयी प्रौद्योगिकियों मे निवेश

- जस्टीनियन शासक (527–565 ई॰)

12. रोमन साम्राज्य का अंत –

i) बाहरी आक्रमण।

ii) उत्तर में जर्मन मूल के समूह का आक्रमण।

iii) 'रोमोत्तर' (Post Roman) राज्य की स्थापना।

iv) पूर्वी प्रांतों पर ईरान के ससानीयों का आक्रमण।

v) दास विद्रोह

vi) राजा का कमजोर पड़ जाना।

vii) इस्लाम का फैलना।

**बहुविकल्पीय प्रश्न –**

1. रोमन साम्राज्य में लेखन सामग्री के लिए निम्न में से किसका बहुतायत से प्रयोग होता था?

(क) कागज (ख) पैपाइरस पत्र

(ग) धातु की पट्टिकायें (घ) मिट्टी की पट्टिकायें

2. उत्तर में रोमन साम्राज्य की सीमा का निर्धारण निम्न में से कौन सी नदी करती थी?–

(क) राइन (ख) डैन्यूब

(ग) दजला–फरात (घ) क एवं ख दोनों

3. प्रिंसिपेट की स्थापना किसने की?

(क) सीजर (ख) जस्टीनियन

(ग) ऑगस्टस (घ) टिबेरियस

4. शांति काल के रुप में किस शासक का काल याद किया जाता है?

(क) ऑगस्टस

(ख) टिबेरियस

(ग) कॉन्सटैनटाइन

(घ) जस्टीनियन

5. रोमन साम्राज्य में अर्थव्यवस्था के लिए मुख्य व्यापारिक मदें क्या थी ?

(क) गेहूँ

(ख) अंगूरी शराब

(ग) जैतून का तेल

(घ) उपरोक्त सभी

6. रोमन साम्राज्य एक आधुनिक समाज था इस के / का कारण–

(1) रोमन समाज में एकल परिवार व्यापक था।

(2) महिलाओं को कानूनी अधिकार थे।

(3) दासों को पूँजी निवेश का दर्जा।

सही विकल्प चुनिए।

(क) केवल (1) और (2)

(ख) केवल (2) और (3)

(ग) केवल (1)

(घ) उपरोक्त सभी।

7. युग्म सुमेलित कीजिए।

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (A) कैम्पैनिया | (1) मिस्त्र |
| (B) फैय्यूम | (2) ट्यूनीशिया |
| (C) बाएटिका | (3) इटली |
| (D) बाइजैकियम | (4) स्पेन |

सही विकल्प चुनिए।

(क) (A)–(2), (B)–(3), (C)–(1), (D)–(4)

(ख) (A)–(3), (B)–(1), (C)–(4), (D)–(2)

(ग) (A)–(1), (B)–(2), (C)–(3), (D)–(4)

(घ) (A)–(1), (B)–(2), (C)–(4), (D)–(3)

8. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और इस इमारत का नाम बताएें।



9. कॉन्स्टैनटाइन की उपलब्धियों के सम्बंध में कौन सा कथन सही नहीं है?
(क) सॉलिडस सोने का सिक्का
(ख) कुस्तुनतुनियाँ का निर्माण
(ग) नई प्रौद्योगिकियाँ तथा लंबी दूरी का व्यापार
(ब) सीमाओं पर किले बनवाए

10. **कथन**– कॉन्स्टैनटाइन ने सॉलिडस नाम का एक नया सोने का सिक्का चलाया।

**कारण**– स्पेन की खानों से चाँदी मिलनी बंद हो गयी थी।
(क) केवल कथन सही है।
(ख) केवल कारण सही है।
(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कथन कारण का स्पष्टीकरण नहीं है।
(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन का स्पष्टीकरण देता है।

**अति संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न** –

1. रोमन साम्राज्य के विस्तार का उल्लेख करें।
(NCERT, पृष्ठ सं. 59)
2. रोमन राजनीतिक इतिहास के तीन मुख्य खिलाड़ी कौन थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 61)

3. दीनारियस क्या था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 62)

4. भूमध्यसागर के तटों पर स्थापित बड़े रोमन शहरी केन्द्र कौन से थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 62)

5. रोमन साम्राज्य के शहरी लोगों के पास कौन से मनोरंजन के साधन उपलब्ध थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 62)

6. एम्फोरा किसे कहते हैं?
(NCERT, पृष्ठ सं. 66)

7. रोमन साम्राज्य के किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिये जो बहुत कम उन्नत अवस्था में था तथा यहाँ देहाती क्षेत्रों में ऋतुप्रवास होता था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 67)

8. दास समूहों के प्रयोग की यह कहकर निंदा किसने की है कि यह उत्पादन आयोजित करने का सबसे खराब तरीका है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 69)

9. रोमन साम्राज्य में जनता का सम्माननीय वर्ग कौन सा था, जिसका संबंध महान घरानों से था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 70)

10. ईसाई धर्म को राजधर्म बनाने का निर्णय किसने लिया?
(NCERT, पृष्ठ सं. 71)

11. दास जानबूझकर ऋण अनुबंधों को क्यों स्वीकार कर लेते थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 69)

12. कुस्तुनतुनियॉ को पहले किस नाम से जाना जाता था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 72)

13. सम्राट गैलीनस ने सैनेट की शक्ति को कम करने के लिए कौन–सा कदम उठाया।
(NCERT, पृष्ठ सं. 66)

14. पश्चिमी रोमन साम्राज्य के सभी बड़े प्रांतों पर छठी शताब्दी में किन सूमहों (लोगों) ने कब्जा किया?
(NCERT, पृष्ठ सं. 73)

**लघु प्रश्न (3 अंक वाले) –**

1. ''रोमन साम्राज्य सांस्कृतिक दृष्टि से विविधतापूर्ण साम्राज्य था।'' कथन को उचित तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।
2. सम्राट ऑगस्टस के शासन काल को क्यों याद किया जाता है?
3. सम्राट डायोक्लीशियन ने रोमन साम्राज्य में कौन से परिवर्तन किए थे?
4. सम्राट कान्स्टैनटाइन की मुख्य उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।
5. रोम साम्राज्य में 'रिपब्लिक' यानी गणतंत्र की स्थिति की समीक्षा कीजिए।
6. रोम साम्राज्य के तीसरी शताब्दी के संकट की व्याख्या कीजिए।
7. रोम साम्राज्य के राजनीतिक इतिहास के प्रमुख खिलाड़ी कौन–कौन थे? प्रत्येक के बारे में एक–दो पंक्तियां लिखिए।
8. रोम साम्राज्य के शहरी जीवन की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
9. रोमन सम्राट ने चाँदी में मुद्रा को ढ़ालना क्यों बंद किया और वह सिक्कों के उत्पादन के लिए कौन–सी धातु का उपयोग करने लगे?
10. रोम साम्राज्य में दासों की स्थिति और महत्व का अवलोकन कीजिए।
11. पूर्ववर्ती और परवर्ती साम्राज्य से क्या अभिप्राय है?
12. रोम साम्राज्य के विभिन्न भागों में साक्षरता की दर अलग–अलग थी। उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
13. रोमन साम्राज्य के पतन के कारणों का संक्षिप्त विवरण कीजिए।
14. रोमन साम्राज्य में 'दास प्रजनन' क्यों शुरू हुआ?
15. रोमोत्तर राज्य किन्हें कहा गया एवं क्यों?

**दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न (8 अंक वाले प्रश्न) –**

1. रोमन साम्राज्य की सामाजिक विशेषताओं की विवेचना कीजिए।
2. रोम साम्राज्य की विश्व को देन की विवेचना कीजिए।
3. 'रोम सेना, रोम साम्राज्य का महत्वपूर्ण अंग थी' कथन का औचित्य निर्धारित करते हुए व्याख्या कीजिए।
4. रोमन समाज और अर्थव्यवस्था को आधुनिक दर्शाने वाले अभिलक्षण कौन से थे? व्याख्या कीजिए।
5. यूनान और रोम वासियों की धार्मिक संस्कृति की व्याख्या कीजिए।

**दीर्घ प्रश्नों के उत्तर (8 अंक) उत्तर**

1. 1) एकल परिवार का स्वरूप
   2) परिवार में दास शामिल
   3) महिलाओं को स्वामित्व व संचालन का अधिकार
   4) महिलाओं को कानूनी स्वतंत्रता
   5) तलाक देना आसान
   6) विवाह परिवार द्वारा एवं विवाह की आयु
   7) काम चलाऊ साक्षरता
   8) सांस्कृतिक विविधता विद्यमान
   9) अनेक भाषाएँ
   10) शहरी जीवन

2. 1) साम्राज्य स्थापना
   2) राज्य प्रबंध की शिक्षा
   3) सैनिक संगठन
   4) रोमन कानून
   5) ईसाई धर्म का प्रचार
   6) धार्मिक सहनशीलता
   7) सड़कें और पुल
   8) भवन–निर्माण कला (वास्तुकला)
   9) साहित्य व दर्शन
   10) भाषा
   11) शहरी जीवन
   12) व्यापार

3. सैनिक प्रबंध की विशेषताएँ :
   1) रोम सेना राजनीति की महत्वपूर्ण संस्था
   2) व्यावसायिक सेना
   3) सेवा करने की अवधि निश्चित होना
   4) सबसे बड़ा एकल निकाय
   5) सैनेट में सेना का डर
   6) मतभेद होने पर गृहयुद्ध

7) आंदोलन व विद्रोह

8) शासक अथवा सम्राटों का भाग्य निर्धारित करने की शक्ति

4. रोमन समाज और अर्थव्यवस्था को आधुनिक दर्शाने वाले अभिलक्षण :

1) रोमन समाज : 1. उच्च वर्ग की कर वसूली
2. प्रशासन के कार्य में सक्रिय सहायता
3. संभ्रांत वर्ग
4. एकल परिवार
5. महिलाओं की स्थिति
6. सांस्कृतिक विविधता
7. साक्षरता
8. शहरी जीवन

2) अर्थव्यवस्था : 1. मजबूत अर्थव्यवस्था
2. कंटेनरों का प्रयोग – एम्फोरा, ड्रेसल–20
3. निर्यात – वस्तुएं / उत्पाद, केन्द्र
4. जलशक्ति का प्रयोग
5. औद्योगिक पैमाने पर खानों से खनिज निकालना
6. संगठित व्यापार
7. बैंकिंग व्यवस्था
8. धन का व्यापक प्रयोग

5. यूनान तथा रोम वासियों की धार्मिक संस्कृति।

1) बहुदेववादी संस्कृति
2) अनेक देवी–देवता
3) मंदिर, मठ और देवालय का निर्माण
4) अनेक पंथो एवं उपासना पद्धति में विश्वास
5) स्वयं को एक नाम से न पुकारना
6) यहूदी धर्म
7) ईसाईकरण होना
8) भिन्न–भिन्न धार्मिक समुदायों के बीच कठोर सीमाएँ न होना
9) शक्तिशाली विशपों द्वारा कड़ाई से धार्मिक विश्वासों तथा रीति–रिवाजों का पालन करने का पाठ पढ़ाना।

# विषय – 4
# इस्लाम का उदय और विस्तार
# लगभग 570–1200 ई०

**इस्लामी इतिहास की जानकारी के स्रोत**

- इतिवृत्त/तवारीख
- जीवन चरित सिरा
- पैगम्बर के कथन व कृत्य हदीस
- कुरान पर टीकायें
- प्रत्यक्षदर्शी वृत्तान्त (अखबार)
- दस्तावेजी प्रमाण
- प्राचीन इमारतें, शिलालेख, मुद्रायें
- ऐतिहासिक, अर्ध ऐतिहासिक रचनाएं

## स्मरणीय तथ्य

1. अरब में इस्लाम का उदय–
   - मुस्लिम समाज की शुरूआत आज से 1400 वर्ष पहले हुई। इनका मूल क्षेत्र मिश्र से अफगानिस्तान तक का विशाल क्षेत्र है। इसी क्षेत्र के समाज व संस्कृति के लिये ''इस्लाम'' का प्रयोग किया जाता है।
   - अरब लोग कबीलों में बंटे थे। प्रत्येक कबीले के अपने देवी देवता होते थे। अरब कबीले खानाबदोश होते थे। मक्का में स्थित काबा वहाँ का मुख्य धर्मस्थल था और सभी मुस्लमान इसे पवित्र मानते थे।
   - पैगम्बर मुहम्मद साहब का कबीला कुरैश था जो मक्का में रहता था तथा वहाँ के मुख्य धर्मस्थल काबा पर उसका नियंत्रण था।
   - 612 ई. में पैगम्बर मुहम्मद ने अपने आपको खुदा का संदेशवाहक घोषित किया। 622 ई. में पैगम्बर मुहम्मद और इनके अनुयायियों को मक्का के समृद्ध लोगों के विरोध के कारण मक्का छोड़कर मदीना जाना पड़ा। इस यात्रा को हिजरा कहा गया और इसी 622 ई. वर्ष से मुस्लिम कैलेन्डर यानि हिजरी सन् की शुरूआत हुई।
   - पैगम्बर मुहम्मद ने मदीना में एक राजनीतिक व्यवस्था की। अब मदीना इस्लामी राज्य की प्रशासनिक राजधानी तथा मक्का धार्मिक केन्द्र बन गया। थोड़े ही समय में अरब प्रदेश का बड़ा भू–भाग इनके अधीन हो गया।
   - **इस्लाम में अल्लाह की इबादत की सरल विधियाँ** – सलत (दैनिक प्रार्थना – 5 वक्त की नमाज़) और नैतिक सिद्धान्त – जैसे खैरात बाँटना एवं चोरी न करना।
2. खलीफाओं का शासन–
   - सन् 632 ई. में पैगम्बर मुहम्मद का देहान्त हो गया और अगले पैगम्बर की वैधता के अभाव में राजनीतिक सत्ता उम्मा को अंतरित कर दी गयी। इस

प्रकार खिलाफत संस्था का आरंभ हुआ। समुदाय का नेता पैगम्बर का प्रतिनिधि अर्थात् खलीफा बन गया।

- **खिलाफत के दो प्रमुख उद्देश्य** – 1. कबीलों पर नियंत्रण कायम करना जिनसे मिलकर उम्मा का गठन हुआ। 2. राज्य के लिए संसाधन जुटाना।
- **पहले चार खलीफा (1)** हज़रत अबुबकर **(2)** हज़रत उमर **(3)** हज़रत उस्मान **(4)** हजरत अली, इन्होंने अभियानों द्वारा विद्रोह का दमन किया, राज्य का विस्तार किया और कबीलों की शक्ति को एकजुट किया।

3. उमय्यद और राजतंत्र का केंद्रीकरण–
   - चौथे खलीफा अली की हत्या के बाद हज़रत मुआविया ने अपने आपको अगला खलीफा घोषित किया और उमय्यद वंश की स्थापना की। मुआविया ने वंशगत उत्तराधिकार की परंपरा शुरू की और दमिश्क को राजधानी बनाया।
   - अब्द अल मलिक ने–
     - i) अरबी भाषा को प्रशासनकी भाषा घोषित किया।
     - ii) इस्लामी सिक्के जारी किए गये। इन पर अरबी भाषा में लिखा गया।
     - iii) जेरुसलम में डोम ऑफ रॉक बनवाया।
4. अब्बासी क्रांति–
   - दावा नामक एक सुनियोजित आन्दोलन ने उमय्यद वंश को 750 ई. में उखाड़ फेंका और अब्बासी वंश की नींव रखी। इन्होंने बगदाद को राजधानी बनाया, सेना और नौकरशाही का पुनर्गठन किया, इस्लामी संस्थाओं और विद्वानों को संरक्षण प्रदान किया। अब्बासियों के अंतर्गत अरबों के प्रभाव में गिरावट आई, जबकि ईरानी संस्कृति का महत्त्व बढ़ गया।
5. खिलाफत का विघटन–
   - अब्बासी राज्य नौवीं शताब्दी में कमजोर हो गया।
   - राज्य में गृह युद्ध, गुटबन्दी और तुर्की गुलाम अधिकारियों की शक्ति में वृद्धि हुई।
   - दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दियों में तुर्की सल्तनत का उदय हुआ जिसकी स्थापना अल्पतिगिन द्वारा की गयी।
6. धर्मयुद्ध–
   - ईसाई जगत और इस्लामी जगत के बीच शत्रुता बढ़ने लगी। जिसका कारण आर्थिक संगठनों में परिवर्तन था। 1095 ई. में पुण्यभूमि को मुक्त

कराने के लिए ईश्वर के नाम पर जो युद्ध लड़े गये उन्हें धर्मयुद्ध कहा गया। ये युद्ध 1095 ई. से 1291 ई. के बीच लड़े गये।

- **तीन धर्मयुद्ध – पवित्र भूमि में मुक्त कराने के लिए**

**ईसाई एवं इस्लाम (जेरुसलम)**

- प्रथम धर्मयुद्ध 1098 - 1099
- द्वितीय धर्मयुद्ध 1145 - 1149
- तृतीय धर्मयुद्ध 1189 से
- प्रभाव
  - मुस्लिम राज्यों का ईसाई प्रजाजनों की तरफ कठोर रुख
  - मुस्लिम सत्ता की बहाली के बावजूद व्यापार में इटली का अधिक प्रभाव

7. अर्थव्यवस्थाः कृषि, शहर और वाणिज्य
   - मध्यकालीन इस्लामी दुनिया की अर्थव्यवस्था काफी सुदृढ़ थी। व्यापारिक यात्राएं भी ज्यादा सुरक्षित हो गयी।
   - कृषि को प्रोत्साहन, सिंचाई के लिए नहरें, बांधों का निर्माण किया गया।
   - कृषि और उद्योगों के विकास ने शहरीकरण की प्रक्रिया को तीव्र किया।
   - साखपत्र (सक्क) और हुंड़ियों (सुफतजा) का प्रयोग बढ़ा।
   - रेशम मार्ग का उपयोग बढ़ा।
8. - आठवीं और नौवीं शताब्दी में कानून की चार शाखाएँ (मजहब) बन गई। ये मालिकी, हनफी, शफीई और हनबली थी, जिनमें से प्रत्येक का नाम एक प्रमुख विधिवेत्ता (फकीह) के नाम पर रखा गया।
   - सूफियों का उदय। दर्शन शास्त्र और विज्ञान में रूचि में वृद्धि। अरबी कविता का पुनः अविष्कार हुआ। फारसी भाषा का विकास हुआ। गजनी फारसी साहित्य का केन्द्र बन गया। फिरदौसी द्वारा शाहनामा ग्रंथ लिखा गया। महिला सूफी संत राबिया। सूफीवाद का द्वार सभी के लिए खुल गया। इब्न सिना की चिकित्सा के सिद्धांत–प्रभावशाली पुस्तक। 'एक हजार एक रातें' कहानियों का संग्रह। अल्बरूनी ने तहकीक मा लिल हिंद लिखी।
   - धार्मिक इमारतें इस्लामी दुनिया की पहचान बनीं। इन इमारतों में मस्जिदें, इबादतगाह और मकबरे शामिल थे। मस्जिदों का एक वास्तुशिल्पीय रूप था – गुम्बद, मीनार, खुला प्रांगण और खंभों के सहारे छत, मेहराब, मिम्बर।
   - कागज चीन से आया। कागज के आविष्कार के बाद इस्लामी जगत में लिखित रचनाओं का व्यापक रूप से प्रयोग होने लगा। समूचे मानव

इतिहास से संबंधित दो प्रमुख ग्रंथ–अनसब अल–अशरफ (सामंतो की वंशावलियाँ) बालाधुरी द्वारा और तारीख अल–रसूल वल मुल्क (पैगम्बरों और राजाओं का इतिहास) ताबरी द्वारा लिखा गया।

9. **इस्लाम में प्राणियों के चित्रण की मनाही से कला के दो रूप** – खुशनवीसी (खत्ताती अथवा सुंदर लिखने की कला) और अरबेस्क (ज्यामितीय और वनस्पतीय डिज़ाइन) को बढ़ावा मिला। इमारतों को सजाने के लिए भी इनका प्रयोग किया गया।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

1. हदीथ / हदीस क्या है?
   (क) पैगम्बर के कथन एवं कृत्य (ख) कुरान पर टीकाएं
   (ग) जीवन चरित्र (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2. पैगम्बर मुहम्मद ने स्वयं को खुदा का संदेशवाहक कब घोषित किया?
   (क) 610 ई. (ख) 612 ई.
   (ग) 622 ई. (घ) 632 ई.

3. प्रथम खलीफा का नाम बताइये?
   (क) अबू बकर (ख) उमर
   (ग) उस्मान (घ) अली।

4. उम्मयद वंश को किसने उखाड़ फेंका?
   (क) ईरानी (ख) सासानी
   (ग) अब्बासी (घ) उपरोक्त में से किसी ने नहीं।

5. जेरुसलम में डॉम ऑफ रॉक किसने बनवाया?
   (क) अली (ख) उस्मान
   (ग) अब्द–अल–मलिक (घ) उपरोक्त में से किसी ने नहीं।

6. सल्जुकों ने खुरासान को जीतकर किस स्थान को अपनी पहली राजधानी बनाया?
   (क) बल्ख (ख) बुखारा
   (ग) हेरात (घ) निशापुर

7. 'पुण्य देश' या 'होली लैण्ड' किसे कहा गया?

(क) जेरुसलम (ख) हेरात

(ग) निशापुर (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

8. निम्न में से किन्हें फौजी शहर कहा गया?

(क) कुफा (ख) बसरा

(ग) फुस्तात (घ) उपरोक्त सभी।

9. उलमा किसे कहते हैं?

(क) मुस्लिम धार्मिक विद्वान (ख) खलीफा

(ग) शासक (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

10. खुशनवीसी किसे कहते हैं?

(क) ज्यामितीय डिजाइन (ख) सुन्दर लिखने की कला

(ग) इमारत (घ) बाग

11. शाहनामा के रचयिता कौन थे?

(क) फिरदौसी (ख) इब्न नदीम

(ग) इब्नसिना (घ) ताबरी

12. निम्नलिखित वाक्य को ठीक करके पुनः लिखें।

सन् 810 में खलीफा मुआविया के पुत्रों, अमीन और मामुन के समर्थकों के बीच गृह युद्ध शुरू हो गया।

13. युग्म सुमेलित कीजिए।

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (A) इब्न सिना | (1) मुरूज अल–घाहाब |
| (B) फिरदौस | (2) चिकित्सा के सिद्धांत |
| (C) मसूदी | (3) किताब अल–बुखाला |
| (D) जहीज | (4) शाहनामा |

सही विकल्प चुनिए।

(क) (A)–(3), (B)–(1), (C)–(4), (D)–(2)

(ख) (A)–(4), (B)–(1), (C)–(3), (D)–(2)

(ग) (A)–(3), (B)–(4), (C)–(1), (D)–(2)

(घ) (A)–(1), (B)–(3), (C)–(2), (D)–(4)

14. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और इस इमारत का नाम बताएें।



15. **कथन**– मध्यकाल में अरब और ईरानी व्यापारियों का चीन, भारत और यूरोप के बीच के समुद्री व्यापार पर एकाधिकार रहा।

**कारण**– मुस्लिम जगत ने साख–पत्रों (सक्क) और हुंडियों (सुफतजा) का उपयोग व्यापारियों द्वारा धन को एक जगह से दूसरी जगह अंतरित करने के लिए किया गया।

(क) केवल कथन सही है।
(ख) केवल कारण सही है।
(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कथन कारण का स्पष्टीकरण नहीं है।
(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन का स्पष्टीकरण देता है।

**अति संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न**

1. पैगम्बर मुहम्मद के कबीले का नाम बतलाइये।
(NCERT, पृष्ठ सं. 79)
2. पैगम्बर मुहम्मद की अपने अनुयायियों के साथ मदीना कूचकर जाने को क्या कहा जता है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 79)
3. पैगम्बर का प्रतिनिधि क्या कहलाता है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 81)
4. उम्मद वंश की स्थापना किसने की?
(NCERT, पृष्ठ सं. 83)

5. अब्बासी क्रांति किस आन्दोलन से हुई?
(NCERT, पृष्ठ सं. 85)
6. अब्बासियों ने अपनी राजधानी कहाँ स्थापित की?
(NCERT, पृष्ठ सं. 85)
7. कितने धर्मयुद्ध हुए?
(NCERT, पृष्ठ सं. 89)
8. कागज का आविष्कार कहाँ हुआ?
(NCERT, पृष्ठ सं. 93)
9. व्यापारी, साहूकार धन को एक जगह से दूसरी जगह लाने ले जाने के लिए क्या उपयोग में लाते थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 94)
10. शरिया या शरियत किसे कहते हैं?
(NCERT, पृष्ठ सं. 95)
11. किसी मुस्लिम महिला सूफी संत का नाम बताइये?
(NCERT, पृष्ठ सं. 97)
12. कंजूसों के बारे में मन बहलाने वाले किस्से किस पुस्तक में वर्णित है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 101)
13. अरबेस्क क्या है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 102)
14. नखलिस्तानों में 'मरुस्थली महल' किसने बनवाये?
(NCERT, पृष्ठ सं. 102)

**लघु प्रश्न (3 अंक वाले)**

1. पैगम्बर मुहम्मद ने किस प्रकार अरब प्रदेश के बड़े भाग को अपने धर्म, समुदाय और राज्य में लाने में सफलता प्राप्त की? विवरण दीजिये।
2. खिलाफत से क्या अभिप्राय है?
3. प्रथम चार खलीफाओं के अन्तर्गत शासन का विस्तार किस प्रकार हुआ?
4. उम्मयदों ने राजतंत्र का केन्द्रीकरण कैसे किया?
5. उम्मयद वंश के अब्द–अल–मलिक द्वारा किए गए मौद्रिक सुधारों का वर्णन कीजिए।
6. अब्बासी क्रांति क्या थी? अब्बासी शासन का प्रभाव बतलाइये।

7. अब्बासी राज्य के नौंवी शताब्दी में कमजोर होने के कारणों तथा परिणामों का उल्लेख कीजिये।
8. इस्लामी राज्य में कृषि व्यवस्था की मुख्य विशेषताएँ क्या थी? इन विशेषताओं से पड़ने वाले प्रभावों की विवेचना करो।
9. मध्यकालीन इस्लामी काल की कौन–कौन सी रचनाएँ यूरोप पहुँची और इनसे दर्शनशास्त्र और विज्ञान में रूची कैसे उत्पन्न हुई?
10. इस्लामी दुनिया की इमारतों की विशेषताएँ लिखिए।
11. मध्यकालीन आर्थिक जीवन में मुस्लिम जगत का सबसे बड़ा योगदान क्या था? व्यापारिक यात्राएँ किस प्रकार से ज्यादा सुरक्षित हो गयी?
12. सातवीं शताब्दी के आरंभिक दशकों में बद्दुओं के जीवन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
13. धर्म युद्ध से क्या तात्पर्य है? धर्म युद्धों का एशिया और यूरोप पर क्या प्रभाव पड़ा?
14. इब्न सिना कौन था? इसके द्वारा लिखी गयी पुस्तक का नाम लिखकर इसकी विशेषताओं का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
15. अदब का क्या अर्थ है? मध्य कालीन इस्लामी समाजों में किसी व्यक्ति के किन गुणों को सर्वाधिक सराहनीय गुणों में शामिल किया जाता था?
16. इस्लामी धार्मिक कला में प्राणियों के चित्रण की मनाही से कला के किन दो रुपों को बढ़ावा मिला।
17. ''सूफीवाद का द्वार सबके लिए खुला है'' स्पष्ट कीजिये।
18. मस्जिद की सार्वभौमिक विशेषताएं बताइये।

**दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)**

1. मध्यकालीन इस्लामी जगत में शहरीकरण की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
2. इस्लामी वास्तुकला और रोमन वास्तुकला का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।
3. 'जीते गए सभी प्रान्तों में खलीफाओं ने नया प्रशासनिक ढ़ाँचा लागू किया।' यह नया प्रशासनिक ढ़ाँचा किस प्रकार था? वर्णन कीजिए।
4. ''उमय्यद राज्य अब एक साम्राज्यिक शक्ति बन चुका था, अब वह सीधे इस्लाम पर आधारित नहीं था'' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले) उत्तर**

1. 
- शहरों की संख्या में तेजी से वृद्धि।
- इस्लामी सभ्यता का फलना फूलना।
- मुख्य उद्देश्य – अरब सैनिकों (जुंड) को बसाना, कुफा, बसरा, फुस्तात काहिरा, बगदाद और समरकंद जैसे फौजी शहर।
- शहरों के विकास एवम् विस्तार के लिए खाद्यान्न उत्पादन व उद्योगों को बढ़ावा।
- दो प्रकार के भवन समूह – एक मस्जिद (मस्जिद अल जामी) दूसरा केन्द्रीय मंडी (सुक)।
- केन्द्रीय मंडी में दुकानों की कतारें, व्यापारियों के आवास (फंदुक), सर्राफ का कार्यालय, प्रशासकों और विद्ववानों एवम् व्यापारियों के घर।
- मण्डी की प्रत्येक ईकाई की अपनी मस्जिद गिरजाघर अथवा सिनेगोग (यहूदी प्रार्थनाघर)।
- शहर के बाहरी इलाकों में गरीबों के मकान, सब्जी फल के बाजार, काफिलों के ठिकाने, दुकानें आदि।
- शहर की चार दिवारी के बाहर कब्रिस्तान व सराय।
- शहरों के नक्शों में समानता का अभाव।

2. 
- इस्लामी वास्तुकला – धार्मिक इमारतें दुनिया की सबसे बड़ी प्रतीक।
- स्पेन से मध्य एशिया तक फैली मस्जिदें, इबादतगाह तथा मकबरे।
- इमारतें मुसलमानों की आध्यात्मिक तथा व्यावहारिक आवश्यकताओं को अभिव्यक्त करती थीं।
- इस्लाम की पहली शताब्दी में मस्जिद ने एक विशिष्ट वास्तुशिल्पीय स्वरूप प्राप्त कर लिया।
- नखलिस्तानों में मरूस्थली महल।
- महलों का निर्माण रोमन तथा ससानी वास्तुशिल्प के तर्ज पर।
- अब्बासियों द्वारा समरा पानी के बीच एक नए शाही शहर का निर्माण।
- मीनार नए धर्म के अस्तित्व के रूप में।

- रोमन वास्तुकला – सार्वजनिक स्नान गृह रोम के शहरी जीवन की विशेषता।
- रोम के इंजीनियरों द्वारा तीन महाद्वीपों के पार पानी ले जाने के लिए विशाल जल सेतुओं का निर्माण।
- रोम की वास्तुकला अत्यधिक दक्षपूर्ण।
- पत्थरों और ईंटों के टुकाड़ों का प्रयोग। स्तंभों का निर्माण।
- कंक्रीट एवम् डाँटों का प्रयोग। डाँटों का प्रयोग कोलोजियम बनाने में भी।

3.
- खलीफाओं ने नया प्रशासनिक ढ़ाँचा लागू किया।
- अध्यक्ष गवर्नर (अमीर) और कबीलों का मुखिया (अशरफ)
- केंद्रीय राजकोष (बैत अल–माल) में मुसलमानों द्वारा किए जाने वाले कर व धावों से मिलने वाली लूट का हिस्सा।
- खलीफा के सैनिक अधिकतर बेदुइन।
- सैनिक रेगिस्तान के किनारों पर बसे शहरों में शिविरों में रहते थे।
- गैर मुस्लिमों द्वारा खराज व जज़िया कर अदा करना।
- यहूदी और ईसाई संरक्षित घोषित।
- सामुदायिक कार्यों को करने की काफी स्वायत्ता।

4.
- पहले उमय्यद खलीफा द्वारा दमिश्क को राजधानी बनाना।
- बाइजेंटाइन साम्राज्य की राजदरबारी रस्मों और प्रशासनिक संस्थाओं को अपनाना।
- वंशगत उत्तराधिकार की परम्परा प्रारम्भ।
- शासन कला में निपुण।
- प्रशासन में ईसाई सलाहकार, ज़रतुश्त लिपिक और अधिकारी शामिल।
- अरबी सामाजिक पहचान बनाए रखना। अरबी प्रशासन की भाषा।
- इस्लामी सिक्के जारी करना।
- सलीब और अग्नि वेदी के चिन्ह बने सोने के दीनार और चाँदी के दिरहम सिक्के बन्द करना।
- अब्द अल मलिक द्वारा जेरूसलम में 'डोम ऑफ रॉक' बनवाना, जो कि इस्लामी वास्तुकला का पहला बड़ा नमूना।

# विषय – 5
# यायावर साम्राज्य

**स्मरणीय तथ्य**

1. **यायावर समाजों के ऐतिहासिक स्रोत**

- इतिवृत्त
- यात्रा वृतान्त
- नगरीय साहित्यकारों के दस्तावेज
- चीनी, मंगोली, फारसी और अरबी भाषाओं में प्राप्त स्रोत

2. यायावर साम्राज्य की अवधारणा विरोधात्मक प्रतीत होती है, क्योंकि यायावर लोग मूलतः घुमक्कड़ होते हैं। मध्य एशिया के मंगोलों ने पार महाद्वीपीय साम्राज्य की स्थापना की और एक भयानक सैनिक तंत्र और शासन संचालन की प्रभावी पद्धतियों का सूत्रपात किया।

3. मध्य–एशिया के स्टेपी प्रदेश में, तेरहवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में चंगेज खान ने मंगोलों को संगठित किया। मंगोल विविध जन समुदाय का एक निकाय थे जिनमें तातार, खितान, मंचू व तुर्की कबीले शामिल थे। ये लोग पशुपालक, शिकारी संग्राहक थे और कृषि कार्य नहीं करते थे। इन्हें मंगोल कहा गया। नृजातीय और भाषायी संबंधों ने मंगोलों को परस्पर जोड़ रखा था।

4. स्टेपी क्षेत्र में संसाधनों की कमी के कारण मंगोलों तथा मध्य एशिया के यायावरों को व्यापार एवं वस्तु–विनिमय के लिए पड़ोस में स्थित चीन में जाना पड़ता था। चीनी लोगों को यह शिकार किए गए पशु, घोड़े तथा फर देकर बदले में कृषि उत्पाद तथा लोहे के उपकरण लाते थे।

5. 'बर्बर' शब्द यूनानी भाषा के बारबरोस शब्द से उत्पन्न हुआ है जिसका तात्पर्य गैर–यूनानी लोगों से है।

6. यायावर कबीले चीन पर बार–बार आक्रमण करते थे और नगरों को लूट लेते थे। उनके आक्रमणों से चीन की सुरक्षा के लिए चीनी शासकों ने 'महान दीवार' बनाई।

7. चंगेज खान, जिसका प्रारंभिक नाम तेमुज़िन था, 1206 तक उसने अपने शत्रुओं को निर्णायक रूप से पराजित कर दिया था और स्टेपी क्षेत्र का सबसे प्रभावशाली व्यक्ति बन गया। इसीलिए 1206 में कुरिलताई की एक सभा में उसे चंगेज खान 'समुद्री खान' या 'सार्वभौम शासक' की उपाधि के साथ मंगोलों का महानायक घोषित किया गया।

8. **चंगेज खान की सैनिक उपलब्धियाँ**

- सेना में कुशल घुडसवार
- सेना में तीरंदाजी का अद्‌भुत कौशल
- सशक्त एवं अनुशासित सैन्य शक्ति
- घेराबंदी यंत्र
- नेफ्था बमबारी
- अभियानों में हल्के, चल उपस्करों का उपयोग

9. चंगेज़ खान द्वारा सेना का पुनर्गठन – प्राचीन जनजातीय समूहों को विभाजित कर उनके सदस्यों का नवीन सैनिक इकाइयों में विभाजन। तुमन – सेना की सबसे बडी इकाई (दस हजार सैनिको की टुकडी जिसमें अनेक कुल और कबीले के लोग शामिल।

10. नयी सैनिक टुकडियों को, जो उसके चार पुत्रों के अधीन थी, नोयान कहा जाता था।

11. अपने राज्य के दूर दराज के स्थानों में परस्पर सम्पर्क रखने के लिए फुर्तीली हरकारा पद्धति अपनाई। अपेक्षित दूरी पर निर्मित चौकियों में स्वस्थ व बलवान घोड़े तथा घुड़सवार संदेशवाहक तैनात थे, इसके लिए मंगोल अपने घोड़े या अन्य पशुओं का दसवाँ हिस्सा कुबकुर प्रदान करते थे।

12. चंगेज खान ने नवविजित प्रदेशों का शासन अपने चार पुत्रों को सौंप दिया। इस प्रकार चार उलुस का गठन हुआ।

13. तेरहवीं शताब्दी के मध्य तक मंगोलों का एक एकीकृत जनसमूह बन गया था जिन्होंने एक विशाल साम्राज्य का निर्माण किया। उन्होंने अत्यंत जटिल शहरी समाजों पर शासन किया जिनके अपने–अपने इतिहास, संस्कृतियां और नियम थे। अपने साम्राज्य पर राजनीतिक प्रभुत्व होने के बावजूद संख्यात्मक रूप से मंगोल अल्पसंख्यक रहे। अपनी पहचान और विशिष्टता की रक्षा के लिए उन्होंने 'यास' विधि संहिता को अपनाया।

14. 'यास' को प्रारंभिक स्वरूप में यसाक लिखा जाता था। इसे चंगेज खान ने सन् 1206 ई. में कुरिलताई में लागू किया था। इसका अर्थ था – विधि, आज्ञप्ति व आदेश। इसमें प्रशासनिक विनियम हैं जैसे आखेट, सैन्य और डाक प्रणाली का संगठन।

15. मंगोलों के पतन के मूल कारण थे :
    1) उनकी संख्या बहुत कम थी और वह अपनी प्रजा की अपेक्षा कम सभ्य थे।
    2) आपसी विरोध व अपनी सभ्यता को विजित देशों की सभ्यता में मिलाना।
    3) मंगोलों द्वारा अन्य धर्मों को अपनाया जाना।

16. **शासक के रुप में चंगेज खान की उपलब्धियाँ**

- मंगोलों को संगठित करना
- कबीलाई लड़ाई और चीनी शोषण से मुक्ति
- विशाल सेना का संगठन
- फुर्तीली हरकारा पद्धति
- व्यापार के रास्ते एवं बाजारों की पुर्नस्थापना
- बहुजातीय, बहुभाषी, बहुधार्मिक समाज का निर्माण
- पार महाद्वीपीय साम्राज्य की स्थापना

17. अब मंगोलिया एक स्वतंत्र राष्ट्र है, और चंगेज खान एक महान राष्ट्रनायक के रूप में तथा आराध्य शक्ति के रूप में मान्य है।

## निम्नलिखित में से सही उत्तर चुने। (अति लघु प्रश्न – 1 अंक वाले)

1. मंगोलों का प्रमुख व्यवसाय क्या था?
(क) कृषि (ख) पशुपालन एवं शिकारी संग्राहक
(ग) ज्योतिष (घ) शिल्पकारी

2. 'बर्बर' एक यूनानी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है –
(क) हिंसक (ख) शक्तिशाली
(ग) गैर यूनानी (घ) शिकारी

3. चीन की 'महान दीवार' का निर्माण क्यों किया गया?
(क) राज्य की सुंदरता में वृद्धि के लिये।
(ख) व्यापार में वृद्धि के लिये।
(ग) कृषि क्षेत्र में किलेबंदी के लिये।
(घ) यायावर कबीलों के आक्रमण से चीन की सुरक्षा के लिये।

4. चंगेज खान ने चार पुत्रों के अधीन उसकी नई सैनिक टुकड़ियों को क्या कहा जाता था?
(क) नोयान (ख) यास
(ग) हरकारा पद्धति (घ) कुबकुर

5. मंगोलिया में चंगेज खान को किस रुप में मान्यता प्राप्त है?
(क) दार्शनिक के रुप में
(ख) बर्बर शासक के रुप में
(ग) यायावर सम्राट के रुप में
(घ) महान राष्ट्रनायक के रुप में

6. चंगेज खान का प्रारंभिक नाम क्या था?
(क) तेमुजिन (ख) तुगरिल खाँ
(ग) बाधूरचू (घ) इनमें से कोई नहीं

7. मंगोल कबीले के सरदारों की सभी 'कुरिलताई' ने चंगेज खान को किस उपाधि से विभूषित किया?
(क) समुद्री खान (ख) बादशाह खान
(ग) जहांदार खान (घ) जोची खान

### निम्न वाक्यों को पढ़कर सही / गलत के चिन्ह लगाएँ

1. चंगेज खान का प्रारंभिक नाम येसूजेई था।
2. हरकारा पद्धति द्वारा राज्य के दूर–दराज के स्थानों में परस्पर सम्पर्क रखा जाता था।
3. मंगोल शासन बहुजातीय, बहुभाषी और बहुधार्मिक था।
4. 'बर्बर' एक फारसी शब्द है जिसका अर्थ है 'क्रूर'।
5. चंगेज खान ने संकेत किया था कि उसका तीसरा पुत्र ओगोदेई उसका उत्तराधिकारी होगा और उसे महान खान की उपाधि दी जाएगी।

### निम्न प्रश्नों के उत्तर अत्यंत संक्षिप्त रुप में दो।
### (अति लघु प्रश्न – 1 अंक वाले)

1. मध्य एशिया के यायावरों को चीन क्यों जाना पड़ता था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 109)
2. चंगेज खान को किस उपाधि के साथ मंगोलो का महानायक घोषित किया गया?
(NCERT, पृष्ठ सं. 111)
3. मंगोलों द्वारा हरकारा पद्धति के लिये प्रदान किये गये अपने घोड़ों एवं अन्य पशुओं के दसवें हिस्से को क्या कहते थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 116)
4. यायावर लोग मूलतः कौन थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 104)

5. अपनी पहचान एवं विशिष्टता बनाए रखने के लिये मंगोलों ने किस विधि संहिता को अपनाया?
(NCERT, पृष्ठ सं. 119)

6. चंगेज खान की सेना की सबसे बड़ी इकाई क्या कहलाती थी?
(NCERT, पृष्ठ सं. 115)

**लघु प्रश्न (3 अंक वाले)**

1. विजित प्रदेश के लोगों को अपने यायावर शासकों से कोई लगाव नहीं था। इसके लिए उत्तरदायी कारणों को लिखिए।
2. मंगोल कबीलों को नवीन सामाजिक और सैनिक इकाइयों में विभक्त करने की आवश्यकता क्यों अनुभव की गई?
3. मंगोलो के सैनिक प्रबंधन पद्धति क्या थी? उसकी क्या विशेषताएँ थी?
4. चंगेज खान की हरकारा पद्धति क्या थी? उसकी क्या विशेषताएँ थी?
5. चंगेज खान के चार पुत्रों के नाम लिखकर इनके द्वारा शासित प्रदेशों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
6. जमूका कौन था? चंगेज खान ने जमूका को परास्त करने के लिए कौन–सी नीति अपनाई?
7. मंगोलों के इतिहास पर विश्वास न करने के क्या कारण हैं?
8. मंगोलों की सामाजिक स्थिति का उल्लेख कीजिए।
9. चंगेज खान एक महान शासक था इसके क्या कारण थे?

**दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)**

1. चंगेज खान की सैनिक उपलब्धियों का वर्णन कीजिए। उसकी सफलता के क्या कारण थे?
2. 'यास' क्या था? इसके अर्थ में परिवर्तन आने के क्या कारण थे? यास के महत्व की विवेचना कीजिए।
3. मंगोल साम्राज्य के पतन के कारणों का वर्णन कीजिए।
4. चंगेज खान कौन था? चंगेज खान और मंगोलों का विश्व इतिहास में क्या स्थान है? मूल्यांकन कीजिए।

**दीर्घ प्रश्नोत्तर (संकेत बिंदु)**

1. चंगेज खान की सैनिक उपलब्धियाँ
   - कुशल घुड़सवार सेना
   - तीरंदाजी का अद्‌भुत कौशल
   - मौसम की जानकारी
   - घेरा बंदी की नीति
   - नेफ़्था बमबारी की शुरूआत
   - हल्के चल उपरस्करों का निर्माण
   - अन्य उपयुक्त बिन्दु

2. - 'यास' प्रारंभिक स्वरूप में यसाक वह नियम संहिता थी जिसे चंगेज खान ने 1206 में कुरिलताई में लागू किया।
   - अर्थ–विधि, आज्ञप्ति, आदेश।
   - आखेट सैन्य व डाक प्रणाली के संगठन के विनियम।

   **अर्थ में परिवर्तन के कारण :–**

   - 13वीं शताब्दी के मध्य तक मंगोलों द्वारा एकीकृत विशाल साम्राज्य का गठन।
   - उनके द्वारा जटिल शहरी सामाजों पर शासन पर संख्यात्मक रूप में अल्पसंख्यक।
   - अपनी पहचान व विशिष्टता की रक्षा के लिए यास के पवित्र नियम के अविष्कार का दावा।
   - यास को अपने पूर्वज चंगेज खान की विधि संहिता कहकर प्रजा पर लागू करवाया।

   **महत्व :–**

   - यास में समान आस्था रखने वाले मंगोलों को संयुक्त किया।
   - चंगेज व उसके वंशजों की मंगोलों से निकटता स्वीकृत।
   - यास से वंशजों की कबीलाई पहचान बरकरार।
   - पराजित लोगों पर नियम लागू करने का आत्मविश्वास।

- यास चंगेज खान की कल्पना शक्ति से प्रेरित था व विश्व व्यापी मंगोल राज्य की संरचना में सहायक था।

3. मंगोल साम्राज्य का पत्तन

   मंगोलों के पतन के मूल कारण थे :—

   - उनकी संख्या बहुत कम थी वह अपनी प्रजा की अपेक्षा कम सभ्य थे
   - आपसी विरोध व अपनी सभ्यता को विजित देशों की सभ्यता में मिलाना।
   - मंगोलों द्वारा अन्य धर्मों का अपनाया जाना।

     अन्य उपयुक्त बिन्दु।

4. चंगेज खान का जन्म 1162 ई. मंगोलिया, प्रारंभिक नाम तेमुजिन। 1206 ई. में शक्तिशाली जमूका और नेमन लोगों को निर्णायक रूप से पराजित करने के बाद तेमुजिन स्टेपी क्षेत्र की राजनीति में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में उभरा। उसने चंगेज खान, समुद्री खान या 'सार्वभौम शासक' को उपाधि—धारण की और मंगोलों का महानायक घोषित किया गया।

   चंगेज खान और मंगोलों का विश्व इतिहास में स्थान :—

   - मंगोलों के लिए चंगेज खान एक महान शासक था।
   - उसने मंगोलों को संगठित किया।
   - चीनियों द्वारा शोषण से मुक्ति दिलाई।
   - पार महाद्वीपीय साम्राज्य बनाया।
   - व्यापार के रास्ते तथा बाजारों को पुनर्स्थापित किया।
   - इसका शासन बहुजातीय, बहुभाषी, बहुधार्मिक था।
   - अब मंगोलिया एक स्वतंत्र राष्ट्र है और चंगेज खान एक महान राष्ट्रनायक के रूप में तथा अराध्य व्यक्ति के रूप में मान्य है।

# विषय - 6
# तीन वर्ग
# यूरोप-नौवीं और सोलहवीं सदी के मध्य

**स्मरणीय तथ्य**

1. यूरोपीय इतिहास की जानकारी के स्त्रोत – भू–स्वामियों के विवरण, मूल्यों और विधि के मुकद्मों के दस्तावेज जैसे कि चर्च में मिलने वाले जन्म, मृत्यु और विवाह के आलेख। चर्च से प्राप्त अभिलेखों ने व्यापारिक संस्थाओं और गीत व कहानियों द्वारा त्यौहारों व सामुदायिक गतिविधियों का बोध कराया।

2. सामन्तवाद एक तरह के कृषि उत्पादन को दर्शाता है जो सामंतों और कृषकों के संबंधों पर आधारित है। कृषक लार्ड को श्रम सेवा प्रदान करते थे और बदले में वे उन्हें सैनिक सुरक्षा देते थे।

3. सामन्तवाद शब्द जर्मन शब्द फ्यूड से बना है। फ्यूड का अर्थ है – भूमि का टुकड़ा।

4. सामन्तवाद पर सर्वप्रथम काम करने वाले फ्रांसीसी विद्वान मार्क ब्लॉक के द्वारा भूगोल के महत्व पर आधारित मानव इतिहास को गढ़ने पर जोर, जिससे कि लोगों के व्यवहार और रूख को समझा जा सके।

5. **फ्रांसीसी समाज का विभाजन**

- **पादरी**
  - ईसाई समाज का मार्गदर्शन
  - चर्च में धर्मोपदेश
  - भिक्षु :– निश्चित नियमों का पालन
  - धार्मिक समुदायों में रहना
  - आम आदमी से दूर मठों में निवास
- **अभिजात वर्ग**
  - अपनी संपदा पर स्थायी नियंत्रण
  - सैन्य क्षमता
  - न्यायालय लगाने का अधिकार
  - अपनी मुद्रा का प्रचलन
  - नाइट :– अश्वसेना की आवश्यकता के कारण इस वर्ग का उदय।
- **कृषक**
  - **स्वतंत्र किसान**
    - अपनी भूमि को लार्ड के काश्तकार के रूप में देखना।
  - **कृषि दास या सर्फ**
    - लार्ड के भूखण्डों पर कार्य करना।

6. राजा कृषकों पर कभी–कभी एक प्रत्यक्ष कर 'टैली' लगाते थे। पादरी व अभिजात वर्ग इस कर से मुक्त थे।

7. लार्ड की जागीरों पर कृषकों के परिवारों को सप्ताह के तीन या उससे अधिक कुछ दिन काम करना पड़ता था। इस श्रम से होने वाला उत्पादन को 'श्रम अधिशेष' कहा जाता था।

8. कृषि विस्तार के कारण जनसंख्या, व्यापार और नगरों का विस्तार हुआ और एक चौथा वर्ग नगरवासी का उद्भव हुआ।

9. नगरों की स्वतंत्र हवा, वैतनिक कार्य और लार्ड के नियन्त्रण से मुक्ति के कारण सामंती संबंध कमजोर पड़ने लगे।

10. ग्यारहवीं शताब्दी तक यूरोप में विभिन्न प्रौद्योगिकी में बदलाव – लोहे के फालों का प्रयोग, पशुओं को हलों में जोतने के तरीकों में सुधार, पशुओं के खुरों में लोहे के नालों का प्रयोग, दो खेतों वाली फसली व्यवस्था से तीन खेतों वाली व्यवस्था की शुरूआत तथा वायु व जलशक्ति के उपयोग से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

11. चौदहवीं शताब्दी का संकट :– चौदहवीं शताब्दी के आरंभ में यूरोप का आर्थिक विस्तार धीमा पड़ने के कारण (i) मौसम में परिवर्तन पैदावार वाले मौसम छोटे हो गये (ii) गहन जुताई ने भूमि को कमजोर बना दिया (iii) जनसंख्या वृद्धि से उपलब्ध संसाधन कम पड़ना (iv) आस्ट्रिया व सर्बिया में चांदी की खानों के उत्पादन में कमी के कारण धातु मुद्रा में भारी गिरावट – परिणामस्वरूप व्यापार प्रभावित (v) महामारियाँ।

12. राजनीतिक परिवर्तन :– नए शक्तिशाली राज्यों का उदय – संगठित स्थायी सेना, एक स्थायी नौकरशाही और राष्ट्रीय कर प्रणाली स्थापित करने की प्रक्रिया आरंभ।

13. नई शासन व्यवस्था पुरानी व्यवस्था से भिन्न :– शासक अब पिरामिड के शिखर पर नहीं था जहाँ राज भक्ति विश्वास और आपसी निर्भरता पर टिकी थी। वह अब व्यापक दरबारी समाज और आश्रयदाता – अनुयायी तंत्र का केन्द्र बिन्दु था।

**निम्नलिखित में से सही उत्तर चुने। (अति लघु उत्तरीय प्रश्न – 1 अंक वाले)**

1. सामंतवाद जर्मन शब्द 'फ्यूड' से बना है जिसका अर्थ है –

(क) कृषक (ख) आपसी विवाद

(ग) भूमि का एक टुकड़ा (घ) धार्मिक समुदाय

2. लार्ड द्वारा नाइट को दिया गया जाने वाला जमीन का टुकड़ा क्या कहलता था?

(क) फीफ (ग) फ्रायर

(ग) फ्यूड (घ) टैली

3. 'नगरवासी' वर्ग के उदय के क्या कारण थे?

(क) चर्च एवं पादरी की शक्तियों में वृद्धि

(ख) चौदहवीं शताब्दी का संकट

(ग) कृषि विस्तार के कारण जनसंख्या, व्यापार और नगरों का विस्तार

(घ) नए शक्तिशाली राज्यों का उदय।

4. 'श्रेणी' (Guild) शब्द का अभिप्राय है –

(क) भिक्षुओं के रहने का स्थान

(ख) ऐसी संस्था जो उत्पाद की गुणवत्ता, मूल्य एवं बिक्री पर नियंत्रण रखती थी।

(ग) नगरों में रहने वाला व्यापारी वर्ग

(घ) चंद्र पंचाग पर आधारित एक त्योहार

5. चर्च द्वारा कृषक से एक वर्ष के अंतराल में लिया जाने वाला उपज का दसवाँ भाग क्या कहलाता था?

(क) टीथ (ख) ऑबे

(ग) टैली (घ) पैरिश

6. युग्म सुमेलित कीजिए।

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (A) स्पेन | (1) मैक्समिलन |
| (B) इंग्लैण्ड | (2) ईसाबेला और फरडीलेंड |
| (C) फ्रांस | (3) हेनरी सप्तम |
| (D) आस्ट्रिया | (4) लुई ग्यारहवें |

सही विकल्प चुनिए।

(क) (A)–(2), (B)–(3), (C)–(4), (D)–(1)

(ख) (A)–(3), (B)–(1), (C)–(4), (D)–(2)

(ग) (A)–(1), (B)–(2), (C)–(3), (D)–(4)

(घ) (A)–(1), (B)–(2), (C)–(4), (D)–(3)

7. निम्नलिखित कहावत को ठीक करके पुनः लिखें।

सामंतवाद की हवा स्वतंत्र बनाती है।

8. **कथन**– मध्यकालीन यूरोप में कैथोलिक चर्च एक शक्तिशाली संस्था थी।

**कारण**– भिक्षुओं के समूह जिन्हें फ्रायर कहते थे, वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूम–घूम कर लोगों को उपदेश देते थे।
(क) केवल कथन सही है।
(ख) केवल कारण सही है।
(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कथन कारण का स्पष्टीकरण नहीं है।
(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन का स्पष्टीकरण देता है।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न – 1 अंक वाले**

**निम्न प्रश्नों के उत्तर अत्यंत संक्षिप्त रुप में दो –**

1. फ्रायर किन्हे कहा जाता था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 138)
2. दो सबसे प्रसिद्ध मठ कहाँ बनाए गए?
(NCERT, पृष्ठ सं. 138)
3. 'कैथीड्रल नगर' से क्या अभिप्राय है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 146)
4. 'श्रम अधिशेष' किसे कहा जाता  था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 141)
5. ग्यारहवीं शताब्दी में यूरोप के तापमान में क्या परिवर्तन आया और इसका कृषि पर  कैसा प्रभाव पड़ा?
(NCERT, पृष्ठ सं. 142)

**निम्न वाक्यों को पढ़कर सही / गलत के चिन्ह लगाएँ :–**

1. ऑबे शब्द सीरिया के अबा से लिया गया है जिसका अर्थ है 'घर'।
2. फ्रांस के शासकों का लोगों से जुड़ाव एक प्रथा के कारण था जिसे वैसलेज कहते थे।

3. ईसाई धर्म में भिक्षु की जिंदगी केवल पुरुष ही अपना सकते थे।
4. कैथीड्रल कहलाने वाले बड़े चर्चों की खिड़कियों के लिए अभिरंजित काँच का प्रयोग होता था।
5. सामंती व्यवस्था में स्वतंत्र होने की इच्छा रखने वाले अनेक कृषिदास भाग कर जंगलों में छिप जाते थे।

**लघु प्रश्न (3 अंक वाले)**

1. सेन्योर/लार्ड शब्द का क्या अर्थ है? फ्रांसीसी समाज में अभिजात वर्ग की एक विशेष हैसियत थी, उल्लेख कीजिए।
2. मध्यकालीन यूरोप के मठों मे ईसाई भिक्षु कैसा जीवन बिताते थे?
3. नाइट वर्ग का उदय क्यों हुआ? लार्ड तथा नाइट के आपसी संबंधों की संक्षिप्त जानकारी दीजिए।
4. सामंतवाद के अन्तर्गत यूरोप में किसानों की क्या स्थिति थी?
5. आरंभिक यूरोप में कृषि संबंधी समस्याएँ क्या थी? इन समस्याओं का यूरोप पर क्या प्रभाव पड़ा?
6. मेनर प्रणाली क्या थी?
7. फ्रांस के सर्फ और रोम के दास के जीवन की दशा की तुलना कीजिए।
8. यूरोप में विद्यमान सामाजिक असंतोष के क्या कारण थे?
9. मध्यकालीन यूरोप के अंतिम वर्षों में किस नए सामाजिक वर्ग का विकास हुआ? इस वर्ग के विकास के कारण लिखिए।
10. फ्राँस में कैथीड्रल नगर किस प्रकार अस्तित्व में आये?

**दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)**

1. चौदहवीं सदी की शुरूआत तक यूरोप का आर्थिक विस्तार धीमा पड़ गया। ऐसा किन कारणों से हुआ, स्पष्ट कीजिए।
2. 'शासक अब पिरामिड के शिखर पर नहीं था जहाँ राजभक्ति विश्वास और आपसी निर्भरता पर टिकी थी अपितु वह अब दरबारी समाज और आश्रयदाता अनुयायी तंत्र का केन्द्र बिन्दु था'। यूरोप की नई शासन व्यवस्था के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।

3. ग्यारहवीं शताब्दी में यूरोप में होने वाले विभिन्न प्रौद्योगिकी बदलावों की विवेचना कीजिए।

**दीर्घ प्रश्नोत्तर (8 अंक वाले)**

1. • आर्थिक विस्तार धीमा पड़ने के कारण – तेरहवीं सदी के अंत तक उत्तरी यूरोप में तेज ग्रीष्म ऋतु का स्थान ठंडी ग्रीष्म ऋतु ने ले लिया।
   • पैदावार के मौसम छोटे, तूफानों व सागरीय बाढ़ों से फार्म प्रतिष्ठान नष्ट।
   • सरकार को करों से आमदनी में कमी।
   • पहले की गहन जुताई के तीन क्षेत्रीय फसल चक्र से भूमि कमजोर।
   • चरागाहों की कमी से पशुओं की संख्या में कमी।
   • जनसंख्या वृद्धि के कारण उपलब्ध संसाधन कम पड़ना।
   • 1315–1317 में यूरोप में भयंकर अकाल, 1320 ई. में अनेक पशुओं की मौत।
   • आस्ट्रिया व सर्बिया की चाँदी की खानों के उत्पादन में कमी।
   • धातु–मुद्रा में कमी से व्यापार प्रभावित।
   • जल पोतों के साथ चूहे आए जो ब्यूबोनिक प्लेग जैसी महामारी का संक्रमण लाए।
   • लाखों लोग ग्रसित।
   • विनाशलीला के साथ आर्थिक मंदी से सामाजिक विस्थापन हुआ।
   • मजदूरों की संख्या में कमी आई इससे मजदूरी की दर में 250 प्रतिशत तक की वृद्धि।
2. • 12वीं व 13वीं शताब्दी में हुए सामाजिक परिवर्तन नए राजतंत्रों की सफलता का कारण।

- जागीरदारी और सामंतशाही के विलय और धीमे आर्थिक विकास से शासक प्रभावशाली।
- 15वीं 16वीं शताब्दी में शासकों का सैनिक व वित्तीय दृष्टि से शक्तिशाली होना।
- शासकों द्वारा विशाल तोपों व बंदूकों से सुसज्जित सेना का गठन।
- अभिजातों द्वारा राजसत्ता के केन्द्रीयकरण का विरोध, अभिजात वर्ग का विरोध नए शासकों की गोली की शक्ति प्रदर्शन के समक्ष टुकड़े–टुकड़े।
- अभिजात वर्ग ने अपने अस्तित्व को बचाने के लिए स्वयं को राजभक्तों में बदला।
- लार्ड जो पहले शासक थे अब प्रशासनिक सेवाओं में महत्वपूर्ण स्थानों पर।
- शासकों को शक्तिशाली लोगों का समर्थन चाहिए था, धन समर्थन का माध्यम।
- धनी गैर अभिजात (व्यापारी व साहुकार) का दरबार में प्रवेश, राजा को धन उधार।

3.
- लकड़ी के हल के स्थान पर लोहे के भारी नोक वाले हल और साँचेदार पटरे का प्रयोग।
- पशुओं के गले के स्थान पर जुआ अब कंधे पर।
- घोड़े के खुरों पर अब लोहे की नाल का प्रयोग।
- कृषि के लिये वायु और जलशक्ति का प्रयोग।
- संपीडको व चक्कियों में भी वायु तथा जलशक्ति का प्रयोग।
- दो खेतों की व्यवस्था के स्थान पर तीन खेतों वाली व्यवस्था का उपयोग।
- कृषि उत्पादन में तेजी से बढ़ोतरी। भोजन की उपलब्धता दुगुनी।
- कृषकों को बेहतर अवसर।
- जोतों का आकार छोटा। इससे अधिक कुशलता के साथ कृषि कार्य होना व कम श्रम की आवश्यकता।
- कृषकों को अन्य गतिविधियों के लिए समय।

# विषय – 7
# बदलती हुई सांस्कृतिक परम्पराएँ

## स्मरणीय तथ्य

1. **रेनेसां (पुनर्जागरण) शाब्दिक अर्थ–पुर्नजन्म (सांस्कृतिक बदलाव का काल)**

- 14वीं से 16वीं शताब्दी में नगरीय संस्कृतियों का विकास और बड़ी संख्या में पुस्तकों की उपलब्धता
- इटली में सर्वप्रथम मानवतावादी विषयों जैसे इतिहास, दर्शन, नीतिशास्त्र, कविता, व्याकरण आदि का आरंभ
- विनम्रता से बोलने, पहनावे और मानसिक दक्षता पर बल
- वैज्ञानिकों द्वारा आविष्कार और कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध कलाकृतियों की रचना
- चर्च के विषय में मध्ययुगीन सोच में बदलाव
- स्त्रियों की स्वायत्तता, शिक्षा एवं सम्पति के अधिकार पर चर्चा

2. मानवतावादी लोगों का तर्क था कि ''मध्य युग में चर्च ने लोगों की सोच को इस तरह जकड़ कर रखा था कि यूनान और रोमन वासियों का समस्त ज्ञान उनके दिमाग से निकल चुका था।
3. बेल्जियम मूल के एन्ड्रयूज वेसेलियस (1514–1564) पादुआ विश्व विद्यालय में आयुर्विज्ञान के प्रोफेसर थे। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सूक्ष्म परीक्षणों के लिये मानव शरीर की चीर फाड़ प्रारम्भ की।
4. अरबों ने प्लेटो को अफलातून और एरिस्टोटल को अरस्तु कहा था।
5. मानवतावादी मानते थे कि मनुष्य को ईश्वर ने बनाया है, लेकिन उसे अपना जीवन मुक्त रूप से चलाने की पूरी आजादी है। मनुष्य को अपनी खुशी इसी विश्व में वर्तमान में ही ढूँढ़नी चाहिए।
6. मार्टिन लूथर के समकालीन कोपरनिकस (1473–1543) ने खोजकर बताया कि पृथ्वी सहित सारे ग्रह सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं।
7. लियोनार्डो द विन्सी एक चर्चित कलाकार था। इसकी अभिरूचि वनस्पति विज्ञान, शरीर रचना विज्ञान से लेकर गणित शास्त्र और कला तक विस्तृत थी इन्होंने ही मोना लीसा और द लास्ट सपर जैसे चित्रों की रचना की थी।
8. जर्मन निवासी जोहानेस गूटेन बर्ग ने सबसे पहले छापे खाने का आविष्कार किया उसने सर्वप्रथम बाईबल की 150 प्रतियाँ छापी।
9. इंग्लैंड के शासकों ने रोम के पोप से सम्बन्ध तोड़ दिए और वे इंग्लैंड के चर्च के प्रमुख बन गए थे।
10. ईसाई धर्म के अन्तर्गत मतभेद, पाप स्वीकारोक्ति दस्तावेज की आलोचना, चर्च द्वारा लगाये गए नए करो का विरोध।

11. कैथोलिक चर्च ने भी अनेक सुधार किये सादे जीवन और निर्धनों की सेवा पर जोर दिया।
12. गैलीलियों इटली का एक महान वैज्ञानिक था उसने दूरबीन यन्त्र का आविष्कार किया और खगोल शास्त्र के अनेक तथ्यों और रहस्यों का पता लगाया।
13. रेशम मार्ग की खोज से इटली के नगर अनेक स्वतंत्र नगर राज्यों के समूह के रूप में अपने आप को देखने लगे।
14. निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों का उद्भव।
15. बाइज़ेंटाइन साम्राज्य और इस्लामी देश तथा बारहवीं शताब्दी में मंगोलों और चीन के बीच व्यापार बढ़ने से इटली के नगरों का मुख्य रूप से पुनरूत्थान।
16. स्पेन में प्रोटैस्टेंट लोगों से संघर्ष करने के लिए इग्नेशियस लोयोला ने सन् 1540 ई. में 'सोसाइटी ऑफ जीसस' नामक संस्था का स्थापना की।

**बहुविकल्पीय प्रश्न (1 अंक वाले)**

1. 'द लास्ट सपर' चित्र बनाने वाले कलाकार का नाम क्या था?
(क) लियोनार्डो द विंची (ख) माइकल एन्जिलो
(ग) गुटेनबर्ग (घ) पेट्रार्क

2. गुटेनबर्ग द्वारा 1455 में सबसे पहले अपने छापेखाने में क्या छापा गया?
(क) मानवतावादी विषयों की पुस्तकें
(ख) आर्युविज्ञान विश्वकोष
(ग) बाईबल की 150 प्रतियाँ
(घ) मैक्यिावेली का प्रसिद्ध ग्रंथ 'द प्रिंस'

3. मार्टिन लूथर द्वारा आरंभ कियागया कैथलिक चर्च के विरूद्ध अभियान क्या कहलाया?
(क) रेनेसां (ख) प्रोटेस्टेट सुधारवाद
(ग) पाप स्वीकारोक्ति (घ) अमूल परिर्वतनवादी

4. कोपरनिक्स ने किस सत्य की घोषणा की?
(क) पृथ्वी समेत सारे ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।
(ख) पृथ्वी पापों से भरी है इसलिए स्थिर है।
(ग) पाप स्वीकारोक्ति से सभी पापों से छुटकारा मिल जाता है।
(घ) ईश्वर ने मनुष्य को अपना जीवन मुक्त रूप से चलाने की आजादी दी है।

5. 'सोसायटी ऑफ जीसस' क्या थी?
(क) मानवतावादी विचारों की संस्था
(ख) कैथलिक चर्च द्वारा आंतरिक सुधार के लिए बनाई गई संस्था
(ग) इटली के विश्वविद्यालयों के विधिशास्त्र के केन्द्र
(घ) फेदेले द्वारा निर्मित स्त्रियों के अधिकारों पर बात करने वाली संस्था

6. 'जेसुइट' कौन थे?
(क) इटली के पादरी (ख) सोसायती ऑफ जीसस के अनुयायी
(ग) प्रौटैस्टेंट ईसाई वर्ग (घ) इनमें से कोई नहीं

7. भिक्षुक मार्टिन लूथर किस देश के निवासी थे?
(क) फ्रांस (ख) इंग्लैंड
(ग) जर्मनी (घ) इनमें से कोई नहीं

**अति संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न (1 अंक)**

1. 'द पाइटा' नामक कृति किसने और कहाँ बनाई?
(NCERT, पृष्ठ सं. 159)
2. फेदेले ने 'मार्चिसा ईसाबेल द इस्ते' का वर्णन किस रूप में किया है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 162)
3. 'न्यू टेस्टामेंट' क्या है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 164)
4. 'रेनेसाँ व्यक्ति' शब्द का प्रयोग किस के लिये किया जाता है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 141)
5. यर्थाथवाद से क्या अभिप्राय है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 159)
6. फ्लोरेंस की प्रसिद्धि में किन दो लोगों का हाथ था?
(NCERT, पृष्ठ सं. 156)
7. फेदेले द्वारा स्त्रियों की शिक्षा पर जोर देने की तर्ज में ही वर्तमान में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कोई नारा लिखिए।

उ० कोई भी मान्य नारा।

**निम्न वाक्यों को पढ़कर सही / गलत के चिन्ह लगाएँ :–**

1. 'दि सिविलाईजेशन ऑफ दि रेनेसाँ इन इटली' नामक पुस्तक के लेखक बर्कहार्ट हैं।

2. जब मंगोलों ने चीन के साथ 'रेशम मार्ग' से व्यापार आरंभ किया तो पश्चिमी यूरोपीय देशों का व्यापार बंद हो गया।
3. 15वीं शताब्दी में रोम नगर भव्य रूप से पुनर्जीवित हो गया।
4. कासान्द्रा फेदेले स्त्री शिक्षा के विरूद्ध थी।
5. सन् 1517 में एक युवा जर्मन भिक्षु मार्टिन लूथर ने कैथलिक चर्च के पक्ष में अभियान छेड़ा।

### लधु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले)

1. पुनर्जागरण के चार प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।
2. विज्ञान और दर्शन के क्षेत्र में अरबियों के योगदान की व्याख्या कीजिए।
3. मानवता वादी विचारों के क्या अभिलक्षण थे?
4. धर्म सुधार आन्दोलन के मुख्य उद्देश्यों को वर्णित कीजिए।
5. मार्टिन लूथर कौन था? उसने पोप के विरूद्ध विद्रोह क्यों किया?
6. कोपरनिकसीय क्रान्ति क्या थी?
7. वैज्ञानिक क्रान्ति क्या थी? इसका लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा?
8. पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को उचित स्थान कैसे मिल सकता है?
9. मुद्रित पुस्तक उपलब्ध होने के क्या लाभ हुए?
10. पुनर्जागरण ने साहित्य को किस प्रकार प्रभावित किया था?
11. 1429 ई. से 1520 ई. के बीच कौन–कौन सी भौगोलिक खोजे हुई थी?

### दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)

1. चौदहवीं और सत्रहवीं शताब्दी के मध्य यूरोपीय सभ्यता में आए परिवर्तन और विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
2. इसाई धर्म के अंतर्गत वाद–विवाद क्यों हुआ और इसके क्या परिणाम हुए?
3. सोलहवीं शताब्दी में महिलाओं की स्थिति का वर्णन कीजिए।

### दीर्घ प्रश्नोत्तर

1. नगरों की संख्या में वृद्धि हो रही थी। नगरीय सभ्यता का विकास हो रहा था। फ्लोरेन्स, वेनिस और रोम, कला और विद्या के केन्द्र बन गए।

राजाओं और चर्च ने नगरों को कुछ स्वायत्ता दे दी थी। अमीर और अभिजात वर्ग कलाकारों को सहायता प्रदान करते थे। मुद्रण (छाप खाना) के आविष्कार से पुस्तकें लोगों को प्राप्त होने लगी। प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार धर्म चुन सकता था। पुस्तकें छपने से लोगों के ज्ञान में वृद्धि होने लगी थी। भूमध्य सागर विश्व का केन्द्र है, यह विचार गलत सिद्ध हो चुका था।

2. अनावश्यक कर्म कांडों को त्यागने को कहा।

   ईसाइयों को अपने पुराने धर्म ग्रन्थों के तरीकों से धर्म का पालन करने का आह्वान किया। मानव को एक मुक्त विवेकपूर्ण कर्ता माना गया। मनुष्य को अपना जीवन मुक्त रूप से चलाने की पूरी स्वतन्त्रता है। पाप स्वीकारोक्ति दस्तावेज की आलोचना की गई। बाईबिल का स्थानीय भाषा में अनुवाद होने से लोगों का पता चला कि धन लूटने वाली प्रथाएं धर्म के अनुकूल नहीं है।

   चर्च द्वारा किसानों पर लगाए गए करों का विरोध किया गया। राजा भी चर्च द्वारा राज्य के कार्य में हस्तक्षेप से नाराज थे।

3. महिलाओं को कारोबार में परामर्श आदि देने का अधिकार नहीं था। दहेज का प्रबंध न होने के कारण लड़कियों को भिक्षुणी बना दिया जाता था। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी कम थी।

   व्यापारी परिवारों में महिलाओं को दुकानों को चलाने का अधिकार था। कुछ महिलाओं ने बौद्धिक रूप से रचनात्मक कार्य किये जैसे : वेनिस निवासी कसान्द्रा फेदले जो यूनानी और लातिनी भाषा की विद्धवान थी।

   मंटुआ की मार्चिसा ईसाबेला दि इस्ते जिन्होंने अपने पति की अनुपस्थिति में अपने राज्य पर शासन किया।

# विषय – 8
# संस्कृतियों का टकराव

**स्मरणीय तथ्य**

1. यूरोपवासियों द्वारा अज्ञात महासागरों में साहसपूर्ण अभियान जहाँ से वे मसालें एवं चाँदी प्राप्त कर सकते थे।
2. इस काम को सर्वप्रथम स्पेन और पुर्तगाल निवासियों ने किया। उन्होंने पोप से उन प्रदेशों पर शासन करने का अनन्य अधिकार प्राप्त कर लिया।
3. अमरीका के मूल निवासियों तथा यूरोप वासियों के बीच मुठभेड़ हुई। यूरोप वासियों ने अमरीकी लोगों की पाण्डुलिपि और स्मारको को नष्ट कर दिया।
4. कैरीबियन सागर स्थित छोटे सैकड़ों द्वीप समुहों और बृहतर ऐंटिलीज में अरावाकी समुदाय के लोग रहते थे। ये लोग अमरीका के मूल निवासी थे।
5. अरावाकी लोगों का व्यवहार इतना उदार था कि वे सोने की तलाश में स्पेनी लोगों का साथ देने को तैयार हो गये।
6. तुपिनांबा–दक्षिणी अमरीका के पूर्वी तट पर ब्राजील नामक पेड़ों के जंगलों में बसे हुए गाँवों में रहने वाले लोग।

7.




8. विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों ने यूरोपवासियों की साहसिक खोजों के लिए प्रेरणा दी। यूरोप की अर्थव्यवस्था में गिरावट तथा ईसाई धर्म के प्रसार की इच्छा ने भी इन यात्राओं को प्रेरित किया।

9. क्रिस्टोफर, कोलम्बस, एक स्वयं शिक्षित व्यक्ति एक छोटा बेड़ा जिसमें सांता मारिया और दो कैरेवल – पिंटा और नीना थे को लेकर कैरीबियन सागर में स्थित 'बहामा' द्वीप समूह के गुआनाहानि पहुंचा जिसे उसने भारत समझा था।

11. स्पेनी साम्राज्य का विस्तार बारूद और घोड़ो के प्रयोग पर आधारित सैन्य शक्ति के आधार पर हुआ। स्पेनी लोगों द्वारा दमन और महामारियों ने अमरीका के मूल निवासियों को विनाश की ओर धकेला।

12. कोर्टेस ने दो वर्षों के भीतर मैक्सिको पर अधिकार कर लिया। एजटेको की स्पेनियों के साथ लड़ाई में 600 अत्याचारी विजेता और उतने ही ट्लैक्सकलान के लोग मारे गये। हत्याकांड की इस रात को आँसूभरी रात के नाम से जाना जाता है।

13. पिजारो एक गरीब व अनपढ़, सेना में भर्ती होकर कैरीबियन द्वीप समुह पहुँचा। उसने सुन रखा था कि इंका राज्य सोने और चाँदी को देश है। स्पेन के राजा के समर्थन में पिजारो ने इंका राज्य को जीता।

14. पुर्तगालवासी कैब्राल ने टिम्बर के लालच में ब्राजील पर प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया।

15. अमरीका की खोज से सोने व चाँदी की बाढ़ सी आ गई। इस अधिकता ने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और औद्योगिकरण का विकास।

16. उत्तरी अमरीका व दक्षिणी अमरीका के मूल निवासियों के लिए इन अभियानों के परिणाम – मार काट के कारण मूलनिवासियों की जनसंख्या में कमी, उनकी जीवन शैली का विनाश, गुलाम बनाकर खानो, बागानों और कारखानों में काम लिया जाने लगा।

21. एजटेक और इंका सभ्यता का अन्त – पूँजीवाद का प्रादुर्भाव।

22. नई आर्थिक गतिविधियों का आरम्भ – जंगलों का सफाया, भूमि पर पशुपालन, सोने की खोज से खानो का काम आरम्भ। इन सब कार्यों के लिए सस्ते श्रम की मांग – दास प्रथा के कारण अफ्रीकी गुलामों का आयात आरम्भ।

**बहुविकल्पीय प्रश्न (1 अंक)**

1. 'चिनाम्पा' शब्द का क्या अर्थ है?
   (क) इंका सभ्यता का पिरामिडनुमा ढाँचा
   (ख) सरकंडे की चटाइयों से बने कृत्रिम टापू
   (ग) अरावाक लोगों द्वारा बनाए गए झूले
   (घ) एजटेक सभ्यता के कुलीन वर्ग के बच्चों के स्कूल

2. अरावाकी लोग खुले समुद्र में यात्रा किस प्रकार करते थे?
(क) बड़े समुद्री जहाजों के द्वारा
(ख) लकड़ी की मजबूत नौकाओं द्वारा
(ग) पेड़ के खोखले तनों से बनी डोंगियों द्वारा
(घ) धातु के बने छोटे जहाजों द्वारा

3. माया सभ्यता का मुख्य आर्थिक आधार क्या था?
(क) पशुपालन (ख) मक्के की खेती
(ग) अन्य देशों के साथ व्यापार (घ) फल एवं सब्जियों का उत्पादन

4. कोलबंस भारत को खोजता हुआ किस द्वीप पर पहुँच गया?
(क) आईबेरियाई प्रायद्वीप (ख) प्रशांत द्वीपसमूह
(ग) कैरीबियन द्वीपसमूह (घ) बहामा द्वीपसमूह का गुआनाहानि द्वीप

5. 1477 में टॉलेमी की किस पुस्तक ने यूरोपवासियों की दुनिया के बारे में जानकारी बढ़ाई?
(क) कैपिटलिज्म एंड स्लेवरी (ख) ट्रू हिस्टी ऑफ मैक्सिको
(ग) ज्योग्राफी (घ) इमगो मुंडी

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1 अंक)**

1. कोर्टेस कौन था और उसने किस क्षेत्र पर विजय प्राप्त की?
(NCERT, पृष्ठ सं. 178)
2. इंका लोग भवन निर्माण में खण्डों को सुंदर रूप देने के लिए किस पद्धति का प्रयोग करते थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 172)
3. क्विपु से क्या अभिप्राय है?
(NCERT, पृष्ठ सं. 173)
4. एजटेक सभ्यता में कुलीन वर्ग के बच्चे कहाँ भर्ती किए जाते थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 171)
5. माया सभ्यता की लिपि किस प्रकार की थी?
(NCERT, पृष्ठ सं. 172)
6. पिजारो कौन था और उसने किस क्षेत्र पर कब्जा किया ?
(NCERT, पृष्ठ सं. 180)

7. स्पेनवासियों के शक्तिशाली होने के पीछे क्या कारण थे?
(NCERT, पृष्ठ सं. 177)

8. इंका सभ्यता में प्रजाजन को कौन सी भाषा बोलनी पड़ती थी?
(NCERT, पृष्ठ सं. 172)

**निम्न वाक्यों को पढ़कर सही / गलत के चिन्ह लगाएँ :–**

1. अमेरिका का नामकरण फ्लोरेंस के एक भूगोलवेत्ता अमेरिगो वेस्पुस्सी के नाम पर किया गया।
2. अरावक लोग लड़ने के बजाय बातचीत से झगड़ा निपटाना अधिक पसंद करते थे।
3. एजटेक सभ्यता में तेपोकल्ली स्कूल कुलीन वर्ग के बच्चों के लिए होते थे।
4. टॉलेमी ने अपनी पुस्तक ज्योग्राफी में महासागरों की चौड़ाई को बिल्कुल सटीक आँका।
5. सन् 1192 में जब कोलबंस बहामा द्वीपसमूह के गुआनाहानि द्वीप पहुँचा तो उसने इसे भारत समझा।

**लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले)**

1. अरावाको और स्पेन वासियों के बीच पाये जाने वाले अन्तरों को स्पष्ट कीजिए। इनमें से कौन–से अन्तरों को आप सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं?
2. आप किस प्रकार कह सकते हैं कि एजटेक समाज श्रेणीबद्ध था?
3. माया संस्कृति की मुख्य विशेषताएं लिखिए।
4. 'इंका साम्राज्य अत्यन्त केन्द्रीकृत था।' इस कथन की विवेचना कीजिए।
5. ऐसे कौन–से कारण थे जिनसे 15वीं शताब्दी में यूरोपीय नौचालन को सहायता मिली?
6. एजेटक लोग किस प्रकार शिक्षा के प्रति जागरूक थे? विवेचना कीजिए।
7. कोर्टेस ने एजटेक पर किस प्रकार अपना अधिकार स्थापित किया?
8. क्रिस्टोफर कोलम्बस कौन था? उसकी गुआनाहानि तक की यात्रा का वर्णन कीजिए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (8 अंक वाले)

1. खोज यात्राओं के क्या परिणाम निकले? उपनिवेशीकरण और दास व्यापार के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।
2. कैब्राल किस प्रकार संयोगवश ब्राजील पहुँचा? उसने ब्राजील के संसाधनों का किस प्रकार दोहन किया? इसके प्रति ब्राजील वासियों की प्रतिक्रिया क्या थी?
3. अमरीका में स्पेन के साम्राज्य की स्थापना किस प्रकार हुई? वर्णन कीजिए।

## दीर्घ प्रश्नोत्तर

1. खोज यात्राओं के परिणाम
   - अमरीका महाद्वीप की खोज हुई जिसके कारण विश्वव्यापी व्यापार को प्रोत्साहन मिला।
   - भारत जाने के एक नवीन मार्ग की खोज हुई।
   - यूरोप के अनेक देशों इंग्लैंड, फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल आदि में उपनिवेश बनाने और साम्राज्य स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा हुई।
   - अमरीका में यूरोपीय सभ्यता फैलने लगी तथा इसाई धर्म के प्रचार में वृद्धि।

   <u>उपनिवेशीकरण और दास व्यापार</u>
   - अमरीका के मूलनिवासियों को गुलाम बनाकर खानो, बगानों और कारखानों में काम लिया जाने लगा।
   - इसके साथ–2 वहाँ उत्पादन की पूँजीवादी प्रणाली का प्रादुर्भाव हुआ।
   - नई–नई आर्थिक गतिविधियों जोरों से शुरू हो गई। जंगलों की सफाई करके प्राप्त भूमि पर पशुपालन किया जाने लगा।
   - सभी कामों के लिए सस्ते श्रम की मांग।
2. कैब्राल और ब्राजील
   - कैब्राल ने तुफानी समुद्रों से बचने के लिए पश्चिमी अफ्रीका का एक बड़ा चक्कर लगाया वह उस प्रदेश के समुद्र तट पर पहुँच गया, जिसे वर्तमान में ब्राजील कहा जाता है। इस प्रकार कैब्राल संयोगवश ब्राजील पहुँचा।
   - ब्राजील में एक प्राकृतिक संसाधन टिम्बर, इमारती लकड़ी का भरपूर पुर्तगालवासियों ने फायदा उठाया।

- ब्राजील के निवासी लोहे के चाकू छुरियों और आरियों के बदले में पेड़ों को काटकर उनके लठ्ठे बनाकर जहाजों तक ले जाने के लिए तैयार हो गये।

<u>ब्राजील वासियों की प्रतिक्रिया :</u>

- मूल निवासियों ने फ्रांसीसी पादरी से कहा कि जिस भूमि ने तुम्हें पालपोस कर बड़ा किया क्या वह तुम्हारे बच्चों को पेट भरने के लिए पर्याप्त नहीं है?
- चीनी मिल मालिकों ने काम करने से इंकार करने पर उन्हें गुलाम बनाना शुरू किया।

3. अमरीका में स्पेन के साम्राज्य की स्थापना।

- स्पेनी साम्राज्य का विस्तार बारूद और घोड़ो के प्रयोग पर आधारित सैन्य शक्ति की बदौलत हुआ।
- प्रारम्भ में 'खोज' के बाद छोटी बस्तियाँ बसानी पड़ती थी। जिसमें रहने वाले स्पेनी लोग स्थानीय मजदूरो पर निगरानी रखते थे।
- स्थानीय प्रधानों को सोने के नये—नये स्रोत खोजने के लिए भर्ती।
- सैनिक दमन और बेगार का तांडव।
- महामारी विशेषतः चेचक ने अरावाक लोगों पर कहर ढ़ाह दिया क्योंकि उनमें प्रतिरोध क्षमता नहीं थी।
- स्थानीय लोगों द्वारा मानना कि बीमारी का कारण स्पेनियों द्वारा चलाई जाने वाली अदृश्य गोलियाँ थीं।
- स्पेनवासियों ने इस क्षेत्र के दो बड़े साम्राज्यों को जीतकर अपने कब्जे में कर लिया।
- यह काम हरमन कोर्टेस और फ्रांसिस्को पिजारों का था।
- उनके अभियानों का खर्चा, स्पेन के जमींदारों नगर परिषदों के अधिकारियों और अभिजातों ने उठाया।

# विषय – 9
# औद्योगिक क्रान्ति

**स्मरणीय तथ्य**

1. ब्रिटेन में 1780 के दशक और 1850 के दशक के बीच उद्योग और अर्थव्यवस्था का जो रूपांतरण हुआ उसे प्रथम औद्योगिक क्रान्ति कहा जाता है।
2. दूसरी औद्योगिक क्रान्ति 1850 के दशक के बाद आई और उसमें रसायन और बिजली जैसे नये औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार।
3. मशीनों तथा तकनीको ने पहले की हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योगों की तुलना में भारी पैमाने पर माल के उत्पादन को सम्भव बनाया।
4. 1780 के दशक से 1820 के दशक के दौरान कपास और लोहा उद्योग, कोयला खनन, सड़कों और नहरो के निर्माण और विदेशी व्यापार में उल्लेखनीय प्रगति।
5. **औद्योगिक क्रान्ति के प्रतिदृष्टिकोण** – इस शब्द का प्रयोग यूरोपीय विद्वानों जैसे जार्जिश मिशले (फ्रांस) और फ्राइड्रिक एंजेल्स (जर्मनी) द्वारा किया गया। अंग्रेजी में इस शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम दार्शिनिक एवं अर्थशास्त्री ऑरनॉल्ड टॉयनबी द्वारा उन परिवर्तनों का वर्णन करने के लिए किया गया, जो ब्रिटेन के औद्योगिक विकास में 1760 और 1820 के बीच हुए।
6. ब्रिटेन पहला देश था जिसने सर्वप्रथम औद्योगीकरण का अनुभव किया। इसके कारण ब्रिटेन की राजनैतिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था, मुद्रा प्रणाली, बाजार व्यवस्था, एक ही प्रकार की मुद्रा का प्रयोग।
7. **कृषि क्रान्ति** – यह क्रान्ति एक ऐसी प्रक्रिया थी जिसके द्वारा बड़े जमींदारों ने अपनी सम्पत्तियों के पास छोटे खेत खरीद लिए और गाँव की सार्वजनिक भूमि को कब्जा लिया और बड़ी–2 भू–सम्पदाए बना ली जिससे खाद्य उत्पादन में वृद्धि हुई।
8. **लंदन का महत्व** – इंग्लैण्ड, अफ्रीका तथा वेस्टइंडीज के बीच त्रिकोणीय व्यापार का केन्द्र बना।
9. ब्रिटेन में औद्योगीकरण के कारण गाँव से आये गरीब लोग नगरों में काम करने के लिए उपलब्ध, उद्योग स्थापना हेतू ऋण राशि उपलब्ध करने के लिए बैंक, अच्छी परिवहन व्यवस्था।
10. 1709 में प्रथम अब्राहम डर्बी ने धमन भट्टी का आविष्कार, द्वितीय डर्बी द्वारा ढ़लवाँ लोहे से पिटवाँ लोहे का विकास तृतीय डर्बी ने 1779 में विश्व में पहला लोहे का पुल बनाया।

11. **भाप की शक्ति का प्रयोग** – ब्रिटेन के उद्योग में शक्ति के एक नए स्रोत के रूप में भाप का व्यापक रूप से प्रयोग से जहाजो और रेलगाड़ियों द्वारा परिवहन की गति काफी तेज हो गई। ब्लचर – 1814 में एक रेलवे इंजीनियर जार्ज स्टीफेन सन द्वारा बनाया गया एक रेल इंजन। भाप की शक्ति का प्रयोग सबसे पहले खनन उद्योग में किया गया।

12. 1761 ई. में जेम्स ब्रिडली द्वारा इंग्लैण्ड में पहली नहर 'वर्सली कैनाल' बनाई गई। इस नहर का प्रयोग कोयला भंडारों से शहर तक कोयला ले जाने के लिए किया जाता था। 1788–1796 ई० तक आठ वर्ष की अवधि को 'नहरोन्माद' के नाम से पुकारा जाता है। 46 नहरों के निर्माण की नई परियोजना हाथ में ली गई।

13. इन वर्षों के दौरान प्रतिभाशाली व्यक्तियों द्वारा क्रान्तिकारी परिवर्तन – धन, माल, आय, सेवाओं, ज्ञान और उत्पादकता कुशलता के रूप में अचानक वृद्धि होना।

    **औद्योगीकरण से नुकसान** – परिवारों में बिखराव, रोजगार के तलाश में गाँवों से शहरों में लोगों का पलायन, शहरों का रूप विकृत होना।

14. ब्रिटेन को औद्योगीकरण की कितनी मानवीय और भौतिक कीमत चुकानी पड़ी – गरीब मजदूर खासकर बच्चों की दुर्दशा, पर्यावरण का क्षय और हैजा तथा तपेदिक की बीमारियाँ।

15. **समाजवाद** – उत्पादन का एक विशिष्ट सिद्धान्त जिसके अन्तर्गत उत्पादन के साधनों पर सम्पूर्ण समाज का स्वामित्व कायम रहता है।

    **पूँजीवाद** – इस व्यवस्था के अन्तर्गत उत्पादन के साधनों पर केवल व्यक्ति का स्वामित्व कायम रहता है।

16. औद्योगिक क्रान्ति के प्रभाव बच्चों तथा औरतों पर नकारात्मक रहे। शैशव अवस्था में बच्चों की मौत, घिनौनी व गन्दी बस्तियों में रहना, कम मजदूरी, काम के घंटो की अधिकता।

17. बच्चों और औरतों की दशा सुधारने के लिए कानून–1833, 1842 खान और कोयला खान अधिनियम (10 वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा स्त्रियों से खानों में काम लेने पर प्रतिबन्ध। 1847 का अधिनियम–फील्डर्स फैक्ट्री अधिनियम (18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों व स्त्रियों से 10 घण्टे से अधिक काम लेने पर पाबन्दी)।

18. 1795 में ब्रिटेन की संसद ने जुड़वा अधिनियम पारित किये। कार्न लॉज (अनाज के कानून) का समर्थन। चकबन्दी ने मजदूरों को बेरोजगार बनाया। उन्होंने अपना गुस्सा मशीनों पर निकाला। बहुत बड़े पैमाने पर मशीनों में तोड़फोड़ करना।

19. जनरल नेड लुड के नेतृत्व में लुडिज्म आन्दोलन चलाया गया। ये मशीनों की तोड़फोड़ में विश्वास नहीं करते थे बल्कि इसके अनुनायियों ने न्यूनतम मजदूरी, औरतों तथा बाल मजदूरी पर नियन्त्रण, बेरोजगारों के लिए काम तथा कानूनी तौर पर मजदूर संघ (ट्रेड यूनियन) बनाने के अधिकार की माँग की।

20. औद्योगिक क्रान्ति के फलस्वरूप समाज में दो प्रकार के वर्गो का निर्माण हुआ। (i) मालिक (ii) मजदूर वर्ग। कुटीर व लघु उद्योग धन्धों का विनाश होने से बेरोजगारी बढ़ी। केवल पूँजीपति वर्ग को लाभ हुआ।

21. **इंग्लैंड में औद्योगीकरण के कारण**

- जनसंख्या में वृद्धि
- अच्छी परिवहन व्यवस्था
- बैकों की भूमिका
- रेल परिवहन का विस्तार
- लंदन का महत्त्वपूर्ण नगर तथा व्यापार का केन्द्र बनाना
- कोयला और लौह–अयस्क की उपलब्धता
- सीसा, ताँबा और राँगा (टिन) की उपलब्धता

22. **कपड़ा (कपास) उद्योग से संबंधित आविश्कारक**

- उड़न तुरी करघा (आविष्कारक – जॉन)
- कताई मशीन (आविष्कारक – जेम्स हरग्रीव्ज)
- वॉटर फ्रेम (आविष्कारक – रिचर्ड आर्कराइट)
- पॉवरलूम या शक्तिचालित करघा (आविष्कारक – एडमंड कार्टराइट)
- म्यूल (आविष्कारक – सैम्यूअल क्रॉम्प्टन)

23. **औद्योगिक क्रान्ति के सामाजिक तथा आर्थिक प्रभाव**

- बेकारी में वृद्धि
- नवीन वर्गों का जन्म
- भूमिहीन मजदूरों की संख्या में वृद्धि
- राष्ट्रीय आय में वृद्धि
- कुटीर उद्योगों का अंत
- नवीन औद्योगिक नगरों की स्थापना
- छोटे कारीगरों का मजदूर बनना
- अधिक तथा सस्ता माल
- स्त्रियों तथा छोटे बच्चों का शोषण
- मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव

24. **ब्रिटेन की सरकार द्वारा श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए उठाए गए कदम**

| खान और कोयला खान अधिनियम | फील्डर्स फैक्टरी अधिनियम | 1819 का कानून | 1833 का अधिनियम | दस घंटा विधेयक |
|---|---|---|---|---|
| दस वर्ष से कम आयु के बच्चों और स्त्रियों से खानों में काम लेने पर रोक | अठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों से या स्त्रियों से दस घंटे से अधिक काम न लिया जाए | नौ वर्ष से कम आयु वाले बच्चों से फैक्ट्रियों में काम करवाने पर रोक | नौ वर्ष से कम आयु वाले बच्चे को केवल रेशम की फैक्ट्रियों में काम पर लगाने की अनुमति | स्त्रियों और युवकों के लिए काम 10 घंटे तक करना निश्चित कर दिया। |

## निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर दें

1. 'औद्योगिक क्रान्ति' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम अंग्रेजी में किस विद्वान ने किया था?

   (क) जॉर्जिस मिशेल (ख) क्राँइड्रिक एंजेल्स

   (ग) टी. एस. एश्टन (घ) आग्नॉल्ड टॉयनवी

2. धमन भट्टी का आविष्कार निम्न में से किसने किया?

   (क) अब्राहम डर्वी–I (ख) हेनरी कोर्ट

   (ग) जोन विल्किनसन (घ) डर्वी–III

3. मजबूत और बढ़िया धागा बनाने वाली मशीन 'म्यूल' का आविष्कारक निम्न में से कौन था?

   (क) जॉन के (ख) जेम्स हरग्रीव्ज़

   (ग) सैम्यूअल क्राम्टन (घ) रिचर्ड आकिराडर

4. हार्ड टाइम्स (Hard Times) नामक उपन्यास के लेखक निम्न में से कौन है?

   (क) चार्ल्स डिकन्स (ख) एडर्नड कार्पेटर

   (ग) डी. एच. लॉरेन्स (घ) नेड लुड

5. बैंक ऑफ इंग्लैण्ड (Bank of England) की स्थापना कब हुई?

   (क) 1800 ई. (ख) 1820 ई.

   (ग) 1694 ई. (घ) 1784 ई.

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें

1. औद्योगिक क्रान्ति के दौरान इंग्लैण्ड में .................. का शासन था।
2. अश्व शक्ति .................. है।

3. ................आधुनिक औद्योगीकरण अनुभव करने वाला प्रथम देश है।
4. कताई मशीन का आविष्कार ........................ ने किया।
5. वाटर फ्रेम का आविष्कार ........................ ने किया।

**निम्नलिखित शब्दों को स्पष्ट कीजिए**

1. 'प्रथम औद्योगिक क्रान्ति
   (NCERT, पृष्ठ सं. 196)
2. नहरोन्माद
   (NCERT, पृष्ठ सं. 203)
3. लुडिज्म
   (NCERT, पृष्ठ सं. 209)
4. जुडवाँ अधिनियम
   (NCERT, पृष्ठ सं. 208)
5. पीटर लू नरसंहार
   (NCERT, पृष्ठ सं. 209)

**लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले)**

1. नहर और रेलवे के सापेक्षिक लाभों को वर्णित कीजिए।
2. औद्योगिक क्रान्ति की शुरूआत सर्वप्रथम ब्रिटेन में क्यों हुई? समीक्षा कीजिए।
3. औद्योगिक क्रान्ति की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
4. सन् 1750 और सन् 1850 ई. के बीच उन महत्वूपर्ण आविष्कारों के नाम लिखिए, जिन्होंने औद्योगिक क्रान्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
5. सन् 1780 ई. के दशक से कपास उद्योग किस प्रकार ब्रिटिश औद्योगीकरण का प्रतीक बन गया?
6. औद्योगिक क्रान्ति के आर्थिक प्रभावों की विवेचना कीजिए।
7. इग्लैण्ड की औद्योगिक क्रान्ति का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (8 अंक वाले)

1. इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं कि औद्योगिक क्रान्ति एक मिश्रित वरदान साबित हुई।
2. औद्योगिक क्रान्ति के परिमाणस्वरूप औरतों और बच्चों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़े? वर्णन कीजिए।
3. औद्योगिक श्रमिकों की स्थिति में सुधार हेतू कानूनों के जरिये कौन से कदम उठाये गये? वर्णन कीजिए।
4. भाप की शक्ति का विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रयोग होने लगा। सविस्तार विवेचना कीजिए।

## दीर्घ प्रश्नोत्तर

1. औद्योगिक क्रान्ति के सकारात्मक प्रभाव

   - औद्योगिक क्रान्ति से नई नई मशीनों का आविष्कार हुआ। उत्पादन में मशीनों का प्रयोग होने से मानव को भारी कामों से छुटकारा मिला।
   - औद्योगिक क्रान्ति से यातायात व संचार के साधनों के नए–नए आविष्कार हुए। परिवहन के तीव्रगामी साधनों से समय और दूरी पर मनुष्य ने विजय हासिल की।
   - औद्योगिक क्रान्ति के फलस्वरूप मनुष्य के आराम व सुख की वस्तुएँ सस्ती कीमतों पर आम व्यक्ति को मिलने लगी।
   - कच्चे माल की मांग बढ़ने के कारण कृषि क्षेत्र में क्रान्तिकारी सुधार।
   - बैंकिंग प्रणाली का विकास।

   <u>औद्योगिक क्रान्ति के नकारात्मक प्रभाव</u>

   - ग्रामीण लोगों का रोजगार की तलाश में शहरों में आगमन।
   - शहरों में अत्यधिक जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और आवास की समस्या।
   - स्त्रियों व बच्चों का शोषण होने के कारण स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव।
   - घरेलू व कुटीर उद्योग धन्धो का समाप्त होना।
   - समाज दो वर्ग में विभक्त– (I) उद्योगपति (ii) सर्वहारा वर्ग

2. औद्योगिक क्रान्ति का औरतों और बच्चों के जीवन पर प्रभाव

- उच्च वर्ग की महिलाओं का जीवन अधिक सुविधापूर्ण तथा आनन्द दायक इसके विपरीत निम्नवर्ग की महिलाओं का जीवन संघर्ष पूर्ण।
- पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की मजदूरी में कमी।
- महिलाओं को काम निम्नतर परिस्थितियों में करना पड़ता था।
- महिलाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था।
- महिलाओं को वित्तीय स्वतन्त्रता मिली – आत्म सम्मान में वृद्धि।
- काम की घटिया परिस्थितियों के बारे में कम आन्दोलित।
- बच्चों के बाल मशीनों में फंस जाना उनके हाथ कुचल जाते थे।
- मशीनों में गिरकर बच्चे मौत के मुँह तक में चले जाते थे।
- कोयला खानों में रास्ता संकरा होने के कारण बच्चों को भेजते थे जिससे दुर्घटना का भय बना रहता था।

3. औद्योगिक श्रमिकों की स्थिति में कानून के जरिये सुधार

- सरकार ने सन् 1819 में श्रमिकों की स्थिति में सुधार के लिए कानून बनायें।
- नौ वर्ष से कम आयु वाले बच्चों से फैक्ट्री में काम करवाने पर पाबंदी।
- नौ से सोलह वर्ष की आयु वाले बच्चों से काम कराने की सीमा 12 घण्टे तक सीमित कर दी गई।
- 1833 के एक अधिनियम द्वारा नौ वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को केवल रेशम की फैक्ट्रियों में काम पर लगाने की अनुमति।
- बड़े बच्चों के लिए काम के घण्टे सीमित कर दिये गये।
- फैक्ट्री निरीक्षकों की नियुक्ति करना।
- 1842 के खान और कोयला अधिनियम ने 10 वर्ष से कम बच्चों व स्त्रियों से खानों में नीचे काम लेने पर पाबन्दी लगाना।
- 1847 में यह कानून बना 18 साल से कम उम्र के बच्चों और स्त्रियों से 10 घण्टे से अधिक काम न लिया जाय।

4. भाप की शक्ति का विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रयोग –

- भाप अत्यधिक शक्ति उत्पन्न कर सकता है तो यह बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण के लिए निर्णायक सिद्ध हुआ।
- भाप की शक्ति उच्च तापमानों पर दबाव पैदा करती है जिससे अनेक प्रकार की मशीनें चलाई जा सकती है।
- भाप की शक्ति ऊर्जा का अकेला स्रोत था जो मशीनरी बनाने के लिए भी भरोसेमन्द और कम खर्चीला था।
- भाप की शक्ति का सर्वप्रथम प्रयोग खनन उद्योग में किया गया।
- थामस सेवरी ने खानों से पानी बाहर निकालने के लिए माइनर्स फ्रैंड नामक भाप के इंजन का माडल बनाया। ये इंजन छिछली गहराइयों में धीरे–2 काम करते थे।
- 1712 में थामस न्यूकॉमेन ने इसे विकसित किया परन्तु इसके संघनन बेलन के लगातार ठण्डा होते रहने से इसकी उर्जा खत्म होती रहती थी।
- 1769 में जेम्स वाट ने एक ऐसी मशीन बनाई जिसमें भाप का इंजन केवल एक साधारण मशीन की बजाय एक प्राइम मूवर के रूप में काम।
- अठहारवीं शताब्दी के अन्त तक वाट के भाप इंजन ने द्रव चालित शक्ति का स्थान लेना शुरू कर दिया।

# विषय – 10
# मूल निवासियों का विस्थापन

**स्मरणीय तथ्य**

1. **उपनिवेशिक विस्तार** – सत्रहवीं सदी के बाद स्पेन और पुर्तगाल के अमरीकी साम्राज्य का विस्तार नहीं हुआ। फ्रांस, हालैण्ड और इंग्लैण्ड जैसे दूसरे देशों ने अपनी व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार करना और अमरीका, अफ्रीका तथा एशिया में अपने उपनिवेश बसाना शुरू कर दिया।

2. **सेटलर : (आबादकार)** – शब्द दक्षिण अफ्रीका में डच के लिए, आयरलैण्ड, न्यूजीलैण्ड और आस्ट्रेलिया में ब्रिटिश के लिए तथा अमरीका में यूरोपीय लोगों के लिए प्रयोग होता है।

3. **नेटिव** – ऐसा व्यक्ति जो अपने मौजूदा निवास स्थान में ही पैदा हुआ था। बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों तक यह पद यूरोपीय लोगों द्वारा अपने उपनिवेशों के बाशिंदे के लिए प्रयोग होता था।

4. **वेमपुम बेल्ट** – रंगीन सीपियों को आपस में सिलकर बनाई जाने वाली बेल्ट है। इसे किसी समझौते के बाद स्थानीय कबीलों के बीच आदान–प्रदान किया जाता है।

5. **अठारहवीं सदी में पश्चिमी यूरोप के लोग सभ्य मनुष्य की पहचान** – साक्षरता, संगठित धर्म और शहरीपन के आधार पर करते थे। भाषाएँ –उत्तरी अमरीका में अनेक भाषाएँ बोली जाती थी परन्तु वह लिखी नहीं जाती थी।

6. **गोल्ड रश और उद्योगों की वृद्धि** – 1840 में कैलीफोर्निया में सोने के चिन्ह मिले तथा गोल्ड रश का प्रारंभ, रेलवे लाइनों का निर्माण, औद्योगिक नगरों का विकास, कारखानों की संख्या में वृद्धि हुई।

7. **एबोरिजिनीज** – ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के शुरूआती मनुष्य या आदिमानव को एबोरिजिनीज कहा जाता था।

8. 1911 में आस्ट्रेलिया की राजधानी 'वूलव्हीटगोल्ड' (Woolwheat gold) बनाने का सुझाव दिया गया। अंततः उसका नाम 'कैनबरा' रखा गया जो एक स्थानीय शब्द कैमबरा (Kamberra) से बना है जिसका अर्थ है 'सभा स्थल'।

9. आरंभ में ऑस्ट्रेलियाई मूल निवासियों के साथ दोस्ताना व्यवहार, परन्तु हवाई में कैप्टेन कुक की हत्या के बाद ब्रिटिशों का रवैया पूरी तरह उल्टा गया। इस

घटना का इस्तेमाल औपनिवेशिक ताकतों द्वारा अपने हिंसक व अत्याचार पूर्ण व्यवहार के औचित्य को साबित करने के लिए किया गया।

10. उत्तरी अमेरीका के मूल बाशिंदें नदी घाटी के साथ–साथ बने गाँवों में समूह के रूप में रहते थे। वे मछली एवं मांस खाते थे तथा सब्जियाँ और मकई उगाते थे।

11. फ्रंटियर : किसी अधिपत्य क्षेत्र की सीमा।

12. सरकार ने ऑस्ट्रेलिया की जमीन को 'टेरा–न्यूलिअस' कहा अर्थात् जो किसी की भी नहीं है।

13. वस्तुतः मूल निवासी छोटे इलाकों में सीमित कर कर दिए गए जिन्हें 'रिजर्वेशन्स' कहा जाता था। ये प्रायः ऐसी जमीन थी, जिसके साथ उनका पहले से कोई सम्बंध नहीं था।

14. 1968 में एक मानवशास्त्री W.E.H. Stanner के व्याख्यान 'The Great Australian Silence' (महान ऑस्ट्रेलियाई चुप्पी) के बाद यहाँ बदलाव की लहर आई।

15. ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों की संस्कृतियों का अध्ययन करने के लिए विश्वविद्यालयों में विभाग खोले गए।

**निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दें**

1. आयरलैण्ड, न्यूजीलैण्ड और आस्ट्रेलिया में सेटलर (Settler) शब्द का प्रयोग निम्न में से किसके लिए किया जाता था?

   (क) डच — (ख) ब्रिटिश

   (ग) फ्रासिसी — (घ) पुर्तगालियों के लिए

2. लातिनी शब्द 'आस्ट्रल' का अर्थ निम्न में से क्या होता है?

   (क) वानर — (ख) गाँव

   (ग) दक्षिण — (घ) समुद्र

3. आस्ट्रेलिया की राजधानी निम्न से क्या है?

   (क) सिडनी — (ख) मेलवर्न

   (ग) केनवरा — (घ) पर्थ

4. 'टेरा न्यूलिअस' (terra nullius) शब्द का क्या अर्थ है ?

   (क) जो किसी की नहीं है — (ख) मूल निवासी

   (ग) आवादकार — (घ) सभा स्थल

5. 'राष्ट्रीय क्षमायाचना दिवस' (National Sorry Day) कब मनाया जाता है?

(क) 26 मई (ख) 1 अप्रैल

(ग) 5 जून (घ) 15 जनवरी

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करें**

1. यूरोप से आए आप्रवासी लोगों के अन्य देशों में बसने वाले क्षेत्रों को ................. कहा जाता है।
2. प्रारंभिक मानव या आदिमान को .......................... के सामान्य नाम से पुकारा जाता है।
3. 18वीं शताब्दी के अन्तिम चरण में मूल निवासियों के ......................... तक समुदाय थे।
4. 'आदिम' समुदायों और यूरोप के 'सभ्य' समुदायों के बीच के अंतर के अध्ययन के लिए ....................... विषय प्रारंभ किया गया।
5. कैनबरा एक स्थानीय शब्द कैमबरा से बना है, जिसका अर्थ है .................... ।
6. ....................... नामक किताब में रिजर्वेशन्स में रह रहे मूल निवासियों की स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं की दरिद्रता का बड़ा ही दारूण चित्र प्रस्तुत किया गया था।
7. 1934 का .............................. जिसके द्वारा रिजर्वेशन्स में मूल निवासियों को जमीन खरीदने और ऋण लेने का अधिकार हासिल हुआ।
8. 1968 के एक मानवशास्त्री डब्ल्यू. ई. एच. स्टैनर के एक व्याख्यान से लोगों में तरंग–सी दौड़ गई। व्याख्यान का शीर्षक ........................... था।
9. कार्ल मार्क्स ................................ दार्शनिक थे।
10. ...................... संयुक्त राज्य अमेरिका के एक राज्य जार्जिया के मूल निवासी थे।
11. .......................... में दास प्रथा के समर्थक तथा उसके विरोधी राज्यों के बीच युद्ध हुआ।
12. मनुष्य को पशुओं की तरह बेचने की प्रथा को ..................... कहा जाता है।

**निम्न प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए**

1. नेटिल या मूल निवासी
   (NCERT, पृष्ठ सं. 215)
2. सेटलर या आबादकार
   (NCERT, पृष्ठ सं. 214)
3. गोल्ड रश
   (NCERT, पृष्ठ सं. 223)
4. रिर्जवेशन्स
   (NCERT, पृष्ठ सं. 222, 223)
5. चिरोकी
   (NCERT, पृष्ठ सं. 222)
6. टेरा न्यूलियस
   (NCERT, पृष्ठ सं. 229)
7. वेमपुम वेल्ट
   (NCERT, पृष्ठ सं. 216)
8. उपनिवेश
   (NCERT, पृष्ठ सं. 213)
9. आँसुओं की राह
   (NCERT, पृष्ठ सं. 222)
10. ऐवोरिजिनीज़
    (NCERT, पृष्ठ सं. 226)

**लघु प्रश्न (3 अंक वाले)**

1. अमरीकियों के लिए 'फ्रंटियर' के क्या मायने थे?
2. यूरोपवासियों द्वारा 'नयी दुनिया' के देशों को दिए गए नामों का उल्लेख कीजिए।
3. सत्रहवीं सदी में यूरोपीय व्यापारियों के साथ उत्तरी अमरीका के स्थानीय निवासियों ने कैसा व्यवहार किया?

4. ऑस्ट्रेलिया में मानव निवास के इतिहास का वर्णन करते हुए वहाँ के मूल निवासियों की विशेषता लिखिए।

5. संयुक्त राज्य अमेरिका में दास प्रथा के प्रचलन और समाप्ति के कारणों की व्याख्या कीजिए।

**दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)**

16. 'गोल्ड रश' से क्या तात्पर्य है? गोल्ड रश के कारण अमरीका में हुई औद्योगिक वृद्धि को स्पष्ट कीजिए।

17. संयुक्त राज्य अमरीका के मूल बाशिंदो को उनकी जमीन से बेदखल क्यों करा दिया गया? उसके लिए कौन–कौन से कारण उत्तरदायी थे।

18. सन् 1970 के दशक में आई बदलाव की लहरों के कारण आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?

**दीर्घ प्रश्नोत्तर**

1. गोल्ड रश – 1840 में संयुक्त राज्य अमरीका के कैलिफोर्निया में सोने के कुछ चिन्ह मिले। इसने 'गोल्ड रश' के जन्म दिया। यह उस आपाधापी का नाम है, जिसमें हजारों की संख्या में आतुर यूरोपीय लोग चुटकियों में अपनी तकदीर सँवार लेने की उम्मीद में अमरीका पहुँचे।

   <u>उद्योगों में वृद्धि</u> :–

   - गोल्ड रश के कारण पूरे अमरीका महाद्वीप में रेलवे लाइनों का निर्माण हुआ।
   - हजारों की संख्या में चीनी श्रमिकों की नियुक्ति हुई।
   - रेलवे के साज–समान बनाने के उद्योग विकसित हुए।
   - बड़े पैमाने पर कृषि करने वाले यन्त्रों का उत्पादन प्रारम्भ हुआ।
   - संयुक्त राज्य अमरीका और कनाडा में औद्योगिक नगरों का विकास हुआ।

2. मूल बाशिंदो को जमीन से बेदखल करना :–

   - ब्रिटेन और फ्राँस से आए कुछ प्रवासी ऐसे थे, जो छोटे बेटे होने के कारण पिता की सम्पत्ति के उत्तराधिकारी नहीं बन सकते थे, वे अमरीका में मालिक बनना चाहते थे।
   - कैथलिक प्रभुत्व के देशों में रहने वाले प्रोटैस्टेंट एवं प्रोटैस्टेंटवाद समर्थक

देशों के कैथलिक अनुयायियों ने यूरोप छोड़ दिया और एक नई जिन्दगी शुरु करने के लिए अमेरिका में आकर वस गए।

- ऐसी फसलें उगाकर, जो यूरोप में नहीं उगाई जाती थी, मुनाफा कमाना चाहते थे।
- मूल बाशिंदों को बेदखल करना गलत नहीं मानते थे, क्योंकि उनके अनुसार मूल बाशिंदे जमीन का उपयोग करना नहीं जानते।

<u>बेदखल करने के तरीके</u> :–

- धोखाधड़ी से ज्यादा जमीन ले ली।
- पैसा देने में वायदा खिलाफी की।
- जमीन बिक्री समझौते पर दस्तखत कराने के बाद, मूल बाशिंदों को हटने के लिए बाध्य किया।
- चिरोकी कबीलों को खदेड़ने के लिए अमरीकी फौज का उपयोग किया गया।
- जमीन के अन्दर सीसा, सोना या खनिज होने का पता चलने पर मूल बाशिंदो को उनकी स्थायी जमीन से भी धकेल दिया जाता था।

3. बदलाव की लहर :

- आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों को नए रूप में समझने की चाहत जगी।
- मूल निवासियों को विशिष्ट संस्कृतियों वाले समुदाय के रूप में देखा गया।
- प्रकृति और जलवायु को समझने की उनकी विशिष्ट पद्धतियों को पहचाना गया।
- मूल निवासियों की धरोहर जैसे कथायें, कपड़ा साजी, चित्रकारी और हस्तशिल्प को सराहा गया।
- उनकी संस्कृति का अध्ययन करने के लिए विश्वविद्यालयी विभाग खोले गये, संग्रहालय में उनकी कलाकृतियों को जगह दी गई।
- मूल निवासियों ने अपना इतिहास लिखना शुरू किया।
- मूल निवासियों की संस्कृति को आदर दिया गया।
- मूल निवासियों का अपनी जमीन के साथ संबंध आदर से देखा जाने लगा।

# विषय – 11
# आधुनिकीकरण के रास्ते

**स्मरणीय तथ्य**

1. चीन एक विशालकाय द्वीप है, जिसमें कई तरह की जलवायु वाले क्षेत्र सम्मिलित हैं।
2. चीन का सबसे प्रमुख जातीय समूह **'हान'** है और प्रमुख भाषा **'चीनी'** है।
3. चीन के विपरित जापान एक द्वीप श्रृंखला है, जिसमें चार बड़े द्वीप समूह हैं– **होंशू, क्यूशू, शिकोकू और होकाइदो।**
4. 12वीं सदी के प्रारम्भ में जापान पर शोगुनों का शासन कायम हुआ जो सैद्धान्तिक रूप से राजा थे।
5. 1603 से 1867 के मध्य तक तोकुगावां वंश के लोग शोगुन पद पर कायम थे।
6. मेज़ी पुनर्स्थापना का अर्थ है, प्रबुद्ध सरकार का गठन। सन् 1867–68 के दौरान मेज़ी वंश का उदय हुआ और देश में विद्यमान विभिन्न प्रकार का असंतोष मेज़ियों की पुनर्स्थापना का कारण बना।
7. सम्राट मेज़ी को ऐदो लाया गया तथा एदो को राजधानी बनाकर इसका नाम टोक्यो रखा गया।
8. जापान में 1870 के दशक से नयी विद्यालयी व्यवस्था का निर्माण हुआ। लड़के और लड़कियों के लिए स्कूल जाना अनिवार्य हो गया तथा किताबों के माध्यम से माता–पिता के प्रति आदर, राष्ट्र के प्रति वफादारी तथा अच्छे नागरिक बनने का पाठ पढ़ाया जाने लगा।
9. **'डायट'** जापानी संसद का नाम है और यह जर्मन विचारधारा पर आधारित थी।
10. 'फुकुज़ावा यूकिची' मेज़ी काल के प्रमुख बुद्धिजीवियों में से एक थे। उनका कहना था कि जापान को 'अपने में से एशिया को निकाल फेंकना चाहिए।
11. **जापान में अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण** – कृषि पर कर लगा कर धन इकट्ठा, रेल लाइनों का विकास, वस्त्र उद्योग के लिए मशीनों का आयात, मजदूरों को प्रशिक्षण तथा बैंकिंग संस्थाओं का प्रारम्भ होना आदि से हुआ है।
12. **'फुकोकु–क्योहे'** – जिसका अर्थ है समृद्ध देश और मजबूत सेना।
13. अमेरिका द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, युद्ध जल्दी खत्म करने के लिए जापानी शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर नाभिकीय बम गिराये गये।

14. अमेरिकी नियन्त्रण के दौरान, जापान का विसैन्यीकरण कर दिया गया और एक नया संविधान लागू किया गया। फिर भी अपनी भयंकर हार के बावजूद, जापान ने अपनी अर्थव्यवस्था का शीघ्रता से पुनर्निर्माण किया, जिसे एक 'युद्धोतर चमत्कार' कहा गया है।

15. चीन का आधुनिक इतिहास–संप्रभुता की पुर्नप्राप्ति, विदेशी कब्जे का अंत और समानता और विकास को सम्भव बनाने पर आधारित था।

16. पहला अफीम युद्ध (1839–1842) हुआ। इसने सत्ताधारी क्विंग राजवंश को कमजोर किया और सुधार तथा बदलाव की मांगों को मजबूती दी।

17. 1911 में माँचू साम्राज्य की समाप्ति के साथ सन यात सेन के नेतृत्व में चीन में गणतन्त्र की स्थापना हुई।

18. **सनयात सेन के तीन सिद्धान्त** – 'राष्ट्रवाद', 'गणतन्त्र' और 'समाजवाद'।

19. चीन की साम्यवादी पार्टी की स्थापना 1921 ई. में रूसी क्रान्ति के कुछ समय बाद हुई थी। उसमें माओत्से तुंग प्रमुख नेता बनकर उभरे।

20. पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना की सरकार 1949 में स्थापित हुई।

21. चीन में 1965–78 का काल 'समाजवादी व्यक्ति' की रचना का था। माओवादियों ने पुरानी संस्कृति, पुराने रिवाज़ और पुरानी आदतों के खिलाफ अभियान छेड़ा।

22. चीन द्वारा अपनाये गये आधुनिकीकरण के तरीके

- साम्यवादी दल का कड़ा नियंत्रण
- आर्थिक खुलेपन और विश्व बाजार से संबंध बनाने की नीति
- सामन्तवाद का खात्मा
- शिक्षा का विस्तार हुआ
- विदेशी साम्राज्यवाद से लड़ने का कार्यक्रम
- निजी कारखानों और भू–स्वामित्व का अंत
- अर्थव्यवस्था पर सरकारी नियंत्रण
- तेजी से औद्योगिकरण
- बाजार संबंधी सुधार किए गए
- एक ही दल की सरकार
- आधुनिकीकरण का श्रेय साम्यवादी दल
- पुरानी असमानताओं का अंत
- केंद्रीकृत सरकार की स्थापना

23. **जापान द्वारा अपनाये गए आधुनिकता के मार्ग**

- पारंपरिक कौशल और प्रथाओं का प्रयोग
- पश्चिम का अनुकरण
- जापानी राष्ट्रवाद
- निष्ठावान नागरिक बनना
- सम्राट के प्रति वफादार रहने की शिक्षा

24. **ताइवान में चियांग काई–शेक से जुड़े घटनाक्रम**

- बोलने तथा राजनीतिक विरोध की स्वतंत्रता का अंत
- भूमि सुधार करके खेती के उत्पादन में वृद्धि
- ताइवान में गणतंत्र की स्थापना
- कुओमीनतांग ने एक दमनकारी सरकार की स्थापना
- अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण
- राष्ट्रीय उत्पाद में ताइवान पूरे एशिया में दूसरे स्थान पर
- अमीर और गरीब में अंतर में कमी

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें

1. 19वीं शताब्दी की शुरुआत में ................. का पूर्वी एशिया पर प्रभुत्व था।
2. .................. ने चीन को 1894 में और रूस को 1905 में पराजित किया।
3. जापान का आधुनिकीकरण का सफर ................. के सिद्धांतों पर आधारित था।
4. पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (People's Republic of China) की स्थापना सन् ................. में हुई।
5. चीन की साम्यवादी पार्टी की स्थापना ..................... में हुई।
6. पीकिंग विश्वविद्यालय की स्थापना ..................... में हुई।
7. सनयात सेन की मृत्यु के बाद .................... कुओमीनतांग के नेता बनकर उभरे।
8. जापान में बुलेट ट्रेन का जाल .................... में शुरू हुआ।
9. जापान 250 भागों में विभाजित था जिसका शासन .................... चलाते थे।
10. जापान चीन से ...................... और भारत से ................ जैसी विलासी वस्तुएं आयात करता था।
11. ........................ का रेशम दुनिया भर में बेहतरीन रेशम माना जाने लगा।
12. 1867–69 में मेजी वंश के नेतृत्व में ........................ वंश का शासन समाप्त किया गया।
13. फुकुज़ावा यूकिची का कहना था कि जापान को अपने में से ........................ को निकाल फेंकना चाहिए।
14. लेनिन टाटस्की जैसे नेताओं ने मार्च ..................... में कौमिंटर्न या तृतीय अर्न्तराष्ट्रीय (Third International) का गठन किया।
15. ........................ सी.पी.सी के प्रमुख नेता थे।

**दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर प्रश्नों निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

1. दुनिया की तीसरी सबसे लम्बी नदी निम्न में से कौन सी है?
   (क) यांग्त्सी (ख) हुआंग हे
   (ग) पर्ल (घ) छांग जिआंग

2. चीन का सबसे प्रमुख जातीय समूह निम्न में से कौन सा है?
   (क) छुई (ख) मांचू
   (ग) उइछुर (घ) हान

3. निम्न में से कौन सा जापान का प्रमुख द्वीप नहीं है?
   (क) होशूं (ख) क्यूशू
   (ग) शिकोकू (घ) कोशिशक्यो

4. जापान की राजधानी है –
   (क) शंघाई (ख) टोक्यो
   (ग) होकादो (घ) ओकिनावा

5. जापानियों की कानूनी सोच किस देश की सोच से प्रभावित थी?
   (क) ब्रिटेन (ख) जर्मनी
   (ग) चीन (घ) फ्रांस

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अति संक्षेप में दीजिए**

1. डिम सम का शाब्दिक अर्थ
   (NCERT, पृष्ठ सं. 233)
2. टोक्यो का अर्थ
   (NCERT, पृष्ठ सं. 236)
3. 'फुकोकु क्योहे' का अर्थ
   (NCERT, पृष्ठ सं. 236)
4. जापान की संसद का नाम
   (NCERT, पृष्ठ सं. 239)
5. 'मोगा' शब्द का अर्थ
   (NCERT, पृष्ठ सं. 241)

6. वुरवुरा का अर्थ
(NCERT, पृष्ठ सं. 241)
7. वोलान वू का मतलब
(NCERT, पृष्ठ सं. 244)
8. चीन के प्रमुख दार्शनिक का नाम
(NCERT, पृष्ठ सं. 245)
9. सन मिन चुई का अर्थ
(NCERT, पृष्ठ सं. 246)
10. सनयात सेन के प्रमुख सिद्धांत
(NCERT, पृष्ठ सं. 246)
11. सनयात सेन ने किन चार बड़ी जरूरतों को रेखांकित किया
(NCERT, पृष्ठ सं. 246)
12. लम्बी छलांग वाला आन्दोलन
(NCERT, पृष्ठ सं. 250)
13. समाजवादी व्यक्ति की पाँच प्रिय चीज
(NCERT, पृष्ठ सं. 251)
14. 1978 में चीनी पार्टी के आधुनिकीकरण के चार सूत्री लक्ष्य
(NCERT, पृष्ठ सं. 251)

**लघु उत्तर प्रश्न (3 अंक वाले)**

1. मेज़ी पुनर्स्थापना के मुख्य कारण क्या थे? वर्णन कीजिए।
2. मेज़ी सुधारों का महत्वपूर्ण हिस्सा, अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण था। व्याख्या कीजिए।
3. जापान के एक आधुनिक समाज में रूपान्तरण से रोज़ाना की जिन्दगी में किस प्रकार के बदलाव आए?
4. अफीम युद्ध से आप क्या समझते हैं? इसका चीन वासियों पर क्या प्रभाव पड़ा?
5. सन यात–सेन के प्रमुख सिद्धान्तों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
6. चीन में प्रचलित कंफ्यूशियसवाद की विचारधारा को उल्लेख कीजिए।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (8 अंक वाले)

1. मेज़ी शासन के अन्तर्गत जापान में अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण किस प्रकार हुआ? पर्यावरण पर उद्योगों के विकास का क्या प्रभाव पड़ा?
2. कुओमीन तांग के नेता के रूप में 'चियांग काई–शेक' के कार्यों का वर्णन करते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि कुआमीनतांग देश को एकीकृत करने की कोशिशों में क्यों असफल रहा?
3. 1870 के दशक में जापान में विद्यालयी व्यवस्था और राष्ट्र के एकीकरण के लिए क्या बदलाव किए गए? विस्तार से वर्णन कीजिए।
4. जापान और चीन ने आजाद और आधुनिक राष्ट्र बनने के लिए बिल्कुल अलग–अलग राहें अपनाई, विस्तार से व्याख्या कीजिए।
5. ताईवान का एक लोकतन्त्र में रूपान्तरण एक नाटकीय मोड़ रहा, व्याख्या कीजिए।

### दीर्घ प्रश्नोत्तर

1. मेज़ी शासन के अन्तर्गत जापान में अर्थव्यवस्था का आधुनीकीकरण :
    - कृषि पर कर।
    - जापान में रेल लाइन बिछाना।
    - वस्त्र उद्योग के लिए मशीनों का आयात।
    - मजदूरों का विदेशी कारीगरों द्वारा प्रशिक्षण।
    - विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए विदेश भेजना।
    - आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था का प्रारम्भ।
    - कम्पनियों को कर में छूट व सब्सिडी देना।

    <u>पर्यावरण पर उद्योगों के विकास का प्रभाव</u> :–

    - लकड़ी जैसे प्राकृतिक संसाधनों की मांग से पर्यावरण पर विनाशकारी प्रभाव।
    - औद्योगीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण का बढ़ना।
    - कृषि उत्पादों में कमी का प्रमुख कारण लोगों का शहरों की तरफ पलायन।
2. चियांग काईशेक के कार्य :
    - वारलार्ड्स पर नियन्त्रण करना।

- साम्यवादियों का खात्मा।
- सेक्यूलर और 'इहलौकिक' कन्फ्यूशियसवाद की हिमायत की।
- राष्ट्र का सैन्यकरण का प्रयास।
- महिलाओं के चार सद्गुण पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया। सतीत्व, रूप–रंग, वाणी और काम।

<u>देश को एकीकृत करने में असफलता के कारण</u> :–

- संकीर्ण सामाजिक आधार।
- सीमित राजनीतिक दृष्टि।
- पूँजी नियमन और भूमि अधिकारों में समानता लाने में असमर्थता।
- लोगों की समस्या पर ध्यान न देकर, फौजी व्यवस्था थोपने का प्रयास किया।

3. विद्यालयी व्यवस्था में बदलाव :

- लड़के और लड़कियों के लिए स्कूल जाना अनिवार्य।
- पढ़ाई की फीस बहुत कम करना।
- आधुनिक विचारों पर जोर देना।
- राज्य के प्रति निष्ठा और जापानी इतिहास के अध्ययन पर बल दिया गया।
- किताबों के चयन और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर नियन्त्रण।
- माता–पिता के प्रति आदर, राष्ट्र के प्रति वफादारी और अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई।

<u>राष्ट्रीय एकीकरण के प्रयास</u> :

- पुराने गांवों और क्षेत्रीय सीमाओं को बदलकर नया प्रशासनिक ढ़ाँचा तैयार किया गया।
- प्रशासनिक इकाईयों के लिए पर्याप्त राजस्व की व्यवस्था ताकि स्कूल और स्वास्थ्य सेवायें जारी रहें।
- बीस साल से अधिक आयु के युवकों के लिए कुछ अरसे सेना में कार्य करना अनिवार्य किया गया।
- आधुनिक सैन्य बल तैयार किया गया।
- सख्त सेंसर व्यवस्था लागू की गई।
- नौकरशाही और सेना सीधे सम्राट के अधीन रखी गई।

4. जापान अपनी आजादी बनाये रखने में सफल रहा और पारंपरिक हुनर और प्रथाओं को नये तरीके से इस्तेमाल कर पाया। कुलीन वर्ग के नेतृत्व में आधुनीकीकरण ने उग्र राष्ट्रवाद को जन्म दिया और शोषणकारी सत्ता को बरकरार रखा।

औपनिवेशिक साम्राज्य की स्थापना की जिससे उस क्षेत्र में बैर की भावना बढ़ी।

पश्चिमी साम्राज्यवादी ताकतों की नकल करते हुए, अपने हल स्वयं ढूंढ़ने की कोशिश की। नये और रचनात्मक तरीके इस्तेमाल किये जैसे नयी विद्यालयी व्यवस्था, सम्राट के प्रति वफादारी, नैतिक शास्त्र का पढ़ना अनिवार्य, निष्ठावान नागरिक का निर्माण आदि।

चीन में पश्चिमी और जापानी साम्राज्यवाद ने राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था को तोड़ने का माहौल बना दिया। 19वीं और 20वीं सदी में परम्पराओं को ठुकराया गया और राष्ट्रीय एकता और सुदृढ़ता के लिए नये रास्तों की तलाश की गई। लोगों को अधिकार और सत्ता देने की बात की परन्तु वास्तव में केंद्रीकृत राज्य की स्थापना की। दमन कारी राजनीतिक व्यव्स्था लागू की गई तथापि शिक्षा का विस्तार हुआ और लोगों के बीच जागरूकता पैदा हुई। बाजार संबंधी सुधारों के द्वारा आर्थिक दृष्टि से ताकतवर बनने में सफलता प्राप्त की।

5. चीनी साम्यवादी दल से पराजित होकर चियांग काई शेक 1949 में ताइवान भाग निकले और वहां उन्होंने चीनी गणतन्त्र की स्थापना की।

कुआमीनतांग ने चियांग काईशेक के नेतृत्व में एक दमनकारी सरकार की स्थापना की लेकिन भूमि सुधार लागू नहीं किये गये। अर्थव्यवस्था का आधुनीकीकरण किया गया।

1975 में चियांग की मृत्यु के बाद धीरे–धीरे लोकतन्त्र में रूपान्तरण प्रारम्भ हुआ। 1887 में फौजी कानून हटा लिया गया। विरोधी दलों को गठन की इजाजत मिली और स्वतन्त्र मतदान द्वारा ताइवानियों को सत्ता में लाने का प्रयास प्रारम्भ किया गया। ताईवान में पूर्ण राजनैयिक संबंध और दूतावास रखना सम्भव नहीं है क्योंकि इसे चीन का ही एक हिस्सा समझा जाता है।

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

**विषय–1**

1. (घ) 2. (घ) 3. (क) 4. (क) 5. (क) 6. (ख) 7. (घ)
8. (ग) 9. (घ) 10. (ग)

**विषय–2**

1. (घ) 2. (ख) 3. (क) 4. (क) 5. (ग) 6. (ग) 7. (क)
8. (घ) 9. (ख) 10. (ख)

**विषय–3**

1. (ख) 2. (घ) 3. (ग) 4. (क) 5. (घ) 6. (क) 7. (ख)
8. (क) कोलोसियम 9. (घ) 10. (ग)

**विषय–4**

1. (ग) 2. (ख) 3. (क) 4. (ग) 5. (ग) 6. (घ) 7. (क)
8. (घ) 9. (क) 10. (ख) 11. (क) 12. हारुन अल रशीद
13. (ग) 14. मुस्तनसिरिया मदरसे 15. (घ)

**विषय–5**

1. (ख) 2. (ग) 3. (घ) 4. (क) 5. (घ)

**विषय–6**

1. (ग) 2. (ग) 3. (ग) 4. (ख) 5. (क) 6. (क) 7. नगर
8. (ग)

**विषय–7**

1. (क) 2. (ग) 3. (ख) 4. (क) 5. (ख)

**विषय–8**

1. (ख) 2. (ग) 3. (ख) 4. (घ) 5. (ग)

**विषय–9**

1. (घ) 2. (क) 3. (ग) 4. (क) 5. (ग)

**विषय–10**

1. (ख) 2. (ग) 3. (ग) 4. (क) 5. (क)

**विषय–11**

1. (घ) 2. (घ) 3. (घ) 4. (ख) 5. (ख)

**सही / गलत के चिह्न वाले प्रश्नों के उत्तर**

**विषय–5**

1. (✘) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✘) 5. (✓)

**विषय–6**

1. (✘) 2. (✓) 3. (✘) 4. (✓) 5. (✘)

**विषय–7**

1. (✓) 2. (✘) 3. (✓) 4. (✘) 5. (✘)

**विषय–8**

1. (✓) 2. (✓) 3. (✘) 4. (✘) 5. (✓)

# स्रोत आधारित प्रश्न

## विषय – 1

## समय की शुरूआत से

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

### आल्टामीरा के गुफा चित्र

आल्टामीरा स्पेन में स्थित एक गुफा स्थल है। आल्टामीरा की गुफा की छत पर बनी चित्रकारियों की ओर मार्सिलीनो सैंज दि सउतुओला (Marcelino Sanz de Soutuola) का ध्यान उसकी बेटी मारिया द्वारा नवंबर 1879 में दिलाया गया था। मार्सिलीना एक स्थानीय भूस्वामी तथा शौकीन पुरातत्वविद् थे और उनकी नन्हीं–सी लड़की गुफा में इधर–उधर दौड़ और खेल रही थी जबकि उसके पिता गुफा के फर्श की खुदाई कर रहे थे। अचानक मारिया की नज़र छत पर बनी चित्रकारियों पर पड़ी, वह तुरंत चिल्ला उठी ''पापा देखो, बैल!'' एक बार तो उसके पिता ने बेटी की बात को हँसी में उड़ा दिया। पर तुरंत ही उन्हें यह अहसास हुआ, कि छत पर सचमुच कुछ चित्रकारियाँ बनी हुई हैं जिसमें रंग की बजाय किसी प्रकार की लेई (पेस्ट) का इस्तेमाल किया गया है। फिर तो उसका मन उमंग से इतना भरा उठा कि वह हतप्रभ हो गए और अगले वर्ष उन्होंने एक पुस्तिका प्रकाशित की, लेकिन लगभग दो दशकों तक उनकी खोज के निष्कर्षों को यूरोपीय पुरातत्वविदों ने इस आधार पर स्वीकार नहीं किया कि ये चित्रकारियाँ इतनी ज्यादा अच्छी हैं कि ये उतनी प्राचीन नहीं हो सकतीं।

प्र.1 आल्टमीरा किस देश में है? 1

प्र.2 मार्सिलीनो कौन थे? उनकी पुत्री मारिया ने उन्हें क्या बताया था? 2

प्र.3 आल्टमीरा गुफा की चित्रकारियाँ क्यों प्रसिद्ध हैं? 2

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

### हादज़ा जनसमूह

''हादज़ा शिकारियों तथा संग्राहकों का एक छोटा समूह है जो 'लेक इयासी' एक खारे पानी की विभ्रंश घाटी में बनी झील के आसपास रहते हैं। पूर्वी

हादज़ा का इलाका सूखा और चट्टानी है, जहाँ घास (सवाना), काँटेदार झाड़ियाँ और एकासियों के पेड़ों की बहुतायत है, लेकिन यहाँ जंगली खाद्य–वस्तुएँ भरपूर मात्रा में मिलती हैं। बीसवीं शताब्दी के शुरू में यहाँ भाँति–भाँति के जानवरों की बेशुमार संख्या थी। यहाँ के बड़े जानवरों में हाथी, गैंडे, भैंसे, जिराफ, ज़ेब्रा, वाटरबक, हिरण, चिकारा, खागदार जंगली सूअर, बबून बंदर, शेर, तेंदुए और लकड़बग्घे जितने आम हैं उतने ही आम छोटे जानवरों में साही मछली (porcupine), खरगोश, गीदड़, कछुए और अनेक प्रकार के जानवर हैं। हादज़ा लोग हाथी को छोड़कर बाकी सभी किस्म के जानवरों का शिकार करते हैं और उनका माँस खाते हैं। यहाँ शिकार के भविष्य को कोई खतरा पैदा किए बिना, नियमित रूप से जितना माँस खाया जाता है, उतना दुनिया के किसी भी ऐसे भाग में नहीं खाया जा सकता, जहाँ ऐसे शिकार–संग्राहक रहते हैं अथवा निकट भूतकाल रहते थे।

वनस्पति खाद्य–कंदमूल, बेर, बाओबाब पेड़ के फल आदि जो साधारण दर्शक को अक्सर आसानी से दिखाई नहीं देते, जलाभाव के वर्ष में भी अत्यंत सूखे मौसम में बहुतायत से उपलब्ध होते हैं। जिस तरह का वनस्पति खाद्य बारिश के छः महीनों में उपलब्ध होता है वह सूखे के मौसम में मिलने वाली खाद्य वस्तुओं से भिन्न होता है, लेकिन वहाँ खाद्य पदार्थ की कोई कमी नहीं रहती। यहाँ पाई जाने वाली सात किस्म की जंगली मधुमक्खियों के शहद और सूंडियों को चाव से खाया जाता है, लेकिन इन चीजों की आपूर्ति सदा एक जैसी नहीं रहती, मौसम के अनुसार हर वर्ष बदलती रहती है।

वर्षा के मौसम में जल–स्रोत व्यापक रूप से देश–भर में मिलते हैं, लेकिन सूखे के मौसम में ये स्रोत बहुत कम रह जाते हैं। हादज़ा लोग यह समझते हैं कि अगर अधिक से अधिक 5–6 किलोमीटर की दूरी तक पानी मिल जाए तो उनका काम चल सकता है। इसलिए उनके शिविर आमतौर पर जलस्रोत से एक किलोमीटर की दूरी में ही स्थापित किए जाते हैं।

प्र.1 हादज़ा जन समूह क्या है? ये लोग कहाँ–कहाँ रहते थे? 1

प्र.2 हादज़ा लोग किन–किन पशुओं का शिकार करते थे? और किन–किन पशुओं को नहीं खाते थे? 2

प्र.3 हादज़ा की भौगोलिक स्थिति की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 2

## विषय – 2

## लेखन कला और शहरी जीवन

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें

### मोहर : एक शहरी शिल्प–कृति

भारत में, प्राचीन काल में पत्थर की मोहरें होती थीं जिन पर चिह्न अंकित किए गए होते थे। लेकिन मेसोपोटामिया में, पहली सहस्राब्दी ई.पू.0 के अंत तक पत्थर की बेलनाकार मोहरें, जो बीच में आर–पार छिदी होती थीं, एक तीली लगाकर गीली मिट्टी के ऊपर घुमाई जाती थीं और इस प्रकार उनसे लगातार चित्र बनता जाता था। वे अत्यंत कुशल कारीगरों द्वारा उकेरी जाती थीं और कभी–कभी उनमें ऐसे लेख होते थे, जैसे – मालिक का नाम, उसके इष्टदेव का नाम और उसकी अपनी पदीय स्थिति, आदि। किसी कपड़े की गठरी या बर्तन के मुँह को चिकनी मिट्टी से लीप–पोतकर उस पर वह मोहर घुमाई जाती थी जिससे उसमें अंकित लिखावट मिट्टी की सतह पर छप जाती थी, इससे उस गठरी या बर्तन में रखी वस्तुओं को मोहर लगाकर सुरक्षित किया जा सकता था। जब इस मोहर को मिट्टी की बनी पट्टिका पर लिखे पत्र पर घुमाया जाता था तो वह मोहर उस पत्र की प्रामणिकता की प्रतीक बन जाती थी। इस प्रकार मुद्रा सार्वजनिक जीवन में नगरवासी की भूमिका को दर्शाती थी।

प्र.1 भारत में प्राचीन काल मे मोहरें किस पदार्थ से बनाई जाती थी। 1

प्र.2 मेसोपोटामिया की मुहरों में किस प्रकार के लेख पाये जाते हैं? 2

प्र.3 मुहरों को बनाने वाले कुशल कारीगरों के बारे में आप क्या जानते हैं? 2

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें –

### वार्का शीर्ष

3000 ई.पू. उरुक नगर में स्त्री का यह सिर एक सफ़ेद संगमरमर को तराशकर बनाया गया था। इसकी आँखों और भौंहों में क्रमशः नीले लाजवर्द (Lapis Lazuli) तथा सफ़ेद सीपी और काले डामर (Bitumen) की जड़ाई की जाती है। यह एक ऐसे कठोर पत्थर में तराशा गया है जिसे काफी अधिक दूरी से लाना पड़ा होगा।

प्र.1 वार्का शीर्ष को कब बनाया गया और किस पत्थर को तराशकर बनाया गया था? 2

प्र.2 स्त्री का सिर किस प्रकार बनाया गया है। और उसकी क्या विशेषताएं हैं? 2

प्र.3 स्त्री की मूर्ति या सिर की प्रसिद्धि का कारण क्या है? 1

## विषय – 3

## तीन महाद्वीपों में फैला साम्राज्य

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

### दासों के प्रति व्यवहार

कुछ ही समय बाद शहर के शासक ल्यूसियस पेडेनियस सेकंड्स का उसके एक दास ने कत्ल कर दिया। कत्ल के पश्चात्, पुराने रिवाज के अनुसार यह आवश्यक था कि एक ही छत के नीचे रहने वाले प्रत्येक दास को फाँसी दे दी जाए। परंतु बहुत से निर्दोष लोगों को बचाने के लिए भीड़ एकत्र हो गई और दंगे शुरू हो गए। सैनेट भवन को घेर लिया गया। हालाँकि सैनेट भवन में अत्यधिक कठोरता का विरोध किया जा रहा था परंतु अधिकांश सदस्यों ने परिवर्तन किए जाने का विरोध किया। जो सैनेटर फाँसी देने के पक्ष में थे, उनकी बात मानी गई। परंतु पत्थर और जलती हुई मशालें लिए भारी भीड़ ने इस आदेश को कार्यान्वित किए जाने से रोका। नीरो ने अभिलेख द्वारा इन लोगों को फटकार लगाई। उन सारे मार्गों पर सेना लगा दी जहाँ सैनिकों के साथ दोषियों को फाँसी पर चढ़ाने के लिए ले जाया जा रहा था।

प्र.1 टैसिटस कौन था? 1

प्र.2 नीरों ने इन लोगों के प्रति क्या रवैया अपनाया था? 2

प्र.3 रोमन साम्राज्य में सीनेट की स्थिति कैसी थी? 2

2. **रोमन अभिजात वर्ग की आमदनियाँ पांचवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में**

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

रोम के ऊँचे घरानों में से प्रत्येक के पास अपने आप में वह सब कुछ मौजूद था जो एक मध्यम आकार के शहर में हो सकता है। एक घुड़दौड़ का मैदान (हिप्पोड्रोम), अनेक मंच–मंदिर, फव्वारे और विभिन्न प्रकार के स्नानागार......... बहुत से रोमन परिवारों को अपनी संपत्ति से प्रतिवर्ष 4,000 पाउंड सोने की आय प्राप्त होती थी, जिसमें अनाज, शराब और अन्य उपज

शामिल नहीं थीं इन उपजों को बेचने पर सोने में प्राप्त आय के एक–तिहाई के बराबर आमदनी हो सकती थी। रोम में द्वितीय श्रेणी के परिवारों की आय 1000 अथवा 1500 पाउंड सोना थी।

थेब्स का ओलिपिओडोरस

प्र.1 हिप्पोड्रोम का क्या अर्थ है? 1

प्र.2 रोम में द्वितीय श्रेणी के परिवारों की प्रति वर्ष आय कितनी थी। 2

प्र.3 रोम के ऊँचे घरानों के पास क्या–क्या संसाधन थे? 2

## विषय – 4

## इस्लाम का उदय और विस्तार

## लगभग 500–1200 ई.

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

### आदर्श विद्यार्थी

बारहवीं शताब्दी के बगदाद में कानून और चिकित्सा के विषयों के विद्वान अब्द–अल–लतीफ अपने आदर्श विद्यार्थी से बात कर रहे हैं –

''मेरा अनुरोध है कि आप बिना किसी की सहायता के, केवल पुस्तकों से ही, विज्ञान न सीखें, चाहे आपको समझने की अपनी योग्यता पर भरोसा हो। उन्हें प्रत्येक विषय के लिए, जिसका ज्ञान आप प्राप्त करना चाहते हो, अध्यापकों का सहारा लें और यदि आपके अध्यापक का ज्ञान सीमित हो तो जो कुछ वह दे सकता है उसे प्राप्त कर लें जब तक आपको उससे योग्य अध्यापक न मिल जाए। आपको अध्यापक का आदर और सम्मान अवश्य करना चाहिए। जब आप कोई पुस्तक पढ़ें, तो उसे कंठस्थ करने और उसके अर्थ पर पूर्ण अधिकार प्राप्त कर लें। मान लो कि पुस्तक खो गई है और आप उसे छोड़ सकते हैं तब पुस्तक कंठस्थ होने पर आपका कुछ नहीं बिगड़ेगा। व्यक्ति को इतिहास की पुस्तकें पढ़नी चाहिए, जीवनियों और राष्ट्रों के अनुभवों का अध्ययन करना चाहिए।''

प्र.1 अब्दुल लतीफ कौन है? 1

प्र.2 अब्दुल लतीफ अपने आदर्श विद्यार्थी से किस संदर्भ में बात कर रहे हैं? 2

प्र.3 व्यक्ति को इतिहास की पुस्तकें क्यों पढ़नी चाहिए। 2

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

कागज की उपलब्धता के कारण सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी दस्तावेजों को लिखना भी सुविधाजनक हो गया। 1896 में फुस्तात (पुराना काहिरा) में बेन एज़रा के यहूदी प्रार्थना–भवन के एक सीलबंद कमरे (गेनिज़ा, जिसका उच्चारण गनिज़ा के रूप में किया जाता है) में मध्यकाल के यहूदी दस्तवेजों का एक विशाल संग्रह मिला। ये दस्तावेज इस यहूदी प्रथा के कारण सँभाल कर रखे गए थे कि ऐसी किसी भी लिखावट को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें परमेश्वर का नाम लिखा हुआ हो। गेनिज़ा में लगभग ढाई लाख पांडुलिपियाँ और उनके टुकड़े थे, जिनमें कई आठवीं शताब्दी के मध्यकाल की भी थीं। अधिकांश सामग्री दसवीं से तेरहवीं शताब्दी तक की थी, अर्थात् फातिमी, अयूबी और प्रारंभिक मामलुक काल की थीं। इनमें व्यापारियों, परिवारों के सदस्यों, और दोस्तों के बीच लिखे गए पत्र, संविदा, दहेज से जुड़े वादे, बिक्री दस्तावेज, धुलाई के कपड़ों की सूचियाँ और अन्य मामूली चीजें शामिल थीं। अधिकतर दस्तावेज यहूदी–अरबी भाषा में लिखे गए थे, जो हिब्रू अक्षरों में लिखी जाने वाली अरबी भाषा का ही रूप था, जिसका उपयोग समूचे मध्यकालीन भूमध्यसागरीय क्षेत्र में यहूदी समुदायों द्वारा आमतौर पर किया जाता था। गेनिज़ा दस्तावेज निजी और आर्थिक अनुभवों से भरे हुए हैं और वे भूमध्यसागरीय और इस्लामी संस्कृति की अंदरूनी जानकारी प्रस्तुत करते हैं। इन दस्तावेजों से यह भी पता चलता है कि मध्यकालीन इस्लामी जगत के व्यापारियों के व्यापारिक कौशल और वाणिज्यिक तकनीकें उनके यूरोपीय प्रतिपक्षियों की तुलना में बहुत अधिक उन्नत थीं। गेटिन ने गेनिज़ा अभिलेखों का प्रयोग करते हुए भूमध्यसागर का इतिहास कई संग्रहों में लिखा। गेनिज़ा के एक पत्र से प्रेरित होकर अमिताभ घोष ने अपनी पुस्तक इन एन एंटीक लैंड में एक भारतीय दास की कहानी प्रस्तुत की है।

प्र.1 कागज की उपलब्धता के क्या लाभ हुए? यह इस्लामी दुनिया के बाकी हिस्से में यह कैसे पहुँचा? 1

प्र.2 मध्यकाल के यहूदी दस्तावेजों का एक विशाल संग्रह कब और कहाँ मिला था? 2

प्र.3 कागज सर्वप्रथम कहाँ से आया था तथा किस प्रकार निर्मित किया जाता था? 2

3. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

### इस्लामी कैलेंडर

हिज़री सन् की स्थापना उमर की खिलाफत के समय की गई थी, जिसका पहला वर्ष 622 ई. में पड़ता था। हिज़री सन् की तारीख को जब अंग्रेजी में लिखा जाता है तो वर्ष के बाद ए.एच. लगाया जाता है। हिज़री वर्ष चंद्र वर्ष है, जिसमें 354 दिन, 29 अथवा 30 दिनों के 12 महीने होते हैं। प्रत्येक दिन सूर्यास्त के समय से शुरू होता है। हिज़री वर्ष सौर वर्ष से 11 दिन कम होता है। अतः हिज़री का कोई भी धार्मिक त्योहार, जिसमें रमजान के रोज़े, ईद और हज शामिल हैं, मौसम के अनुरूप नहीं होता।

प्र.1 पैगम्बर मुहम्मद का जन्म कब और कहाँ हुआ था? 1

प्र.2 हिज़री की स्थापना किसके समय की गई और इसका पहला वर्ष कब पड़ता है? 2

प्र.3 हिज़री में कौन–कौन से धार्मिक त्योहार शामिल हैं। 2

## विषय – 5

## यायावर साम्राज्य

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर अन्त में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

### बुखारा पर कब्ज़ा

परवर्ती तेरहवीं शताब्दी के ईरान के मंगोल शासकों के एक फ़ारसी इतिवृत्तकार जुवैनी (Juwaini) ने 1220 ई. में बुखारा की विजय का वृत्तांत दिया है। जुवैनी के कथनानुसार नगर की विजय के बाद चंगेज़ खान उत्सव मैदान में गया जहाँ पर नगर के धनी व्यापारी एकत्रित थे। उसने उन्हें संबोधित कर कहा, ''अरे लोगों! तुम्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि तुम लोगों ने अनेक पाप किए हैं और तुममें से जो अधिक सम्पन्न लोग हैं उन्होंने सबसे अधिक पाप किए हैं। अगर तुम मुझसे पूछो कि इसका मेरे पास क्या प्रमाण है तो इसके लिए मैं कहूँगा कि मैं ईश्वर का दंड हूँ। यदि तुमने पाप न किए होते तो ईश्वर ने मुझे दंड हेतु तुम्हारे पास न भेजा होता......'' अब कोई व्यक्ति, बुखारा पर अधिकार होने के बाद खुरासान भाग गया था। उससे नगर के भाग्य के बारे में पूछने पर उसने उत्तर दिया, 'वे (नगर) आए, दीवारों को ध्वस्त कर दिया, जला दिया, लोगों को वध किया, लूटा और चल दिए।'

प्र.1 जुवैनी कौन था? 1

प्र.2 चंगेज खान ने उत्सव मैदान में किन लोगों को संबोधित किया और क्यों? 2

प्र.3 व्यक्ति ने बुखारा का भाग्य पूछने पर क्या उत्तर दिया? 2

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर अन्त में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**यास**

1221 में बुखारा पर विजय प्राप्त करने के बाद चंगेज़ खान ने वहाँ के अमीर मुसलमान निवासियों को 'उत्सव मैदान' में एकत्रित कर उनकी भर्त्सना की। उसने उनको पापी कहा और चेतावनी दी कि इन पापों के प्रायश्चितस्वरूप उनको अपना छिपा हुआ धन उसे देना पड़ेगा। यह वर्णन करने योग्य एक नाटकीय घटना थी जिसको लोगों ने लंबे समय तक याद रखा और उस पर चित्र बनाए। सोलहवीं शताब्दी के अंत में चंगेज़ खान के सबसे बड़े पुत्र चोजी का एक दूर का वंशज अब्दुल्लाह खान बुखारा के उसी उत्सव मैदान में गया। चंगेज़ खान के विपरीत अब्दुल्लाह खान वहाँ छुट्टी की नमाज़ अदा करने गया। उसके इतिहासकार हफ़ीज–ए–तानीश ने अपने स्वामी की इस मुस्लिम धर्म–परायणता का विवरण अपने इतिवृत्त में दिया और साथ में यह चौंका देने वाली टिप्पणी भी कीः 'कि यह चंगेज़ खान के यास के अनुसार था'।

प्र.1 यास से क्या अभिप्राय है? इसका प्रचलन कब और किसने किया? 2

प्र.2 हफीज–ए–तानीश ने अब्दुल्लाह खान के विषय में क्या टिप्पणी की? 1

प्र.3 चंगेज खान ने मुसलमानों को कहाँ एकत्रित किया और क्या चेतावनी दी? 2

3. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर अन्त में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**गज़न खान का भाषण**

गज़न खान (1295–1304) पहला इल–खानी शासक था जिसने धर्म–परिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण किया। उसने अपने मंगोल–तुर्की यायावर सेनापतियों को निम्न भाषण दिया जिसे संभवतः उसके इरानी वज़ीर रशीदुद्दीन ने लिखा था और जिसे मंत्री के पत्रों में शामिल किया गया थाः।

''मैं फ़ारस के कृषक वर्ग के पक्ष में नहीं हूँ। यदि उन सबको लूटने का कोई उद्देश्य है, तो ऐसा करने के लिए मेरे से अधिक शक्तिशाली और कोई

नहीं है, चलो हम सब मिल कर उन्हें लूटते हैं। लेकिन अगर आप निश्चित रूप से भविष्य में अपने भोजन के लिए अनाज और भोज्य–सामग्री इकट्ठा करना चाते हैं तो मुझे आपके साथ कठोर होना पड़ेगा। आपको तर्क और बुद्धि से काम लेना सिखाना पड़ेगा। यदि आप कृषकों का अपमान करेंगे, उनसे उनके बैल और अनाज के बीज छीन लेंगे और उनकी फसलों को कुचल डालेंगे, तो आप भविष्य में क्या करेंगे? एक आज्ञाकारी कृषक वर्ग और एक विद्रोही कृषक वर्ग में अंतर समझना आवश्यक है।........''

प्र.1 गज़न खान कौन था? 1

प्र.2 गज़न खान द्वारा कृषकों का पक्ष लेने के क्या कारण थे? 2

प्र.3 रशीदुद्दीन कौन था? उसके योगदान को लिखिए। 2

## विषय – 6

## तीन वर्ग

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   बारहवीं सदी में, बिंगेन के आबेस हिल्डेगार्ड (Hildegard) ने लिखा– 'कौन चरवाहा अपने समस्त पशुओं, गायों, गधों, भेड़ों, बकरियों को कोई अंतर किए बिना एक अस्तबल में रखने की सोचेगा? इसलिए मनुष्यों में भी अंतर स्थापित करना आवश्यक है जिससे वे एक–दूसरे को तबाह न करें, ईश्वर अपने रेवड़ में अंतर रखता है चाहे स्वर्ग पर अथवा पृथ्वी पर। उसके द्वारा सबको प्यार मिलता हैं। परंतु उमें कोई समानता नहीं है।

   प्र.1 उपरोक्त पंक्तियां किसके द्वारा लिखी गई है? 1

   प्र.2 मनुष्यों में अन्तर स्थापित करना आवश्यक है, इसके लिये क्या तर्क दिए गये हैं? 2

   प्र.3 चरवाहा अपने पशुओं को कहाँ रखने की सोचेगा? 2

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   "दावत के दिनों में हमारे द्वारा अक्सर अनुभव की जाने वाली कमी, जगह की संकीर्णता, अत्यधिक यंत्रणा और शोर के कारण भागकर स्त्रियों का पुरुषों के सिरों के ऊपर स्थित वेदिका पर चले जाना–ये सब कुछ ऐसे कारण थे कि हमने पवित्र चर्च को विस्तृत एवं व्यापक बनाने का निर्णय लिया...

विभिन्न क्षेत्रों से आए अनेक विशेषज्ञों के अति कुशल हाथों से तरह–तरह की शानदार नयी खिड़कियों की पुताई कराई, क्योंकि ये खिड़कियाँ अपने अद्‌भुत निष्पादन और बहुत महँगे रंजित व सफ़ायर काँच के कारण बहुत मूल्यवान थीं इसलिए उनकी रक्षा के लिए हमने एक सरकारी प्रधान शिल्पकार और स्वर्णकार की नियुक्ति की, वे अपनी तनख्वाह वेदिका से सिक्कों के रूप में और आटा अपने भाईबंधुओं के सार्वजनिक भंडार से ले सकते थे; वे उन कला वस्तुओं की देखरेख के कर्तव्यों की उपेक्षा कभी नहीं कर सकते थे।"

प्र.1 पवित्र चर्च को विस्तृत एवं व्यापक बनाने का निर्णय क्यों लिया गया? कोई दो कारण बताइए। 2

प्र.2 बड़े–बड़े चर्चों को किस नाम से पुकारा जाता था? 1

प्र.3 बड़े चर्च में एक सरकारी प्रधान शिल्पकार और स्वर्णकार की नियुक्ति क्यों की गई? 2

3. बेनेडिक्टीन (Benedictine) मठों में, भिक्षुओं के लिए एक हस्तलिखित पुस्तक होती थी जिसमें नियमों के 73 अध्याय थे। इसका पालन भिक्षुओं द्वारा कई सदियों तक किया जाता रहा। इस पुस्तक के कुछ नियम इस प्रकार हैं –

अध्याय 6 : भिक्षुओं को बोलने की आज्ञा कभी–कभी दी जानी चाहिए।

अध्याय 7 : विनम्रता का अर्थ है आज्ञपालन।

अध्याय 33 : किसी भी भिक्षु को निजी संपत्ति नहीं रखनी चाहिए।

अध्याय 47 : आलस्य आत्मा का शत्रु है, इसलिए भिक्षु और भिक्षुणियों को निश्चित समय में शारीरिक श्रम और निश्चित घंटों में पवित्र पाठ करना चाहिए।

अध्याय 48 : मठ इस प्रकार बनाने चाहिए कि आवश्यकता की समस्त वस्तुएँ–जल, चक्की, उद्यान, कार्यशाला सभी उसकी सीमा के अंदर हों।

प्र.1 विनम्रता का क्या अर्थ है? यह मनुष्यों के लिए जरूरी क्यों है? 1

प्र.2 सम्पत्ति संबंधी नियम किस अध्याय में है? आलस्य क्या है? 2

प्र.3 मठों का निर्माण किस प्रकार किया जाना चाहिए? 2

## विषय — 7

## बदलती हुई सांस्कृतिक परम्पराएँ

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

निकोलो मैक्यिावेली (Niccolo Machiavelli) अपने ग्रंथ दि प्रिंस (1513) के पंद्रहवें अध्याय में मनुष्य के स्वभाव के बारे में लिखते हैं —

''काल्पनिक बातों को यदि अलग कर दें और केवल उन्हीं विषयों के बारे में सोचें जो वास्तव में हैं, मैं यह कहता हूँ कि जब भी मनुष्यों के बारे में चर्चा होती है (विशेषकर राजकुमारों के बारे में, जो जनता की नजर में रहते हैं) तो इनमें अनेक गुण देखे जाते हैं जिनके कारण वे प्रशंसा या निंदा के योग्य बने हैं। उदाहरण के लिए, कुछ को दानी माना जाता है और अन्य को कंजूस। कुछ लोगों को हितैषी माना जाता है तो अन्य को लोभी कहा जाता है, कुछ निर्दयी और कुछ दयालु। एक व्यक्ति अविश्वसनीय और दूसरा घमंडी, एक व्यक्ति कामुक दूसरा पवित्र, एक निष्कपट दूसरा चालाक, एक अड़ियल दूसर लचीला, एक गंभीर दूसरा छिछोरा, एक धार्मिक दूसरा संदेही इत्यादि।

मैक्यिावेली यह मानते थे कि 'सभी मनुष्य बुरे हैं और वह अपने दुष्ट स्वभाव को प्रदर्शित करने में सदैव तत्पर रहते हैं क्योंकि कुछ हद तक मनुष्य की इच्छाएँ अपूर्ण रह जाती है।' मैक्यिावेली ने देखा कि इसके पीछे, प्रमुख कारण है कि मनुष्य अपने समस्त कार्यों में अपना स्वार्थ देखता है।''

प्र.1 उपरोक्त विवरण किस पुस्तक से लिया गया है और इसके लेखक का क्या नाम है? 2

प्र.2 निकोलो मैक्यिावली मनुष्य के स्वभाव के बारे में क्या लिखते हैं? 2

प्र.3 मनुष्य की इच्छाएं अपूर्ण क्यों रह जाती है? 1

## कलाकार और यथार्थवाद

2. ''कला प्रकृति में रची बसी होती है। जो इसके सार को पकड़ सकता है। वही इसे हासिल कर सकता है। इसके अलावा आप अपनी कला को गणित द्वारा दर्शा सकते हैं। जिंदगी की अपनी आकृति से अपनी कृति जितनी जुड़ी होगी उतना ही सुन्दर, आपका चित्र होगा कोई भी आदमी सिर्फ अपनी कल्पना मात्र से एक सुन्दर आकृति नहीं बना सकता जब तक उसने अपने मन को जीवन की प्रति छवि से न भर लिया हो।''

प्र.1 व्यक्ति सुन्दर आकृति किस प्रकार बना सकता है? 1

प्र.2 यथार्थवाद से क्या अभिप्राय है? 2

प्र.3 व्यक्ति कल्पना मात्र से एक सुन्दर आकृति क्यों नहीं बना सकता? वर्णन कीजिए। 2

3. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''इस बात से सब लोग सहमत होंगे कि वे आपको धर्म ग्रंथ के ज्ञान से दूर रखने के लिए यह चाहते थे कि धर्म ग्रंथ के अनुवाद आपकी मातृ भाषा में उपलब्ध न हो सके जिससे दुनिया अंधकार में ही रहे और वे (पुरोहित वर्ग) लोगों के अंतःकरण में बने रहे जिससे उनके द्वारा बनाए व्यर्थ के अंधविश्वास और झूठे धर्म सिद्धान्त चलते रहे जिसके रहते उनकी ऊँची आकाक्षाएं और अतृप्त लोलुप्ता पूरी हो सके। इस तरह वे राजा, सम्राट और यहाँ तक कि अपने को अपने ईश्वर से भी ऊँचा बना सके जिस बात ने मुझे मुख्य रूप से न्यू टेस्टामेंट का अनुवाद करने की प्रेरणा दी। मुझे अपने अनुभवों से ज्ञात हुआ कि सामान्य लोगों की किसी भी सच्चाई की तब तक जानकारी नहीं हो सकती जब तक उनके पास अपने धर्म ग्रंथ के मातृभाषा में अनुवाद उपलब्ध न हो। इन अनुवादों से ही वे अपने धर्म ग्रन्थ की परिपाटी क्रम और अर्थ को समझ सकेंगे।

प्र.1 धर्मग्रन्थों को मातृभाषा में होना क्यों आवश्यक है? 1

प्र.2 पाप स्वीकारोक्ति क्या थी? 2

प्र.3 टॉमस मोर और इरेस्मस कौन थे? चर्च के बारे में उनके क्या विचार थे? 2

## विषय – 8

## संस्कृतियों में टकराव

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें –

बनार्ड डियाज डेल कैस्टिलों ने अपने 'ट्रूर हिस्ट्री ऑफ मैक्सिको' में लिखा है कि टैबेस्को के लोगों ने कोर्टेस को डोना मैरीना नाम की एक सहायिका दी थी। वह तीन भाषाओं में प्रवीण थी और उसने कोर्टेस के लिए दुभाषिये के रूप में बहुत निर्णायक भूमिका अदा की। ''यह हमारी जीतों की जोरदार शुरूआत थी और डोना मैरीना की सहायता के बिना हम नए स्पेन और मैक्सिकों की भाषा नहीं समझ सकते थे''। डियाज़ सोचता था कि वह एक

राजकुमारी थी लेकिन मैक्सिकन लोग उसे मालिंच यानी विश्वासघातिनी कहते थे। मालिंचिस्टा का अर्थ है– वह व्यक्ति जो दूसरों की भाषा और कपड़ों की हू–ब–हू नकल करता है।

प्र.1 कोर्टेस कौन था? उसने किस नगर पर अधिकार किया? 2

प्र.2 डोना मैरीना कौन थी? उसने किस प्रकार कोर्टेस की सहायता की? 2

प्र.3 मालिंचिस्टा का क्या अर्थ है? 1

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान पुर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

आज भी अनेक सैलानी इंका लोगों के कला–कौशल के नमूनों को देखकर दंग रह जाते हैं। हालाँकि चिली के कवि नेरुदा (Neruda) जैसे भी कुछ लोग हैं, जिन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला है कि ऐसे विपरीत वातावरण में खेती, शिल्प, स्थापत्य आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए हज़ारों लोगों को कितने कठोर परिश्रम के लिए बाध्य किया गया होगा।



"ऐ खेत जोतने वालो, बुनकरो, ऊँचे खतरनाक मचान पर चढ़कर चिनाई करने वाले राजगीरो, ऐंडीज़ के मेहनतकश पनहारो, अपनी कुचली हुई उँगलियों वाले जौहरियो, अपने लगाए पौधों की खुशहाली के लिए चिंतातुर किसानो, मिट्टी में बरबाद हुए कुम्हारो–

ज़रा ज़मीन की गहराइयों से झाँककर मेरी ओर से देखो; अपने पुराने दुख–दर्दों को मिट्टी में दफ़नाकर ज़िंदगी का नया प्याला भर लाओ;

तुमने इन खेतों, खलिहानों, खदानों में जो खून बहाया है जरा उसका नमूना तो मुझे दिखलाओ; ज़रा बताओ किः यहाँ मुझ पर चाबुक की मार पड़ी थी क्योंकि मेरा तराशा गया एक हीरा ज़रा धुँधला रह गया था। अथवा यह धरती अपने अनाज या पत्थर का हिस्सा समय पर नहीं दे सकी थी।"

प्र.1 कवि नेरुदा कौन थे? उन्होंने इंका लोगों के कला–कौशल के नमूने देखकर कैसा महसूस किया? 2

प्र.2 दिए गए चित्रा को पहचानिए। 1

प्र.3 उनके परिश्रम के दो उदाहरण दीजिए। 2

## पिजारो और इंका लोग

3. पिज़ारो निर्धन और निरक्षर था। वह 1502 में सेना में नियुक्त होकर कैरीबियन द्वीप समूह में आया था उसने कहानियों में इंका राज्य के विषय मं यह सुन रखा था कि वह चाँदी और सोने का मुल्क है। उसने प्रशान्त से वहाँ पहुँचने के लिए अनेक प्रयास किए। एक दफा जब वह अपनी यात्रा से घर (स्पेन) लौटा तो वह स्पेन के शासक से मिलने में कामयाब हो गया। इस मुलाकात के समय उसने राजा को इंका के कारीगरों द्वारा निर्मित सोने के सुन्दर–सुन्दर मर्तबान दिखाए। राजा के मन में लालच जाग उठा और उसने पिज़ारो को यह वचन दे दिया कि यदि वह इंका प्रदेश को जीत लेगा तो उसे वहाँ का राज्यपाल (गर्वनर) बना दिया जाएगा। पिजारों ने कोर्टेस का तरीका अपनाने की योजना बनाई। किंतु वह यह देखकर क्षुब्ध हुआ कि इंका साम्राज्य की दशा वहाँ से अलग थी।

प्र.1 पिज़ारो कौन था? वह किस द्वीप समूह से आया था? 1

प्र.2 इंका राज्य के विषय में पिज़ारों ने क्या सुन रखा था? 2

प्र.3 राजा ने पिज़ारों को क्या वचन दिया था? 2

## विषय – 9

## औद्योगिक क्रान्ति

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

ब्रिटेन के निबंधकार और उपन्यासकार डी.एच. लॉरेन्स ने (1885–1930), डिकेन्स के सत्तर साल बाद, कोयला क्षेत्र में स्थित एक गाँव में आए ऐसे परिवर्तन का इस प्रकार वर्णन किया जिसे उन्होंने स्वयं अनुभव नहीं किया था, लेकिन जिसके बारे में उन्होंने अपने बड़े–बुजुर्गों से सुना था।

"ईस्टवुड... उन्नीसवीं सदी की शुरूआत में अवश्य ही एक छोटा गाँव रहा होगा जहाँ छोटी–छोटी झोपड़ियाँ थी, खान मजदूरों के चार कमरों वाले छोटे–छोटे घरों की छिटपुट कतारें थीं और पुराने खान मालिकों के आवास थे... लेकिन 1820 के आसपास किसी समय कंपनी ने पहला बड़ा शैफ़्ट लगाया होगा... और औद्योगिक कोयला खान की पहली वास्तविक मशीनरी लगाई... मजदूरों के रहने के छोटे–छोटे घरों की कतारें अधिकतर गिरा दी गईं और फिर नाटिंघम रोड़ के साथ–साथ छोटी–छोटी दुकानें खुलने लगीं और नीचे ढलान में कंपनी ने कुछ इमारतें बनाई जिन्हें आज भी 'नयी इमारते' कहा जाता है... भद्दी, काली

गली में खुलने वाली छोटे–छोटे चार कमरों वाले घरों की कतारे ज़िनकी पीठ चौकोर निर्जन स्थल की ओर थी, बेरकों के बाड़े की तरह बंद कर दी गई, बड़ा अजीब लगता है यह सब।"

प्र.1 उपर्युक्त के लेखक कौन है? 1

प्र.2 क्या लेखक ने इस अनुच्छेद में अपने स्वयं के अनुभवों का वर्णन किया है? 2

प्र.3. इस अनुच्छेद के माध्यम से लेखक क्या बताने का प्रयास कर रहें हैं? 2

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

चार्ल्स डिकन्स (1812–1870) औद्योगिकरण के परिणाम स्वरूप गरीबों के लिए जो भयंकर स्थिति उत्पन्न हुई उसके संभवत सबसे कठोर समकालीन आलोचक थे उन्होंने अपने उपन्यास हार्ड टाइम्स में एक काल्पनिक औद्योगिक नगर कोकटाउन का बड़ा सटीक वर्णन किया है, यह लाल ईंटों से बना एक नगर था लेकिन उसकी ईंटों का रंग लाल तभी रह सकता था यदि धुएं और राख ने उसे पोतकर बदरंग न कर दिया होता, लेकिन हालत यह थी कि यह कस्बा अजीब लाल और काले रंग के मिश्रण से पुता था मानो वह किसी खूंखार आदमी का चेहरा हो, यह मशीनों और उन लंबी गगन चुंबी चिमनियों का शहर था जिसमें से धुएं के साँपों की अटूट पंक्तियां कभी कुंडलित न होकर लगातार निकलती रही थी इस नगर में एक काली नहर थी और एक नदी भी थी जिसका पानी बदबूदार रंजक गंदगी से भरकर बैंगनी रंग का हो गया था वहाँ ढेरो इमारतें थी जो उनके भीतर चलने वाली मशीनों के कारण हर दम काँपती रहती थी और उनकी खिड़कियाँ हमेशा खड़कती रहती थी और वहाँ भाप के इंजन का पिस्टन उकताहट के साथ ऊपर नीचे होता रहता था मानो किसी हाथी का सिर हो जो अपने दुःख भरे पागलपन में आँखे फाड़े एक ही और देख रहा हो।

प्र.1 क्या आप चार्ल्स डिकन्स द्वारा वर्णित औद्योगिकरण के प्रभावों से सहमत हैं। अगर हाँ तो क्यों? 1

प्र.2 औद्योगीकरण का औरतों और बच्चों पर पड़े प्रभावों का वर्णन कीजिए। 2

प्र.3 औरतो और बच्चों के काम की परिस्थितियों में सुधार लाने के लिए बनाए गए कानूनों का उल्लेख कीजिए। 2

## विषय – 10

## मूल निवासियों का विस्थापन

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

इसलिए वाशिंगटन में बैठा महान मुखिया (ग्रेट चीफ) जब यह संदेश भेजता है कि वह हमारी जमीन खरीदना चाहता है, तो वह हम से कुछ ज्यादा ही उम्मीद करता है। महान मुखिया का संदेश है कि वह हमारे लिए कोई जगह मुकर्रर कर देंगे, ताकि हम आराम से रह सकेंगे। वह हमारे पिता होंगे और हम उनके बच्चे होंगे। इसलिए हम इस जमीन को खरीदे जाने के प्रस्ताव पर विचार करेंगे। लेकिन यह आसान न होगा क्योंकि यह जमीन हमारे लिए पावन है। धाराओं और नदियों में बहता हुआ चमकीला पानी सिर्फ पानी नहीं है, वह हमारे पुरखों का लहू है। अगर हम आपको जमीन बेच दें तो आपको यह याद रखना होगा कि वह पवित्र हैं और अपने बच्चों को सिखाना होगा कि वह पवित्र है और उसके तालाबों के निथरे हुए पानी में दिखता हर भूतहा प्रतिबिंब मेरी जनता के जीवन की घटनाओं और स्मृतियों का बयान करता है। पानी का कलकल मेरे पिता के पिता की आवाज है..........'

प्र.1 महान मुखिया का क्या सन्देश है? 1

प्र.2 मूलनिवासियों को अपनी जमीन व संसाधनों के प्रति लगाव क्यों है? 2

प्र.3 धाराओं और नदियों में बहता चमकीला पानी सिर्फ पानी क्यों नहीं है? स्पष्ट कीजिए। 2

2. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### सिडनी के इलाके का एक वर्णन, 1790

''ब्रिटिशों की उपस्थिति ने आदिवासियों के उत्पादन को नाटकीय ढंग से अस्त–व्यस्त कर दिया। हजारों भूखे मुखों के आने से, जिनके पीछे–पीछे सैकड़ों और आए, स्थानीय खाद्य संसाधनों पर अभूतपूर्व दबाव पड़ा।

तो दारूक लोगों ने इन सबके बारे में क्या सोचा होगा? उनके लिए पवित्र स्थानों का इतने बड़े पैमाने पर विनाश और अपनी जमीन के प्रति विचित्र, हिंसक बर्ताव समझ से परे था। ये नवागंतुक बिना वजह पेड़ों को काटते जाते। यह बिना वजह इसलिए जान पड़ता था कि उन्हें न डोंगी बनानी थीं, न जंगली शहद इकट्ठा करना था और न ही जानवर पकड़ने थे। पत्थरों को हटाकर उनका चट्टा लगा दिया गया, मिट्टी खोद कर उसे आकार देकर पका दिया

गया, जमीन में गड्ढ़े बना दिए गए, बहुत भारी–भरकम इमारतें तैयार कर दी गई। पहले–पहल उन्होंने इस सफाई की तुलना किसी पवित्र आनुष्ठानिक भूमि के निर्माण से की होगी..... सभवतः उन्होंने सोचा कि एक विशाल कर्मकांडी जलसा होने जा रहा है और यह एक खतरनाक धंधा होगा, जिससे उन्हें पूरी तरह दूर रहना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि इसके बाद दारूक उन बस्तियों से बचकर रहने लगे, और राजकीय अपहरण ही उन्हें वापस लाने का एकमात्र तरीका था।''

प्र.1 उपरोक्त पंक्तियों का वर्णन किसके बारे में है? तथा कब किया गया? 1

प्र.2 आदिवासियों के उत्पादन को नष्ट करने के क्या दुष्परिणाम हुए वर्णन कीजिए। 2

प्र.3 नवागंतुक द्वारा किये गये कार्य से आदिवासियों पर क्या प्रभाव पड़ा? 2

## विषय – 11

## आधुनिकीकरण के रास्ते

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की सरकार 1949 में कायम हुई। यह 'नए लोकतंत्र' के सिद्धांतों पर आधारित थी। 'सर्वहारा की तानाशाही', जिसे कायम करने का दावा सोवियत संघ का था, से भिन्न नया लोकतंत्र सभी सामाजिक वर्गों का गठबंधन था। अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्र सरकार के नियंत्रण में रखे गए और निजी कारखानों और भूस्वामित्व को धीरे–धीरे खत्म किया गया। यह कार्यक्रम 1953 तक चला जब सरकार ने समाजवादी बदलाव का कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। 1958 में लंबी छलाँग वाले आंदोलन की नीति के जरिए देश का तेजी से औद्योगीकरण करने की कोशिश की गई। लोगों को अपने घर के पिछवाड़े में इस्पात की भट्टियाँ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीण इलाकों में पीपुल्स कम्यून्स–जहाँ लोक इकट्ठे जमीन के मालिक थे और मिल–जुलकर फसल उगाते थे–शुरू किये गये। 1958 तक 26,000 ऐसे समुदाय थे जो कि कृषक आबादी का 98 प्रतिशत था।

प्र.1 रिपब्लिक ऑफ चाइना की सरकार कब कायम हुई? 1

प्र.2 सर्वहारा की तानाशाही से क्या अभिप्राय है? इसका प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था? 2

प्र.3 लम्बी छलांग वाला आन्दोलन कब और क्यों शुरु किया गया? 2

2. जापानी भाषा एक साथ तीन लिपियों का प्रयोग करती है। इनमें से एक कांजी, जापानियों ने चीनियो से छठी शताब्दी में ली। चूँकि उनकी भाषा चीनी भाषा से बहुत अलग है, उन्होंने दो ध्वन्यात्मक वर्णमालाओं का विकास भी किया–हीरागानाऔर कताकाना। हीरागाना नारी सुलभ समझी जाती है क्योंकि हेआन काल में बहुत–सी लेखिकाएँ इसका इस्तेमाल करती थी। जैसे कि मुंरासाकी। यह चीनी चित्रात्मक चिह्नों और ध्वन्यात्मक अक्षरों (हीरागाना अथवा कताकाना) को मिलाकर लिखी जाती है। शब्द का प्रमुख भाग कांजी के चिन्ह से लिखा जाता है और बाकी का हीरागाना में।

ध्वन्यात्मक अक्षरमाला की मौजूदगी के चलते ज्ञान कुलीन वर्गों से व्यापक समाज में काफी तेजी से फैल सका। 1880 के दशक में यह सुझाव दिया गया कि जापानी या तो परूी तरह से ध्वन्यात्मक लिपि का विकास करें या कोई यूरोपीय भाषा अपना लें। दोनों में से कुछ भी नहीं किया गया।

1. कांजी लिपि जापानियों ने किस देश से और कब ली थी ? 1
2. हीरागाना नारी सुलभ क्यों समझी जाती थी स्पष्ट कीजिए ? 2
3. दो ध्वन्यात्मक वर्णमालाओ के नाम लिखिए। 2

3. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

इनका जन्म एक गरीब सामुराई परिवार में हुआ इनकी शिक्षा नागासाकी और ओसाका में हुई इन्होंने डच और पश्चिमी विज्ञान पढ़ा और बाद में अंग्रेजी भी। 1860 में वे अमरीका में पहले जापानी दूतावास में अनुवादक के रुप में गए इससे इन्हें पश्चिम पर किताब लिखने के लिये बहुत कुछ मिला उन्होंने अपने विचार क्लासिकी नही बल्कि बोलने चालने के अंदाज में लिखे यह किताब बहुत ही लोकप्रिय हुई इन्होंने एक शिक्षा संस्थान स्थापित किया जो आज केओ विश्व विद्यालय के नाम से जाना जाता हे। वे मेरोकुशा संस्था के मुख्य सदस्यों में से थे। ये संस्था पश्चिमी शिक्षा का प्रचार करती थी।

प्र.1 फुकुज़ावा यूकिची जापान के किस काल के प्रमुख बुद्धिजीवियों में से एक थे? 1

प्र.2 मेरोकुशा क्या था? 'जापान को अपने में से एशिया निकाल फेंकना चाहिए' से उनका क्या तात्पर्य था? 2

प्र.3 उन्होंने अपनी पुस्तक में क्या लिखा है। 2

4. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

अपनी एक किताब, ज्ञान के लिए प्रोत्साहन (गाकुनोन नो सुसुमे, 1872—76) में उन्होंने जापानी ज्ञान की कड़ी आलोचना की: "जापान के पास प्राकृतिक दृश्यों के अलावा गर्व करने के लिए कुछ भी नहीं है" उन्होंने आधुनिक कारखानों व संस्थानों के अलावा पश्चिम के सांस्कृतिक सारतत्त्व को भी बढ़ावा दिया जो कि उनके मुताबिक सभ्यता की आत्मा है। उसके जरिये एक नया नागरिक बनाया जा सकेगा। उनका सिद्धांत था, "स्वर्ग ने इंसान को इंसान के ऊपर नहीं बनाया, न ही इंसान के नीचे"।

प्र.1 प्रस्तुत अनुच्छेद के लेखक का नाम लिखिए। 1

प्र.2 लेखक ने किस चीज़ की आलोचना की? आलोचना करने के लिए उन्होंने क्या तर्क दिया? 2

प्र.3 लेखक ने 'सभ्यता की आत्मा' किस को कहा? उनका क्या सिद्धान्त था। 2

# Case Study Based Questions
# केस स्टडी आधारित प्रश्न

## विषय 1 – समय की शुरुआत से

'होमो' लातिनी भाषा का एक शब्द है जिसका अर्थ है 'आदमी' यद्यपि इसमें पुरुष और स्त्री दोनों शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने होमो को कई प्रजातियों में बांटा है और इन प्रजातियो को उनकी विशेषताओं के अनुसार अलग–अलग नाम दिए हैं। इस प्रकार जीवाश्मों को होमो हैबिलिस, होमो एरेक्टस (सीधे खड़े होकर पैरों के बल चलने वाले) और होमो सैपियंस के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

होमो हैबिलिस के जीवाश्म इथियोपिया में ओमो और तंजानिया में ओल्डुवई गोर्ज से प्राप्त किए गए हैं। होमो एरेक्टस के प्राचीनतम जीवाश्म अफ्रीका और एशिया दोनों महाद्वीपों में पाए गए हैं, यथा–कूबीफोरा और पश्चिमी तुर्काना, केन्या, मोड़ जोकर्तो और संगीरन, जावा। एशिया में पाए गए जीवाश्म अफ्रीका में पाए गए जीवाश्मों की तुलना में परवर्ती काल के हैं, इसलिए यह अधिक संभव है कि होमीनिड पूर्वी अफ्रीका से चलकर दक्षिणी और उत्तरी अफ्रीका, दक्षिणी तथा पूर्वोत्तर एशिया, और शायद यूरोप में भी, 20 से 15 लाख वर्ष पहले गए। ये प्रजातियाँ लगभग दस लाख वर्ष पहले तक जीवित रहीं।

1. लेटिन भाषा के शब्द 'होमो' का क्या अर्थ है?
   (क) चिंपैजी (ख) आदमी
   (ग) वानर (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2. (i) होमो कई प्रजातियों में बंटे हैं।
   (ii) 'होमो' की प्रजातियों को अलग–अलग नाम दिए गए हैं।
   (iii) होमो एरेक्टस सीधे खड़े होकर पैरों के बल चलने वाले प्राणी हैं।
   (iv) होमोसैपियंस चिंतनशील मनुष्य के रूप में जाने जाते हैं।
   उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं'
   (क) केवल (i), (ii)
   (ख) केवल (i), (ii), (iii)
   (ग) केवल (ii), (iii)
   (घ) उपरोक्त सभी।

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है–

**कथन (A)**– होमीनिड पूर्वी अफ्रीका से चलकर दक्षिणी तथा पूर्वोत्तर एशिया में 20 से 15 लाख वर्ष पहले गए।

**कारण (R)**– एशिया में पाए गए जीवाश्म अफ्रीका में पाए गए जीवाश्मों की तुलना में परवर्ती काल के हैं।

(क) केवल कथन सही है। (ख) केवल कारण सही है।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कथन कारण का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कथन कारण का सही स्पष्टीकरण है।

## विषय 2 – लेखन कला और शहरी जीवन



1. उपर्युक्त चित्र में दर्शित मोहरें किस काल की हैं?

(क) 5वी सदी (ख) 11वी सदी

(ग) 12वी सदी (घ) पहली सहस्त्राब्दी ई.पू.

2. (i) प्राचीन सभ्यता की मोहरें पत्थर की होती थी।

(ii) प्राचीन सभ्यता की मोहरों पर चिह्न अंकित होते थे।

(iii) ये मोहरें बेलनाकार होती थी।

(iv) ये मोहरें आरपार छिदी होती थी।

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं'

(क) केवल (i), (ii) (ख) केवल (i), (ii), (iii)

(ग) केवल (i), (iii) (घ) उपरोक्त सभी।

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है–

**कथन (A)**– मुद्रा सार्वजनिक जीवन में नगरवासी की भूमिका को दर्शाती है।

**कारण (R)**– मुद्रा पर कभी–कभी ऐसे लेख होते थे, जैसे मालिक का नाम, उसके इष्टदेव का नाम और उसकी अपनी पदीय स्थिति आदि।

(क) केवल कथन सही है।

(ख) केवल कारण सही है।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कथन कारण का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कथन कारण का सही स्पष्टीकरण है।

## विषय 3 – तीन महाद्वीपों में फैला हुआ साम्राज्य

### सम्राट त्राजान का स्वप्न – भारत की विजय?

तत्पश्चात भयंकर भूकंप से पीड़ित एटिऑक में सर्दियों के बाद (115/16) में फरात नदी के रास्ते आगे की ओर बढ़ता हुआ पार्थियन की राजधानी टेसीफून तक चला गया और फिर फारस की खाड़ी सिरे तक पहुंच गया। इतिहासकार कैसियस डियो (Cassius Dio) के अनुसार यहां पर वर भारत की ओर जाने वाले किसी वाणिज्यिक पोत को लालायित नजरों से देख रहा था और चाह रहा था कि काश वह सिकंदर जैसा जवान होता।

1. त्राजान को सिकंदर की तरह जवान होने की इच्छा कहाँ हुई?

(क) लाल सागर के पास

(ख) फारस की खाड़ी के सिरे पर

(ग) फरात नदी पर

(घ) एंटिऑक में

2. त्राजान कहाँ के सम्राट थे?

(क) ससानी (ख) रोमन साम्राज्य

(ग) भारत (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

3. कैसियस डियो कौन था?

(क) सम्राट (ख) इतिहासकार

(ग) सेनापति (घ) सैनिक

4. त्राजान फरात नदी के रास्ते कहाँ पहुँचा?
   (क) एंटिऑक (ख) टेसीफून
   (ग) सिकंदरिया (घ) रोम

## विषय 4 – इस्लाम का उदय और विस्तार

## कागज, गेनिनो अभिलेख और इतिहास

कागज के आविष्कार के बाद इस्लामी जगत में लिखित रचनाओ का व्यापक रूप से प्रसार होने लगा। कागज (लिनन से निर्मित) चीन में आया था, जहाँ कागज बनाने की प्रक्रिया को बहुत सावधानी से गुप्त रखा गया था। 751 में, समरकंद के मुसलमान प्रशासक ने 20000 चीनी आक्रमणकारियों को बंदी बना लिया, जिनमें से कुछ कागज बनाने में बहुत निपुण थे। अगले सौ वर्षों के लिए समरकंद का कागज निर्यात की एक महत्वपूर्ण वस्तु बन गया। चूँकि इस्लाम एकाधिकार का निषेध करता है, इसीलिए कागज इस्लामी दुनिया के बाकी हिस्सों में बनया जाने लगा। दसवीं शताब्दी के मध्य भाग तक इसने अधिकांशतः पेपाइरस का स्थान ले लिया था। पैपाइरस एक ऐसी लेखन सामग्री थी, जिसे एक ऐसे पौधे के अंदरुनी तने से बनाया जाता था जो नील घाटी में बहुतायत से उगता था, कागज की माँग बढ़ गई, और अब्द अल–लतीफ जो बगदाद से आया हुआ एक चिकित्सक था और 1193 से 1207 तक मिस्र का निवासी था, लिखता है कि मिस्र के किसानों ने ममियों के ऊपर लपेटे गए लिनन से बने हुए आवरण प्राप्त करने के लिए कब्रों को किस तरह लूटा था, ताकि वे इन लिनन आवरणों को कागज के कारखानों को बेच सके।

1. कागज का आविष्कार कहाँ हुआ?
   (क) समरकंद (ख) चीन
   (ग) भारत (घ) गेनिजा
2. 751 में समरकंद के प्रशासक ने 20,000 चीनी आक्रमणकारियों को बंदी क्यों बना लिया?
   (i) चीनी युद्ध हार गये।
   (ii) कागज बनाना सीखने के लिए।
   (iii) पैपाइरस बनाना सीखने के लिए।

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं'

(क) केवल (i), (ii)

(ख) केवल (i), (ii), (iii)

(ग) केवल (ii), (iii)

(घ) केवल (iii)

3. 'मिस्र के किसान ममियों को लूटते थे', क्यों? सही विकल्प चुनिए।

(i) घर बनाने के लिए

(ii) भौतिक अवशेष देखने के लिए

(iii) लिलन को बेचने के लिए

## विषय 5 – यायावर साम्राज्य

डेबिड आयलॉन के शोध के बाद यास पर हाल ही में हुआ कार्य (वह नियम संहिता, जिसके बारे में कहा जाता है कि चंगेज खान ने 1206 के किरिलताई में लागू की थी) उन जटिल विधियों का विस्तृत वर्णन करता है जो महान खान की स्मृति को बनाए रखने के लिए उसके उत्तराधिकारियों ने प्रयुक्त की थीं। अपने प्रारंभिक स्वरूप में यास को यसाक लिखा जाता था, जिसका अर्थ था–विधि, आज्ञाप्ति व आदेश। वास्तव में जो थोड़ा बहुत विवरण यसाक के बारे में हमें मिला है, उसका संबंध प्रशासनिक विनियमों से है, जैसे–आखेट, सैन्य और डाक प्रणाली का संगठन। तेरहवीं शताब्दी के मध्य तक, किसी तरह से मंगोलों ने यास शब्द का प्रयोग ज्यादा सामान्य रूप में करना शुरु कर दिया। इसका मतलब था चंगेज खान की विधि–संहिता।

1. डेविड आयलॉन ने किस विषयवस्तु पर शोध किया?

(क) आखेट (ख) यास

(ग) कबीलों (घ) इनमें से कोई नहीं।

2. (i) यास एक नियम संहिता थी।

(ii) इसको चंगेज खान ने 1206 में लागू किया था।

(iii) यास का अर्थ होता था – विधि, आज्ञाप्ति व आदेश।

(iv) 400 सैनिकों ने यास को तैयार किया था।

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं'

(क) केवल (i), (ii)

(ख) केवल (i), (ii), (iii)

(ग) केवल (ii), (iii)

(घ) उपरोक्त सभी।

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है–

**कथन (A)**– तेरहवीं शताब्दी तक मंगोलों ने यास शब्द का प्रयोग ज्यादा सामान्य रूप से करना शुरु कर दिया, जिसका मतलब था–चंगेज खान की विधि संहिता।

**कारण (R)**– यास का संबंध प्रशासनिक विनियमों से था–जैसे, आखेट, सैन्य और डाक प्रणाली का संगठन।

(क) केवल कथन सही है।

(ख) केवल कारण सही है।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कथन कारण का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कथन कारण का सही स्पष्टीकरण है।

## विषय 6 – तीन वर्ग



1. ऐबी क्या थे?

(i) धर्मिक समुदाय

(ii) मठ

(iii) शहर

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं'

(क) केवल (i), (ii)

(ख) केवल (i), (ii), (iii)

(ग) केवल (ii), (iii)

(घ) केवल (i)

2. यह इमारत कहाँ स्थित है?

| | |
|---|---|
| (क) इटली | (ख) फ्रांस |
| (ग) इंग्लैंड | (घ) जर्मनी |

4. यह इमारत किस धार्मिक समुदाय की है?

| | |
|---|---|
| (क) ईसाई | (ख) मुस्लिम |
| (ग) यहूदी | (घ) बौद्ध |

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं'

(क) केवल (i), (ii)

(ख) केवल (i), (ii), (iii)

(ग) केवल (ii), (iii)

(घ) उपरोक्त सभी।

## विषय 7 – बदलती हुई सांस्कृतिक परम्पराएँ

1506 में अंग्रेजी भाषा में बाईबल का अनुवाद करने वाले, लूथरवादी अंग्रेज, विलियम टिंडेल ने प्रोटेस्टैंटवाद का इस तरह समर्थन किया–

''इस बात से सब लोग सहमत होंगे कि आपको धर्मग्रंथ के ज्ञान से दूर रखने के लिए यह चाहते थे कि धर्मग्रंथ के अनुवाद आपकी मातृभाषा में उपलब्ध न हो सकें जिससे दुनिया अंधकार में ही रहे और वे (पुरोहित वग) लोगों के अंतःकरण में ही बने रहें, जिसके रहते उनकी ऊँची आकांक्षाएँ और अतृप्त लोलुपता पूरी हो सके ... जिस बात ने मुझे मुख्य रूप से न्यू टेस्टामेंट का अनुवाद करने की प्रेरणा दी। मुझे अपने अनुभवों से ज्ञात हुआ कि सामान्य लोगों को किसी भी सच्चाई की तब तक जानकारी नहीं हो सकती जब तक उनके पास अपने धर्मग्रंथ के मातृभाषा में अनुवाद उपलब्ध न हों। इन अनुवादों से ही वे धर्मग्रंथ की परिपाटी, क्रम और अर्थ समझ सकेंगे।

1. 1506 में लूथरवादी अंग्रेज विलियम टिंडेल ने किस मत का समर्थन किया?

(क) रोमन कैथोलिक (ख) प्रोटेस्टैंटवाद

(ग) यहूदी (घ) पारसी

2. (i) पुरोहित वर्ग चाहते थे कि धर्मग्रंथ के अनुवाद लोगों की मातृभाषा में उपलब्ध न हों।

(ii) ताकि लोगों के अंतःकरण में अंधविश्वास व झूठे धर्मसिद्धान्त चलते रहें।

(iii) पुरोहित वर्ग अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु लोगों को अंधविश्वासों की ओर प्रेरित करते थे।

(iv) पुरोहित वर्ग लोगों के सामने तर्क और विज्ञान पर आधारित तथ्य रखते थे।

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं'

(क) केवल (i), (ii)

(ख) केवल (i), (ii), (iii)

(ग) केवल (ii), (iii)

(घ) उपरोक्त सभी।

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है–

**कथन (A)**– सामान्य लोगों को धर्मग्रन्थों की तर्कसंगत व वास्तविक जानकारी उपलब्ध हो सकती है।

**कारण (R)**– धर्मग्रंथों के मातृभाषा में अनुवाद उपलब्ध होने से आध्यात्मिक सच्चाई उजागर हो जाती है।

(क) केवल कथन सही है।

(ख) केवल कारण सही है।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कथन कारण का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कथन कारण का सही स्पष्टीकरण है।

## विषय 8 – संस्कृतियों का टकराव

चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:



1. उपरोक्त चित्र किस से संबंधित है?
   (क) वार्काशीर्ष (उरुक)
   (ख) आस्ट्रेलिया का मूल निवासी
   (ग) जापान की आधुनिक लड़की
   (घ) पेरु की औरत की प्रतिमा
2. (i) प्रथम इंका सम्राट मैंको कपाक थे।
   (ii) उन्होंने कुज़को में अपनी राजधानी स्थापित की।
   (iii) कुज़को नाम मेक्सिली नामक देवता के नाम पर पड़ा।
   उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं–
   (क) केवल (i), (ii)
   (ख) केवल (ii), (iii)
   (ग) उपरोक्त सभी
3. इंका पर निम्न में से किसने शासन स्थापित किया?
   (क) स्पेनवासियों ने (ख) पुर्तगालियों ने
   (ग) फ्रांसिसियों ने (घ) अंग्रेजों ने

## विषय 9 – औद्योगिक क्रान्ति

चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:



1. उपरोक्त चित्र में क्या दर्शाया गया है?
   (क) मूल निवासियों का विस्थापन (ख) रोम कालीन दास
   (ग) औद्योगिक मजदूर (घ) मंगोल

2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है–

**कथन (A)**– औद्योगिक शहरों में श्रमिकों की स्थिति बहुत दयनीय थी। वो तंग गलियों में छोटे–छोटे मकानों में रहते थे।

**कारण (R)**– जिसके कारण उनके स्वास्थ्य पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ा और वे बहुत सी बीमारियों के शिकार हो गए।

(क) केवल कथन सही है।

(ख) केवल कारण सही है।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कथन कारण का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कथन कारण का सही स्पष्टीकरण है।

3. (i) औद्योगिक क्रान्ति मिश्रित वरदान सिद्ध हुई।

(ii) औद्योगिक क्रान्ति के दौरान पूँजीपति और मजदूर दो वर्गों का जन्म हुआ।

(iii) सर्वप्रथम औद्योगिक क्रान्ति चीन में हुई।

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं–

(क) केवल (i), (ii)

(ख) केवल (ii), (iii)

(ग) उपरोक्त सभी

## विषय 10 – मूलनिवासियों का विस्थापन

''प्रस्तर की पट्टी पर यह खुदा था कि होपी यह मानते थे कि उनके पास वापस आने वाले पहले भाई तथा बहन धरती के पार से कछुओं के रूप में आएँगे। वे इन्सान होंगे, लेकिन कछुओं के रूप में आएँगे। इस प्रकार जब वक्त आया, तो होपी लोग धरती के उस पार से आनेवाले उन कछुओं का स्वागत करने के लिए एक विशेष गाँव में इकट्ठा हुए। वे सुबह–सुबह उठ गए तथा उन्होंने सूर्योदय देखा। उन्होंने मरुभूमि के दूसरी तरफ नजर दौड़ाई तथा उन्हें बख़्तरबंद स्पेनी कॉन्क्विस्टाडोर दिखलाई पड़े, जो धरती के दूसरे छोर से आते कछुओं की तरह लग रहे थे। जिसे, उन्होंने समझा, से वही हैं जिनका इंतज़ार था। इसलिए वे स्पेनी इन्सान के पास गए तथा हाथ मिलाने की उम्मीद से अपना हाथ बढ़ाया, किन्तु स्पेनी ने उनके हाथ में कोई सस्ती–सी चीज़ पकड़ा दी। तथा इससे पूरे उत्तरी अमरीका में यह बात फैल गई कि बहुत मुश्किल समय आने वाला है, कि शायद कुछ भाइयों तथा बहनों ने सभी चीज़ों

की पवित्रता को भुला दिया है तथा इसकी वजह से धरती पर सभी इन्सान का काफी कष्ट पानेवाले हैं।'

1. होपी कहाँ के निवासी थे?

(क) इटली (ख) स्पेन

(ग) कैलीफोर्निया (घ) पुर्तगाल

2. (i) होपी लोगों का मानना था कि उनके भाई बहन धरती पर कछुए के रूप में आयेंगे।

(ii) होपी लोग स्वयं भी कछुए थे।

(iii) स्पेनवासी कछुए के रूप में उनके पास आए।

उपरोक्त कथन में से कौन–कौन से कथन सत्य हैं–

(क) केवल (i)

(ख) केवल (ii), (iii)

(ग) उपरोक्त सभी

3. शुरुआत में मूलनिवासियों का व्यवहार नव आगन्तुकों के प्रति कैसा था?

(क) दोस्ताना (ख) आक्रामक

(ग) शंकाग्रस्त

## विषय 11 – आधुनिकीकरण के रास्ते

चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः



1. उपरोक्त चित्र में क्या दर्शाया गया है?

(क) औरतों का कार क्लब (ख) डिपार्टमेण्टल स्टोर

(ग) थियेटर (घ) रेडियो स्टेशन

2. 'मोगा' शब्द किसलिए प्रयुक्त होता था?

(क) रत्न (ख) फैशनेबुल

(ग) आधुनिक लड़की (घ) नायिका

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है–

**कथन (A)**– 20वीं शताब्दी के जापान में लिंग समानता का दौर था।

**कारण (R)**– बहुत सी स्त्रियों ने अभिनेत्री के रूप में कार्य करना आरम्भ किया।

(क) केवल कथन सही है।

(ख) केवल कारण सही है।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कथन कारण का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कथन कारण का सही स्पष्टीकरण है।

# मानचित्र सम्बन्धित कार्य

## विषय – 1

## अफ़्रीका




## पूर्वी अफ़्रीका की विभ्रंश (रिफ़्ट) घाटी



## अभ्यास मानचित्र
## अफ्रीका




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये अफ्रीका के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

   i) मोरक्को, ii) चाड, iii) केन्या, iv) सोमालिया, v) मोजाम्बिक

2. दिये गये अफ्रीका के मानचित्र में 1–3 स्थान दिए गए हैं। उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।

## यूरोप


उत्तरी सागर
यूनाइटेड किंगडम
स्वॉन्ससकोम्ब
बॉक्सग्रोव
शोनीजेन
निअंडर घाटी
जर्मनी
चेक गणराज्य
वेस्तोनाइस
प्रेडमोस्टी
हीडलबर्ग
अटलांटिक महासागर
फ्रांस
इटली
लेसकॉक्स
अमाटा
गुफा
आल्टामीरा
शोवे
स्पेन
अल्जीरिया
मोरक्को
भूमध्यसागर

## यूरोप
## (अभ्यास मानचित्र)




**मानचित्र कार्य :**

1. दिए गऐ यूरोप मानचित्र में 1–3 स्थान दिए गए हैं उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।
2. दिए गए यूरोप के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

   i) स्पेन, ii) इटली, iii) फ्रांस, iv) लेजरेट गुफा, v) निअंडर घाटी

## विषय – 2
## पश्चिम एशिया






## अभ्यास मानचित्र
## पश्चिम एशिया




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये पश्चिम एशिया के मानचित्र में 1–3 स्थान दिए गए हैं उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।
2. दिये गये यूरोप के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

   i) सीरिया, ii) लेबनान, iii) उरुक, iv) दजला नदी, v) फरात नदी

## मेसोपोटामिया


मारी
मरुस्थल
उर
कृषि उत्पादकता का प्रदेश (सिंचित)
वर्षा सिंचित कृषि प्रदेश की दक्षिणी सीमा
पर्वतीय क्षेत्र

## अभ्यास मानचित्र
## मेसोपोटामिया




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये मानचित्र में मेसोपोटामिया के पाँच स्थान 1–3 दिए गए हैं उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।

## विषय – 3

## यूरोप और उत्तरी अफ्रीका



## अभ्यास मानचित्र
## यूरोप और उत्तरी अफ्रीका




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये यूरोप व उत्तरी अफ्रीका के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

   i) रोम, ii) सिसली, iii) दमिश्क, iv) कुस्तुंतुनिया, v) नेपल्स

2. दिये गये यूरोप व उत्तरी अफ्रीका के मानचित्र में 1–3 स्थान दिए गए हैं, उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।

# पश्चिम एशिया


काला सागर
कुंस्तुनतुनिया
आर्मेनिया
कैस्पियन सागर
बुख़ारा
समरकंद
अफ़गानिस्तान
ऐडेसा
ऐंटीओक
दजला नदी
दमिश्क
सीरिया
फ़रात नदी
बग़दाद
टेसीफ़ोन
फ़ारस
(ईरान)
भूमध्यसागर
फिलिस्तीन
जूडेया
सहारा मरुस्थल
फ़ारस की खाड़ी
मदीना
लाल सागर
मक्का
अरब
नील नदी
अरब सागर

## अभ्यास मानचित्र
## पश्चिम एशिया




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये पश्चिम एशिया के मानचित्र के 1–3 स्थान दिखाये गये हैं उसे पहचान कर उसके नाम लिखो।
2. दिये गये पश्चिम एशिया के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

   i) काहिरा, ii) बगदाद, iii) मदीना, iv) मक्का, v) ईराक

# विषय — 4

## इस्लामी क्षेत्र



## अभ्यास मानचित्र
## इस्लामी क्षेत्र




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये मानचित्र में इस्लामिक क्षेत्रों के पाँच स्थान 1–3 स्थान दिए गए हैं उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।
2. दिये गये इस्लामिक क्षेत्र के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।
   i) समरकंद, ii) निशापुर, iii) दमिश्क, iv) जेरूसलम, v) गजनी

# विषय – 5

## मंगोल साम्राज्य



## अभ्यास मानचित्र
## मंगोल साम्राज्य




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये एशिया (मंगोल साम्राज्य) के रेखा मानचित्र में मंगोल साम्राज्य से सम्बन्धित 1–3 स्थान दिए गए हैं, उन्हें पहचान कर उनके नाम अंकित रेखा पर लिखिये।

# मंगोलों के अभियान



यूरोप
मॉस्को
गोल्डन होर्ड का खानेत
काला सागर
कैस्पियन सागर
चग़ताई साम्राज्य
काराकोरम
तुर्फ़ान
हांगज़ाऊ
बुखारा
ताशकंद
समरकंद
निशापुर
हिरात
भूमध्यसागर
दमिश्क
बग़दाद
बाल्ख
इल-खान साम्राज्य
ओमुर्ज़
दिल्ली सल्तनत
तिब्बत
महान खान का साम्राज्य
गेज़िऊ
हिमालय
अरब
लाल सागर
भारत
बर्मा
बंगाल की खाड़ी
अरब सागर
हिंद महासागर
चंगेज़ खान के नेतृत्व में मंगोल साम्राज्य
1259 के पश्चात मंगोल अभियान
रेशम मार्ग की दिशा

## अभ्यास मानचित्र
## मंगोलों के अभियान



**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित मंगोल साम्राज्य से सम्बन्धित स्थानों को अंकित कीजिए।

   i) कराकोरम, ii) तुर्फान, iii) हिरात, iv) मर्व, v) ताशकन्द

विषय – 6

पश्चिमी यूरोप



## अभ्यास मानचित्र

## पश्चिमी यूरोप




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये पश्चिमी यूरोप के मानचित्र में 1–5 स्थान दिए गए हैं। उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।
2. दिये गये पश्चिमी यूरोप के मानचित्र में निम्नलिखित स्थान दर्शाइए।

   i) विएना, ii) सार्डीनिया, iii) सिसली

## विषय – 7

## इटली के राज्य



## अभ्यास मानचित्र

## इटली के राज्य




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये मानचित्र में इटली के 1–3 राज्य दिखाए गए हैं। उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए।
2. दिये गये इटली के मानचित्र में प्रमुख शहरों को दर्शायें।

   i) पादुआ, ii) वेनिस, iii) फलोरेंस, iv) रोम, v) बोलोनिया।

## विषय – 8
## मध्य अमरीका और कैरीबियन द्वीप समूह



## अभ्यास मानचित्र
## मध्य अमरीका



**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये मध्य अमरीका के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।
   i) एजटेक साम्राज्य, ii) माया संस्कृति, iii) इंका साम्राज्य, iv) बहामा
   v) क्यूबा

# दक्षिणी अमरीका



कैरीबियन सागर
उत्तर अटलांटिक
महासागर
1494
सांता फ़े
क्वेटो
इक्वेडोर
स्पेनी
पुर्तगाली
ब्राज़ील
लीमा
पेरू
दक्षिण प्रशांत
महासागर
रियो द जैनेरियो
चिली
दक्षिण अटलांटिक
महासागर
सैंटियागो
ब्युनस एअरीज़
अर्जेन्टीना
स्पेन के क्षेत्र
पुर्तगाल के क्षेत्र
डच के क्षेत्र
इंग्लिश क्षेत्र
फ्रांसीसी क्षेत्र
1494 टार्डीसिलास संधि के अनुसार विभाजन रेखा
सोलहवीं सदी के अंत में स्पेन और पुर्तगाल
के प्रभाव क्षेत्रों का बँटवारा

## अभ्यास मानचित्र
## दक्षिण अमरीका



**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये दक्षिण अमरीका के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

1) क्वेटा    2) इक्वेडोर    3) पेरू

4) चिली    5) ब्राजील

## अफ्रीका
## (वे जगहें जहाँ से दास पकड़कर ले जाए गए)



## अभ्यास मानचित्र

## अफ्रीका




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये अफ्रीका के मानचित्र में 1–3 स्थान दिखाए गए हैं जहाँ से दास पकड़कर ले जाये गए उन स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए।
2. दिये गए अफ्रीका के मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शायें।

   1) कांगों, 2) त्रिपोली, 3) काहिरा, 4) मैडागास्कर, 5) अलमीरा

## विषय – 9

## ब्रिटेन : लौह उद्योग



## अभ्यास मानचित्र
## लौह और कोयला उत्पादन क्षेत्र




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये ब्रिटेन के मानचित्र में वस्त्र उत्पादन के 1–3 स्थान दिए गए हैं। उन्हें पहचानकर उनके नाम लिखिए।

## विषय — 9
## ब्रिटेन : सूती उद्योग



# अभ्यास मानचित्र
## सूती वस्त्र उद्योग




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये ब्रिटेन के मानचित्र में वस्त्र उत्पादन के 1–3 स्थान दिए गए हैं। उन्हें पहचानकर उनके नाम लिखिए।
2. दिये गए ब्रिटेन के मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाये वस्त्र उत्पादन

   1) मैनचेस्टर 2) लंकाशायर 3) बर्मिंघम

# विषय – 10

## आस्ट्रेलिया



## अभ्यास मानचित्र
## आस्ट्रेलिया




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये आस्ट्रेलिया के मानचित्र में 1–3 स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए।

## संयुक्त राज्य अमरीका का विस्तार



## अभ्यास मानचित्र
## संयुक्त राज्य अमरीका




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये संयुक्त राज्य अमरीका के मानचित्र में अंकित 1–5 स्थानों को पहचान कर लिखिए।

विषय – 11

# पूर्व एशिया



## अभ्यास मानचित्र
## पूर्व एशिया




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये पूर्वी एशिया के मानचित्र में 1–5 स्थानों को पहचानकर अंकित कीजिए।

## लाँग मार्च (चीन)



साम्यवादी क्षेत्र
लॉग मार्च का मुख्यमार्ग
अन्य मार्ग
मंचूरिया
बाहरी
मंगोलिया
पीकिंग
(पीत नदी)
कोरिया
येनान
ह्वांगहो नदी
ची
न
सछुवान
यांग सी नदी
क्यांगसी
जूचिन
ताइवान
यून्नान
क्वांगसी
बर्मा

## अभ्यास मानचित्र




**मानचित्र कार्य :**

1. दिये गये मानचित्र में तीन साम्यवादी क्षेत्र को दर्शाइए।
2. दिये गये मानचित्र में अंकित स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए।

## परियोजना कार्य सम्बन्धित विद्यार्थियों के लिए
## मुख्य जानकारी

1. प्रथम पृष्ठ पर विद्यार्थी –परियोजना कार्य लिखें।
   विषय– (अध्याय का नाम)
   उपविषय (जिस पर विद्यार्थी बनाना चाहे)
2. दूसरे पृष्ठ पर विद्यार्थी –अपना नाम (छात्र / छात्रा का नाम)
   कक्षा – XI
   विभाग – A
   अनुक्रमांक – CBSE Roll No.
   विद्यालय का नाम –
   सत्र – 2018–2019
3. तीसरा पृष्ठ – अनुसूची (INDEX)
4. चौथा पृष्ठ – आभार ज्ञापन
5. परियोजना कार्य का विस्तार से वर्णन :
6. ग्रंथ सूची – वेबसाइट
   पुस्तक (लेखक / लेखकों के नाम सहित)
   पत्रिका एवं प्रतिवेदन
   अखबार एवं पत्र–पत्रिकाएँ
   पाठ्यपुस्तक
   अन्य सहयोग
7. अन्तिम पृष्ठ पर – शिक्षक / शिक्षिका की टिप्पणी
   1) सहयोगिता एवं सहभागिता ............................
   2) प्रस्तुतीकरण, दृश्यता, प्रमाणिकता एवं स्वच्छता .............................
   3) परियोजना–कार्य जमा करने की तिथि .............................
   4) कुल प्राप्तांक ..............................
   5) टिप्पणी ..............................
   6) शिक्षक / शिक्षिका के हस्ताक्षर .............................. तिथि ..............................

नोटः– विद्यार्थियों का 5 या 6 का समूह होगा तथा प्रोजेक्ट की फाईल 15–20 पृष्ठ से अधिक की मान्य नहीं है।

**ASSESSMENT**

**Allocation of Marks (20)**

The marks will be allocated under the following heads :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Project Synopsis | 2 Marks |
| 2. | Timeline / Explanation and Interpretation / Map Work | 5 Marks |
| 3. | Visual / Overall Presentation | 4 Marks |
| 4. | Analysis / Data / Statistical Analysis | 4 Marks |
| 5. | Bibliography | 1 Mark |
| 6. | Viva | 4 Marks |
| | **Total** | **20 Marks** |

***Note : The project reports are to be preserved by the school till the final results are declared, for scrutiny by CBSE.***

## परियोजना कार्य – नमूना

## विषय – 9 औद्योगिक क्रांति

1. परियोजना का विषय – औद्योगिक क्रांति का मूल, महत्वपूर्ण अविष्कार और औद्योगिक क्रांति से संबंधित लाभ।
2. परिचय – इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति का मूल महत्वपूर्ण अविष्कार और इंग्लैंड पर इसका प्रभाव कैसे विषय का विस्तार से अध्ययन।
3. कौशल विकास – चिंतन–मनन, अवलोकन कार्य और तथ्यों का मूल्यांकन।
4. वर्गीकरण – आँकड़ा संग्रहण और विश्लेषण
5. कार्य निर्देश – विद्यार्थियों द्वारा औद्योगिक क्रांति के मूल और विकास से संबंधित जानकारियों का संग्रहण, औद्योगिक क्रांति से संबंधित विकास और समाज पर इसका क्या प्रभाव पड़ा जानकारी हासिल करना। विद्यार्थी द्वारा 6 से 8 पृष्ठ का हस्तलिपि (हाथ से लिखना) तैयार कर परियोजना का अनिवार्य कार्य होगा।

6. कार्य विधि – प्रथम औद्योगिक क्रान्ति कहाँ कब तथा उसे किस नाम से पुकारा जाता था। विद्यार्थी पाठ्यपुस्तक की सहायता से लिखेंगे। समाज और अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ा? स्वयं लिखें।

7. औद्योगिक क्रान्ति के कारण – जनसंख्या अधिक होना
   – कार्यालय लंदन में थे
   – वित्तीय प्रणाली अच्छी होना
   – परिवहन व्यवस्था उचित होना इत्यादि

8. आविष्कार – अठारहवीं शताब्दी में कुल मिलाकर 26,000 आविष्कार हुए। उनमें से आधे से अधिक आष्किार 1782 से 1800 तक की अवार्ध में ही हुए थे। इन आविष्कारों के कारण अनेक परिवर्तन हुए जिनमें चार बड़े परिवर्तन निम्नलिखित थे :–
   i) लोहे उद्योग का रूपांतरण
   ii) कपास की कताई और बुनाई
   iii) भाप की शक्ति का विकास और
   iv) रेल मार्गों की शुरूआत

   (उपरोक्त सभी का विद्यार्थी स्वयं वर्णन करें पाठ्यपुस्तक की सहायता से पृष्ठ संख्या 198 से 203 पर जानकारी दी गई है)

9. प्रभाव – मजदूरों पर अन्य प्रभाव पड़ा
   औरतों और बच्चों पर
   (पाठ्यपुस्तक का पृष्ठ संख्या 205 से 207 पर सम्पूर्ण जानकारी दी गई है। विद्यार्थी स्वयं लिखें।

10. विरोध आंदोलन – पाठ्यपुस्तक पृष्ठ संख्या – 208, 209

11. कानूनों के जरिये सुधार – पाठ्यपुस्तक पृष्ठ संख्या 210 पर दी गई जानकारी को पढ़ें और स्वयं लिखें।

12. परिणाम – यह केवल आर्थिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं थे।

समाज पर प्रभाव दो वर्ग बने –

1) बुर्जआ वर्ग (मध्यम वर्ग)
2) नगरों और देहाती इलाकों में रहने वाला मजदूरों का सर्वहारा वर्ग।

अंत में इतिहास ए.ई. मरूसन ने कहा है कि ''1850 से 1914 तक की अवधि को एक ऐसा काल मानने के लिए पर्याप्त आधार है जिसमें औद्योगिक क्रांति वास्तव में अत्यंत व्यापक पैमाने पर हुई जिसमें सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था और समाज की कायापलट अन्य किसी भी परिवर्तन के मुकाबले बड़ी तेजी से और व्यापक रूप में हुआ था।

**(सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव विद्यार्थी स्वयं लिखें)**

नोट – विद्यार्थी पाठ्यपुस्तक तथा वेबसाइट से उचित चित्र का प्रयोग परियोजना कार्य में करें।

# परियोजना कार्य
## Suggested Topics

**पाठ–1** परियोजना कार्य में प्रारंभिक समाजों में मानव के अस्तित्व व विकास की जानकारी को समय रेखा व चित्रों की सहायता से दर्शाया जाए। मानचित्र की सहायता से विश्व में आदिममानव के साक्ष्य स्थल दिखाए जाएँ। औजारों व पहिए का मॉडल भी बनाया जा सकता है।

**पाठ–2** मेसोपोटामिया की सभ्यता में शहरीकरण व विकास की प्रक्रिया को समय रेखा, चित्रों व मानचित्रों की सहायता से परियोजना कार्य में दिखाएँ। लेखन कला की मॉडल के माध्यम से दिखाएँ। मेसोपोटामिया की विश्व को देन की सम्पूर्ण जानकारी दें।

**पाठ–3** रोमन साम्राज्य की संपूर्ण जानकारी चित्रों, मानचित्रों तथा समय रेखा की सहायता से दर्शायें। सम्राट, सीनेट व सेना की भूमिका, सम्राज्य व प्रसार व पतन की जानकारी दें।

(जूलियस सीजर का नाटिका भी प्रस्तुत कर सकते हैं।)

**पाठ–4** परियोजना कार्य में इस्लाम धर्म के उदय, प्रचार व प्रसार की गहन जानकारी चित्रों, मानचित्रों तथा समय रेखा की सहायता से करें। इस्लामी वास्तुकला के चित्र एकत्र करें।

**पाठ–5** चंगेज खान व उसके मंगोल साम्राज्य के विस्तार को समझाते हुए उसकी सैनिक उपलब्धियाँ, यास प्रणाली, उलुस व्यवस्था के चित्रों, मानचित्रों व समय रेखा की सहायता से परियोजना कार्य किया जाए।

**पाठ–6** फ्रांसीसी समाज के तीन वर्गों को विस्तार से समझाते हुए पादरी, अभिजात व कृषक वर्ग एवं उनके कार्यों को बताएं। तालिका, चित्र, मानचित्र व समय रेखा की सहायता से परियोजना कार्य किया जाए।

**पाठ–7** मानवतावादी पुनर्जागरण काल के अन्तर्गत नगरों का पुनरूत्थान, विश्वविद्यालय, यथार्थवाद, वास्तुकला, मुद्रित पुस्तकें, कोपरनिकसीय क्रांति के चित्रों, मानचित्रों व समय रेखा के द्वारा परियोजना कार्य किया जाए।

**पाठ–8** पंद्रहवीं से सत्रहवीं शताब्दियों के दौरान यूरोपवासियों द्वारा उत्तरी तथा दक्षिणी अमरिका की खोजों के अंतर्गत एज़टेक, माया, इंका साम्राज्य

को विस्तार से मानचित्र, चित्रों व समय रेखा की सहायाता से परियोजना कार्य में दर्शाया जा सकता है।

**पाठ–9** चित्रों, मानचित्रों व समय रेखा की सहायता से औद्योगिक क्रांति के प्रारम्भ, ब्रिटेन का योगदान, क्रांति के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को परियोजना कार्य में दर्शाया जाए। (मॉडल का भी उपयोग किया जा सकता है।)

**पाठ–10** अमरीका तथा आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के विस्थापन को, सरकार के उनके प्रति रवैये को तथा हाल ही की बदलाव की लहर को मानचित्रों तथा चित्रों के माध्यम से परियोजना कार्य में दर्शाया जाए।

**पाठ–11** परियोजना कार्य में चीन अथवा जापान के आधुनिकीकरण को समय रेखा, चित्रों तथा मानचित्रों की सहायता से दर्शाया जाए।

(सभी परियोजना कार्य में विभिन्न प्रकार के स्रोतों से आंकड़े व सूचना एकत्र की जाए। विद्यालय के पुस्तकालय व इन्टरनेट का प्रयोग भी करें।)

# अभ्यास प्रश्न पत्र–1 (इतिहास)

समय : 3 घण्टा | अधिकतम अंक : 80

**सामान्य निर्देश–**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं। इस प्रश्न पत्र में छह खंड हैं।
2. **खंड क** (प्रश्न संख्या 1 सं 16) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक वाले) हैं। इनके उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
3. **खंड ख** (प्रश्न संख्या 17 सं 19) उद्धरण आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न के 4 उप–भाग हैं जिनमें से किसी तीन उप–भागों के उत्तर दीजिये।
4. **खंड ग** (प्रश्न संख्या 20 सं 23) में प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये।
5. खंड घ (प्रश्न संख्या 24 सं 26) में प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 350 शब्दों में दीजिये।
6. खंड ड (प्रश्न संख्या 27 से 29) स्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है।
7. खंड च (प्रश्न संखया 30) मानचित्र संबंधी हैं, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल हैं। मानचित्र को उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए।

## खंड क
## Section A

**किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 1×15=15

**Attempt any 15 questions.**

1. वैज्ञानिकों ने होमो को किन प्रजातियों में बांटा है? 1

   (क) होमो हैबिलिस (ख) होमो एरेक्टस

   (ग) होमो सेपियंस (घ) उपरोक्त सभी

2. मेसोपोटामिया सभ्यता में जो लिपि पाई गई है उसका क्या नाम है? 1
3. निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुनः लिखें– 1

   'समकालीन इतिहासकारों द्वारा लिखे गए इतिहास को वृतांत कहते हैं।'

4. 'ऑन दि ओरिजिन ऑफ स्पेशीस' के लेखक हैं– 1

(क) आर्कमिडीज (ख) कार्ल मार्क्स

(ग) चार्ल्स डार्विन (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए– 1



इस चित्र को पहचानकर इसका नाम लिखिए।

6. खुशनवीसी किसे कहते हैं? 1

7. चंगेज़ खान के बारे में कौन सा कथन असत्य है? 1

(क) उसने मंगोलों को संगठित किया

(ख) उसके बचपन का नाम तेमुजिन था

(ग) पार महाद्वीपीय साम्राज्य बनाया

(घ) उसका शासन एक–जातीय, एक–भाषीय व एक धर्म पर आधारित था।

8. ........................... नामक एक सुनियोजित आंदोलन ने उम्मयद वंश को 750 ईसवीं में उखाड़ फेंका। 1

9. युग्म सुमेलित कीजिए। 1

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (अ) हदीस | (I) पैगंबर के कथनों और कार्यकलापों के अभिलेख |
| (ब) कुरान | (II) मक्का की धार्मिक यात्रा |
| (स) सलात | (III) दैनिक प्रार्थना |
| (द) हज | (IV) इस्लाम की धार्मिक पुस्तक |

सही उत्तर हैं–

(क) (अ)–(III), (ब)–(IV), (स)–(I), (द)–(II)

(ख) (अ)–(III), (ब)–(I), (स)–(IV), (द)–(II)

(ग) (अ)–(I), (ब)–(IV), (स)–(III), (द)–(II)

(घ) (अ)–(II), (ब)–(III), (स)–(IV), (द)–(I)

10. गुटेनबर्ग द्वारा 1455 सबसे पहले अपने छापे खाने में क्या छापा गया? 1

(क) मानवतावादी विषयों की पुस्तकें

(ख) आयुर्विज्ञान विश्वकोश

(ग) बाइबल की 150 प्रतियां

(घ) मैक्यावली का प्रसिद्ध ग्रंथ 'दि प्रिंस'

11. कालमेकाक से क्या तात्पर्य है? 1

12. 'दि कैंटरबरी टेल्स' की रचना की– 1

(क) एडी रोड्रों ने (ख) विची ने

(ग) जेफ्री चौसर ने (घ) यार्थे पोलो ने

13. चर्च द्वारा कृषक से 1 वर्ष के अंतराल में लिया जाने वाला उपज का दसवां भाग क्या कहलाता था? 1

(क) टीथ (ख) टैली

(ग) ऑबे (घ) पैरीश

14. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है। 1

अभिकथन (A)–मानवतावादी विचारों का अनुभव सबसे पहले इटली के शहरों में ही हुआ।

कारण (R)–1453 में कुस्तुनतुनिया पर तुर्कों का अधिकार होने से विद्वानों ने इटली में जाकर बसना सुरक्षित समझा।

(क) केवल अभिकथन (A) सही है।

(ख) केवल कारण (R) सही है।

(ग) अभिकथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) अभिकथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) अभिकथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) अभिकथन (A) का स्पष्टीकरण है।

15. अमेरिका में गोल्ड रश का समय था? 1

(क) 1849 (ख) 1870

(ग) 1890 (घ) 1876

16. कॉमिंटर्न का अन्य नाम क्या है? 1

(क) प्रथम अंतर्राष्ट्रीय (ख) द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय

(ग) तृतीय अंतर्राष्ट्रीय (घ) चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय

## खंड ख
## Section B

17. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1+1+1=3

### सम्राट त्राजान का स्वप्न – भारत की विजय

'तत्पश्चात् भयंकर भूकंप से पीड़ित एंटिऑक में सर्दियों के बाद (115 / 16), 116 में त्राजान फ़रात नदी के रास्ते आगे की ओर बढ़ता हुआ पार्थियन की राजधानी टेसीफून तक चला गया और फिर वहाँ फारस की खाड़ी के सिरे पर पहुँच गया। (इतिहासकार) कैसियस डियो (Cassius Dio) के अनुसार वहाँ पर वह भारत की ओर जाने वाले किसी वाणिज्यिक पोत को लालायित नज़रों से देख रहा था और चाह रहा था कि काश वह सिकंदर जैसा जवान होता।

*–स्रोत : फरगस मिल्लर, दि रोमन नीयर ईस्ट*

(क) सम्राट त्राजन को सिकंदर की तरह जवान होने की इच्छा कहां हुई?

(i) लाल सागर के पास (ii) फारस की खाड़ी के सिरे पर

(iii) फरात नदी पर (iv) एंटीऑक में

(ख) त्राजान कहां के सम्राट थे?

(i) ईरान के (ii) रोम के

(iii) भारत के (ii) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ग) कैसिएस डियो कौन था?

(i) सम्राट (ii) इतिहासकार

(iii) सेनापति (iv) वजीर

(घ) त्राजान फरात नदी के रास्ते कहां पहुंचा?

(i) एंटीऑक (ii) टेसीफून

(iii) सिकंदरिया (iv) रोम

18. चित्र को ध्यान से देखिए और किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **1+1+1=3**



(क) वार्का शीर्ष नाम से प्रसिद्ध प्रस्तुत मूर्ति किसकी है?

(i) स्त्री (ii) पुरुष

(iii) देवी (iv) देवता

(ख) इस मूर्ति को बनाने में किस पत्थर का प्रयोग किया गया है?

(i) सफेद संगमरमर (ii) काला संगमरमर

(iii) सफेद चूना पत्थर (iv) काला चूना पत्थर

(ग) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।

कथन (A)–पत्थर को तराशकर बनाई गई स्त्री की यह प्रतिमा मूर्तिकला का एक विश्व प्रसिद्ध नमूना है।

कारण (R)–इसके मुंह, ठोडी और गालों की सुकोमल–सुंदर बनावट के लिए इसकी प्रशंसा की जाती है।

(i) केवल कथन (A) सही है।

(ii) केवल कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।

(iv) कथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।

(घ) यह मूर्ति मेसोपोटामिया के किस नगर में मिली है?

(i) उर (ii) उरुक

(iii) मारी (iv) सुमेर

19. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1+1+1=3

''प्रस्तर की पट्टी पर यह खुदा था कि होपी यह मानते थे कि उनके पास वापस आने वाले पहले भाई तथा बहन धरती के पार से कछुओं के रूप में आएँगे। वे इन्सान होंगे, लेकिन कछुओं के रूप में आएँगे। इस प्रकार जब वक्त आया, तो होपी लोग धरती के उस पार से आनेवाले उन कछुओं का स्वागत करने के लिए एक विशेष गाँव में इकट्ठा हुए। वे सुबह–सुबह उठ गए तथा उन्होंने सूर्योदय देखा। उन्होंने मरुभूमि के दूसरी तरफ नजर दौड़ाई तथा उन्हें बख़्तरबंद स्पेनी कॉन्क्विस्टाडोर दिखलाई पड़े, जो धरती के दूसरे छोर से आते कछुओं की तरह लग रहे थे। जिसे, उन्होंने समझा, से वही हैं जिनका इंतज़ार था। इसलिए वे स्पेनी इन्सान के पास गए तथा हाथ मिलाने की उम्मीद से अपना हाथ बढ़ाया,

किन्तु स्पेनी ने उनके हाथ में कोई सस्ती–सी चीज़ पकड़ा दी। तथा इससे पूरे उत्तरी अमरीका में यह बात फैल गई कि बहुत मुश्किल समय आने वाला है, कि शायद कुछ भाइयों तथा बहनों ने सभी चीज़ों की पवित्रता को भुला दिया है तथा इसकी वजह से धरती पर सभी इन्सान का काफी कष्ट पानेवाले हैं।''

*–स्रोत : ली ब्राउन की एक वार्ता से, 1986*

(क) होपी कहां के निवासी थे?

(i) इटली (ii) स्पेन

(iii) कैलिफोर्निया (iv) पुर्तगाल

(ख) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।

कथन (A)–उनका मानना था कि उनके भाई–बहन धरती पर कछुए के रूप में आएंगे।

कारण (R)–होपी लोग स्वंय भी कछुए थे।

(i) केवल कथन (A) सही है।

(ii) केवल कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण नहीं है।

(iv) कथन (A) कारण (R) दोनों सही हैं पर कारण (R) कथन (A) का स्पष्टीकरण है।

(ग) शुरुआत में मूल निवासियों का व्यवहार नव आगंतुकों के प्रति कैसा था?

(i) दोस्ताना (ii) आक्रामक

(iii) शंकाग्रस्त (iv) घृणास्पद

(घ) मूल निवासियों के विषय में कौन सा कथन असत्य है–

(i) कुशल कारीगर तथा खूबसूरत कपड़े बुनते थे।

(ii) वे धरती, जलवायु और विभिन्न भू–दृश्यों को पढ़ सकते थे।

(iii) अनेक भाषाएं बोली जाती थीं।

(iv) वह लिखना भी जानते थे।

## खंड ग
## Section C

20. यह कहना कहां तक उचित होगा कि खानाबदोश पशुचारक निश्चित रूप से शहरी जीवन के लिए खतरा थे? 3

21. धर्म युद्ध से क्या तात्पर्य है? धर्म युद्ध का एशिया और यूरोप पर क्या प्रभाव पड़ा? 3

22. औद्योगिक क्रांति की शुरुआत सर्वप्रथम ब्रिटेन में क्यों हुई? समीक्षा कीजिए। 3

23. कॉपरनिकसिय क्रांति से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। 3

## खंड घ
## Section D

24. अमेरिका के मूल निवासियों को उनकी जमीन से बेदखल क्यों किया गया? इसके क्या कारण थे? 8

**अथवा**

औद्योगिक कामगारों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कानूनों के माध्यम से क्या कदम उठाए गए? वर्णन कीजिए।

25. खोज यात्राओं के परिणाम क्या थे? औपनिवेशीकरण और गुलाम व्यापार के संदर्भ में अपने विचार लिखें। 8

**अथवा**

चौदहवीं सदी की शुरुआत तक यूरोप का आर्थिक विस्तार धीमा हो गया। ऐसा किन कारणों से हुआ? स्पष्ट कीजिए।

26. यास क्या था? इसके अर्थ में परिवर्तन आने के क्या कारण थे? यास के महत्व की विवेचना कीजिए। 8

**अथवा**

रोमन समाज और अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने वाले अभिलक्षण कौन से थे? व्याख्या कीजिए।

## खंड ड
## Section E

27. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

### मोहर : एक शहरी शिल्प–कृति

भारत में, प्राचीन काल में पत्थर की मोहरें होती थीं जिन पर चिह्न अंकित किए गए होते थे। लेकिन मेसोपोटामिया में, पहली सहस्राब्दी ई.पू. के अंत तक पत्थर की बेलनाकार मोहरें, जो बीच में आर–पार छिदी होती थीं, एक तीली लगाकर गीली मिट्टी के ऊपर घुमाई जाती थीं और इस प्रकार उनसे लगातार चित्र बनता जाता था। वे अत्यंत कुशल कारीगरों द्वारा उकेरी जाती थीं और कभी–कभी उनमें ऐसे लेख होते थे, जैसे–मालिक का नाम, उसके इष्टदेव का नाम और उसकी अपनी पदीय स्थिति, आदि। किसी कपड़े की गठरी या बर्तन के मुँह को चिकनी मिट्टी से लीप–पोतकर उस पर वह मोहर घुमाई जाती थी जिससे उसमें अंकित लिखावट मिट्टी की सतह पर छप जाती थी, इससे उस गठरी या बर्तन में रखी वस्तुओं को मोहर लगाकर सुरक्षित किया जा सकता था। जब इस मोहर को मिट्टी की बनी पट्टिका पर लिखे पत्र पर घुमाया जाता था तो वह मोहर उस पत्र की प्रामाणिकता की प्रतीक बन जाती थी। इस प्रकार मुद्रा सार्वजनिक जीवन में नगरवासी की भूमिका को दर्शाती थी।

(क) भारत में प्राचीन काल में मोहरें किस पदार्थ से बनाई जाती थी। 1

(ख) मेसोपोटामिया की मुहरों में किस प्रकार के लेख पाये जाते हैं? 2

(ग) मुहरों को बनाने वाले कुशल कारीगरों के बारे में आप क्या जानते हैं? 2

28. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

बर्नार्ड डियाज डेल कैस्टिलों ने अपने 'टूर हिस्ट्री ऑफ मैक्सिको' में लिखा है कि टैबेस्को के लोगों ने कोर्टेस को डोना मैरीना नाम की एक सहायिका दी थी। वह तीन भाषाओं में प्रवीण थी और उसने कोर्टेस के लिए दुभाषिये के रूप में बहुत निर्णायक भूमिका अदा की। 'यह हमारी जीतों की जोरदार शुरुआत थी और डोना मैरीना की सहायता के बिना हम नए स्पेन और मैक्सिका की भाषा नहीं समझ सकते थे'। डियाज सोचता था कि वह एक राजकुमारी थी लेकिन मैक्सिकन लोग उसे मालिंच यानी विश्वासघातिनी कहते थे। मालिंचिस्टा का अर्थ है–वह व्यक्ति जो दूसरों की भाषा और कपड़ों की हू–ब–हू नकल करता है।

(क) कॉर्टेस कौन था? 1

(ख) डोना मैरीना कौन थी? उसने किस प्रकार कॉर्टेस की सहायता की? 2

(ग) मालिनचिष्टा का क्या अर्थ है? 2

29. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

इनका जन्म एक गरीब सामुराई परिवार में हुआ इनकी शिक्षा नागासाकी और ओसाका में हुई इन्होंने डच और पश्चिमी विज्ञान पढ़ा और बाद में अंग्रेजी भी। 1860 में वे अमरीका में पहले जापानी दूतावास में अनुवादक के रूप में गए इससे इन्हें पश्चिम पर किताब लिखने के लिये बहुत कुछ मिला उन्होंने अपने विचार क्लासिकी नहीं बल्कि बोलने चालने के अंदाज में लिखे यह किताब बहुत ही लोकप्रिय हुई इन्होंने एक शिक्षा संस्थान स्थापित किया जो आज केओ विश्व विद्यालय के नाम से जाना जाता है। वे मेरोकुशा संस्था के मुख्य सदस्यों में से थे। ये संस्था पश्चिमी शिक्षा का प्रचार करती थी।

(क) फुकुजावा यूकिची जापान के किस काल के प्रमुख बुद्धिजीवियों में से एक थे? 1

(ख) मेरोकुशा कौन थे? वे पश्चिमी शिक्षा का प्रचार क्यों करते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) प्रयुक्त विचारों के अतिरिक्त पश्चिमीकरण और परंपरा संबंधी अन्य विचारों का वर्णन कीजिए। 2

## खंड च
## Section F

30. (क) यूरोप के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए– 1+1+1=3

(i) रोम (ii) सिसली

(iii) सार्डीनिया

(ख) यूरोप के दिए गए इसी राजनैतिक मानचित्र पर दो स्थल अंकित किए गए हैं, उन्हें पहचानिए और उनके नाम लिखिए– 1+1=2

निम्नलिखित क्षेत्रों की पहचान करें–

(i) तत्कालीन फ्रांस का नाम

(ii) एक ऐसा क्षेत्र जहां ड्यूक ऑफ नॉरमैंडी ने सामंतवाद का विस्तार किया।




**केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर–**

30. (क) रोम साम्राज्य के किन्हीं तीन क्षेत्रों के नाम लिखिए।

(ख) सामंतवाद से संबंधित किन्हीं दो प्रांतों के नाम लिखिए।

## उत्तर

1. (घ) उपरोक्त सभी
2. कीलाकार लिपि
3. वर्ष वृतांत
4. (ग) चार्ल्स डार्विन
5. जल सेतु
6. (ख) सुन्दर लिखने की कला
7. (घ) उसका राज्य एक जाति एक भाषा व एक धर्म पर आधारित था।

8. दावा नामक आंदोलन ने उम्मयद वंश को उखाड़ फेंका

9. (ग) (अ)–(I), (ब)–(IV), (स)–(III), (द)–(II)

10. (ग) बाइबिल की 150 प्रतियां

11. कालमेकाक कुलीन वर्ग के बच्चों के पढ़ने का विद्यालय था जहां उन्हें सैनिक अधिकारी या धार्मिक नेता बनने के लिए प्रशिक्षित किया जाता था।

12. (ग) जैफी चौसर ने

13. (क) टीथ

14. (ग)

15. (क) 1849

16. (ग)

17. (क)–(II), (ख)–(II), (ग)–(II), (घ)–(II)

18. (क)–(I), (ख)–(I), (ग)–(iv), (घ)–(II)

19. (क)–(III), (ख)–(I), (ग)–(I), (घ)–(IV)

20. यह कहना बिल्कुल ठीक है कि कई बार खानाबदोश पशुचारक शहरी जीवन के लिए खतरा थे क्योंकि–

(क) फसल को नुकसान पहुंचाना।

(ख) माल लूट लेना–किसान के गांव पर हमला बोल कर उनका माल लूट लेते थे।

(ग) पशुचारकों का रास्ता रोकना। जीतने वाला हारने वाले को अपने साथ ले जाता था।

21. यूरोप के ईसाइयों के द्वारा पुण्य भूमि फिलिस्तीन व जेरुसलम को इस्लाम के कब्जे से मुक्त कराने के लिए ईश्वर के नाम पर जो युद्ध लड़े गए उन्हें धर्म युद्ध कहा गया।

1095 ईसवी से 1291 ईसवी के बीच तीन धर्म युद्ध लड़े गए।

(क) यूरोपीय सभ्यता, संस्कृति व ज्ञान का विकास हुआ।

(ख) यूरोप के व्यापार में बढ़ोतरी और नए पदार्थों, रेशम, कपास, चीनी, शीशे के बर्तन, गरम मसाले व दवा का प्रयोग।

(ग) अनेक नवीन भौगोलिक खोजें हुईं।

(घ) व्यापक स्तर पर जन और धन की हानि हुई।

22. (क) एकछत्र शासन व्यवस्था–इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड

(ख) एक कानून व्यवस्था, एक मुद्रा प्रणाली

(ग) कच्चे माल की उपलब्धि और निश्चित बाजार की व्यवस्था

23. (क) ईसाइयों का विश्वास था कि पृथ्वी ब्रह्मांड के बीच में स्थिर है और सारे ग्रह उसके चारों तरफ घूम रहे हैं।

(ख) कॉपरनिकस ने घोषणा की कि पृथ्वी सहित सारे ग्रह सूर्य के चारों तरफ चक्कर लगा रहे हैं।

(ग) घोर प्रतिक्रिया का डर।

24. मूल बाशिंदों को जमीन से बेदखल करने के कारण–

(क) जमीन का मालिक बनने की चाहत

(ख) ईसाइयों की अमेरिका में नई जिंदगी बसाने की इच्छा

(ग) फसलों को यूरोप में बेचकर मुनाफा कमाना

(घ) बेदखली गलत नहीं

बेदखल करने के तरीके–

(क) धोखाधड़ी से ज्यादा जमीन ले लेना।

(ख) पैसे देने में वायदा खिलाफी करना।

(ग) जमीन बिक्री समझौते पर दस्तखत कराने के बाद मूल बाशिंदों को हटने के लिए बाध्य करना।

(घ) चिरोकी कबीले को खदेड़ने के लिए अमेरिकी फौज का उपयोग करना।

(ङ) जमीन के अंदर शीशा, सोना या खनिज होने का पता चलने पर मूल बाशिंदों को उनकी स्थाई जमीन से भी धकेल दिया जाता था।

**अथवा**

औद्योगिक श्रमिकों की स्थिति में कानून के जरिए सुधार–

(क) सरकार ने संघ 1819 में श्रमिकों की स्थिति में सुधार के लिए कानून बनाएं।

(ख) 9 वर्ष से कम आयु वाली बच्ची से फैक्ट्री में काम करवाने की पाबंदी।

(ग) 9 से 16 वर्ष की आयु वाले बच्चों से काम कराने की सीमा 12 घंटे तक सीमित कर दी गई।

(घ) 1835 के एक अधिनियम द्वारा 9 वर्ष से कम आयु वाले बच्चें को केवल रेशम की फैक्ट्रियों में काम पर लगाने की अनुमति।

(ड) बड़े बच्चों के लिए काम के घंटे तय किए गए।

(च) फैक्ट्री निरीक्षकों की नियुक्ति करना।

(छ) 1842 के खान और कोयला अधिनियम ने 10 वर्ष से कम बच्चों व स्त्रियों से खानों में नीचे काम लेने पर पाबंदी लगाना।

(ज) 1847 में यह कानून कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों और स्त्रियों से 10 घंटे से अधिक काम नहीं लिया जाए।

25. खोज यात्रा के परिणाम–

(क) अमेरिका महाद्वीप की खोज हुई जिसके कारण विश्व व्यापार को प्रोत्साहन मिला।

(ख) भारत जाने के लिए एक नवीन मार्ग की खोज हुई।

(ग) यूरोप के अनेक देशों इंग्लैंड, फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल आदि में उपनिवेश बनाने और साम्राज्य स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा हुई।

(घ) अमेरिका में यूरोपीय सभ्यता फैलने लगी तथा ईसाई धर्म के प्रचार में वृद्धि हुई।/उपनिवेशीकरण और दास व्यापार–

- अमेरिका के मूल निवासियों को गुलाम बनाकर बागानों, खदानों और कारखानों में काम किया जाने लगा।
- इसके साथ–साथ वहां उत्पादन की पूंजीवादी प्रणाली का प्रादुर्भाव हुआ।
- नई–नई आर्थिक गतिविधियां जोर–शोर से शुरु हो गए। जंगलों की सफाई करके उस भूमि पर पशुपालन किया जाने लगा।
- सभी कामों के लिए सस्ते श्रम की मांग।

**अथवा**

14वीं शताब्दी की शुरुआत तक यूरोप का आर्थिक विस्तार धीमा पड़ने के कारण।–

(क) 13वीं शताब्दी के अंत तक उत्तरी यूरोप मे तेज ग्रीष्म ऋतु का स्थान ठंडी ग्रीष्म ऋतु ने ले लिया।

(ख) पैदावार के मौसम छोटे, तूफानों व सागर की बाढ़ से फार्म प्रतिष्ठान नष्ट।

(ग) सरकार के करों में कमी।

(घ) पहले की गहन जुताई के तीन क्षेत्रीय फसल चक्र भूमि कमजोर।

(ड) चारागाहों की कमी से पशुओं की संख्या में कमी।

(च) जनसंख्या वृद्धि के कारण उपलब्ध संसाधन कम होना।

(छ) 1315–1317 ईसवी में यूरोप में भयंकर अकाल, 1320 ईसवी में अनेक पशुओं की मौत।

(ज) ऑस्ट्रिया व सरिया की चांदी की खानों के उत्पादन में कमी।

(झ) धातु–मुद्रा में कमी से व्यापार प्रभावित।

(ण) जल पोतों के साथ चूहे आए, जो ब्यूबोनिक प्लेग जैसी महामारी का संक्रमण लाए।

(य) लाखों लोग ग्रसित।

(र) विनाश के साथ आर्थिक मंदी से सामाजिक विस्थापन हुआ।

(ल) मजदूरों की संख्या में कमी आई इससे मजदूरी की दर में 250 प्रतिशत तक की वृद्धि।

26. यास–

(क) यास प्रारंभिक स्वरूप में यसाक वह नियम संहिता थी जिसे चंगेज खान ने 1206 में कुरिलताई में लागू किया।

(ख) अर्थ–विधि, कानून, आदेश।

(ग) आखेट सैन्य व डाक प्रणाली के संगठन के नियम।

(घ) अर्थ में परिवर्तन के कारण–

- 13वीं शताब्दी के मध्य तक मंगोलों द्वारा एकीकृत विशाल साम्राज्य का गठन।
- उनके द्वारा जटिल शहरी समाजों पर शासन किंतु संख्यात्मक रूप में अल्पसंख्यक।
- अपनी पहचान व विशिष्टता की रक्षा के लिए पवित्र नियम के आविष्कार का दावा।
- यास को अपने पूर्वज चंगेज खान की विधि संहिता कहकर लागू करवाया।

महत्व–

(क) यास में समान आस्था रखने वाले मंगोलों को आपस में जोड़ दिया।

(ख) चंगेज तथा उसके वंशजों की मंगोलों से निकटता स्वीकृत।

(ग) यास से वंशजों की कबीलाई पहचान बरकरार।

(घ) पराजित लोगों पर नियम लागू करने का आत्मविश्वास।

(ङ) यास चंगेज खान की कल्पना शक्ति से प्रेरित था वह विश्वव्यापी मंगोल राज्य की संरचना में सहायक था।

**अथवा**

रोमन समाज और अर्थव्यवस्था को आधुनिक दर्शाने वाले अभिलक्षण–

रोमन समाज–

(क) उच्च वर्ग की कर वसूली

(ख) प्रशासन के कार्य में सक्रिय सहायता

(ग) संभ्रांत वर्ग

(घ) एकल परिवार

(ङ) महिलाओं की स्थिति

(च) सांस्कृतिक विविधता

(छ) साक्षरता

(ज) शहरी जीवन

अर्थव्यवस्था–

(क) मजबूत अर्थव्यवस्था

(ख) कंटेनरों का प्रयोग–एमफोरा, ड्रेसल–20

(ग) निर्यात–वस्तुएं, उत्पाद, केंद्र

(घ) जल शक्ति का प्रयोग

(ङ) खानों से खनिज निकालना

(च) संगठित व्यापार

(छ) बैंकिंग व्यवस्था

(ज) धन का व्यापक प्रयोग

27. (क) प्राचीन काल में मेसोपोटामिया में मोहर पत्थर से बनाई जाती थीं।

(ख) – मेसोपोटामिया की मोहरों में मालिक का नाम, इष्टदेव का नाम और उसकी पदीय स्थिति आदि के बारे में लिखा होता था।

– गठरी या बर्तन में रखी वस्तुओं को गीली मिट्टी पर मोहर लगाकर सुरक्षित किया जाता था वह मोहर उसके प्रमाणिकता की प्रतीक बन जाती थी।

(ग) – मेसोपोटामिया में पहली शताब्दी ईसा पूर्व के अंत तक पत्थर की बेलनाकार मोहरें, जो बीच में आर–पार छिदी होती थी, तीली लगाकर गीली मिट्टी के ऊपर घुमाई जाती थी।

– और इस प्रकार उनसे लगातार चित्र बन जाता था। ये अत्यंत कुशल कारीगरों द्वारा उकेरी जाती थीं।

28. (क) कोर्टेस स्पेन निवासी था जिसने मेक्सिको के ऊपर कब्जा कर लिया था।

(ख) टबैस्को के लोगों ने कॉर्टेस को डोना मैरीना नाम की एक सहायिका दी थी। वह तीन भाषाओं में प्रवीण थी। उसने कॉटेज के लिए दुभाषिए के रूप में बहुत निर्णायक भूमिका अदा की।

(ग) मालिनचिष्टा का अर्थ है–वह व्यक्ति जो दूसरों की भाषा और कपड़े की हूबहू नकल करता है। मैंक्सिको के लोग उसे मालिंच यानी विश्वासघातिनी कहते थे।

29. (क) मेरोकुशा संस्था पश्चिमी शिक्षा का प्रचार करती थी।

(ख) फुकुजावा यूकिची मेन्जीकाल के प्रमुख बुद्धिजीवियों में से एक थे, उन्होंने एक शिक्षा संस्थान स्थापित किया जो आज केओ विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है।

(ग) फुकुजावा यूकिची का विचार था कि जापान को अपने में से एशिया को निकाल देना चाहिए इसका कारण यह था कि भावी पीढ़ी पश्चिमीकरण को अंगीकार करने के प्रश्न पर सवाल उठा रही थी। उन्होंने आधुनिक कारखानों व संस्थाओं के अलावा पश्चिम के सांस्कृतिक सार तत्व को भी बढ़ावा दिया जो कि उनके मुताबिक सभ्यता की आत्मा है। इनका सिद्धांत था कि, ''स्वर्ग ने इंसान को इंसान के ऊपर नहीं बनाया, न ही इंसान को इंसान से नीचे।''

30.




क – रोम

ख – साडिनिमा

ग – सिसली

# अभ्यास प्रश्न पत्र–2 (इतिहास)

**समय : 3 घण्टा** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं। इस प्रश्न पत्र में छह खंड हैं।
2. **खंड क** (प्रश्न संख्या 1 सं 16) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक वाले) हैं। इनके उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
3. **खंड ख** (प्रश्न संख्या 17 सं 19) उद्धरण आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न के 4 उप–भाग हैं जिनमें से किसी तीन उप–भागों के उत्तर दीजिये।
4. **खंड ग** (प्रश्न संख्या 20 सं 23) में प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये।
5. खंड घ (प्रश्न संख्या 24 सं 26) में प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 350 शब्दों में दीजिये।
6. खंड ड (प्रश्न संख्या 27 से 29) स्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है।
7. खंड च (प्रश्न संखया 30) मानचित्र संबंधी हैं, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल हैं। मानचित्र को उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए।

## खंड–क
## Section–A

**किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 1×15=15

**Attempt any 15 questions.**

1. लापिस लाजुली एक ...................... था। 1

   (क) लाल पत्थर (ख) अनाज के प्रकार

   (ग) मुद्रा की तरह (घ) नीला पत्थर

2. कहा जाता है कि गिल्गेमिश ने जिस शहर पर शासन किया था, वो था 1

   (क) उर (ख) उरुक

   (ग) मारी (घ) सुसा

3. चीनी गणराज्य के पहले राष्ट्रपति ...................... थे। 1

4. दिए गए विकल्पों में से सही जवाब चुनें। 1

रोमन सम्राट जिसने सोने का सिक्का चलाया था

(क) ऑगस्टस (ख) ऑक्टेवियन

(ग) कॉन्स्टैनटाइन (घ) डायोक्लीशियन

5. नीचे दिए गए चित्र को पहचानकर नाम लिखिए। 1



6. ........ नई फारसी कविता के पिता माना जाता था। 1

7. कॉलम A से उपयुक्त आइटम के साथ कॉलम B का मिलन कीजिए। 1

| ए | बी |
|---|---|
| (क) सेना के कप्तान | (i) आँडा |
| (ख) रक्त ब्रदर्स | (ii) याम |
| (ग) कूरियर प्रणाली | (iii) यास |
| (घ) विधि संहिता | (iv) नोयान |

(a) क–IV, ख–I, ग–II, घ–III

(b) क–III, ख–I, ग–IV, घ–II

(c) क–I, ख–IV, ग–III, घ–II

(d) क–II, ख–III, ग–IV, घ–I

8. एक लार्ड की एस्टेट को ...................... कहा जाता था। 1

9. 'द पिएटा' के मूर्तिकार का नाम। 1

(क) लोरेंजो वल्ला (ख) मेक्यावली

(ग) एलबरी (घ) माइकल एंजेलो

10. 'पंक्ति 'ए' के दो भागों के बीच संबंध का पता लगाएँ और तदनुसार 'पंक्ति 'बी' के रिक्त स्थान में भरें। 1

(क) मायाः मेक्सिको (ख) इंकाः

11. 'कॉलम ए' के शब्दों का कॉलम बी' के शब्दों के साथ सही मिलान कीजिए। 1

| ए | बी |
|---|---|
| (क) ब्लास्ट फर्नेस | (i) रिचर्ड ट्रेविथिक |
| (ख) फ्लांइग शटल | (ii) अब्राहम डार्बी |
| (ग) पफिंग डेविल | (iii) जेम्स वाट |
| (घ) स्टीम इंजन | (iv) जॉन के |

12. 'टेरा न्यूलियस' शब्द का अर्थ है; 1

(क) किसी से संबंधित नहीं (ख) मिलने का स्थल

(ग) गांव (घ) दक्षिणी महासागर में भूमि

13. शोगुनों की राजधानी का नाम क्या था? 1

14. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें: 1

पहला खलीफा कौन था?

(क) उमर (ख) अबू बकर

(ग) अली (घ) मुअविया

15. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (ए) के रूप में है और दूसरे को कारण (आर) के रूप में दर्शाया गया है। 1

अभिकथन (ए): 1853 में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने कमोडोर मैथ्यू पेरी के जापान भेजा कि सरकार एक संधि पर हस्ताक्षर करे।

कारण (आर): उस समय, केवल एक पश्चिमी देश था जो जापान के साथ कारोबार करता था।

सही विकल्प चुनें–

(क) अभिकथन (ए) और कारण (आर) दोनों सही है और कारण (आर) अभिकथन (ए) का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) दोनों अभिकथन (ए) और कारण (आर) सही हैं, लेकिन कारण (आर) अभिकथन (ए) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) केवल अभिकथन (ए) सही है।

(घ) केवल कारण (आर) सही है।

16. कालक्रम के अनुसार निम्नलिखित को व्यवस्थित करके लिखिए– 1

(क) चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना (ख) पहला अफीम युद्ध

(ग) मेंजी पुनः स्थापना (घ) लांग मार्च

## खंड–ख
## Section–B

17. दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1+1+1=3

फुकुजावा युकिची (1835–1901)

फुकुज़ावा यूकिची का जन्म एक गरीब सामुराई परिवार में हुआ। इनकी शिक्षा नागासाकी तथा ओसाका में हुई। इन्होंने डच तथा पश्चिमी विज्ञान पढ़ा और बाद में अंग्रेजी भी। वे अमरीका में पहले जापानी दूतावास में अनुवादक के रूप में 1860 में गए। इससे इन्हें पश्चिम पर किताब लिखने के लिए काफी कुछ मिला। उन्होंने अपने विचार क्लासिकी नहीं बल्कि बोलने चालने के अंदाज में लिखे। यह किताब काफी लोकप्रिय हुई। इन्होंने एक शिक्षण संस्थान स्थापित किया जो आज केओ विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। वे मेरोकुशा (Meirokusha) संस्था के प्रमुख सदस्यों में से एक थे। ये संस्था पश्चिमी शिक्षा का प्रचार करती थी।

फुकुजावा यूकिची ने अपनी एक किताब, ज्ञान के लिए प्रोत्साहन (गाकुनोन नो सुसुमे,

1872–76) में जापानी ज्ञान की कड़ी आलोचना कीः जापान के पास प्राकृतिक दृश्यों के अतिरिक्त गर्व करने के लिए कुछ भी नहीं है, उन्होंने आधुनिक कारखानों एवं संस्थाओं के अतिरिक्त पश्चिम के सांस्कृतिक सारतत्त्व को भी बढ़ावा दिया जो कि उनके अनुसार सभ्यता की आत्मा है। उसके जरिये एक नया नागरिक बनाया जा सकेगा। इनका सिद्धांत था, ''स्वर्ग ने इंसान को इंसान के ऊपर नहीं बनाया और न ही इंसान को इंसान के नीचे''।

(क) फुकुजावा युकिची के बारे में निम्नलिखित तथ्यों में से कौन–सा सच नहीं है वह गरीब समुराई परिवार में से पैदा हुआ था।

(i) उन्होंने केओ विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाने वाला एक स्कूल स्थापित किया।

(ii) उन्होंने नागासाकी ओर ओसाका में अध्ययन किया

(iii) पश्चिमी विज्ञान डच, और अंग्रेजी सीखी

(iv) पश्चिमी शिक्षा को बढ़ावा देना चाहता था।

(ख) फुकुजावा युकिची के बारे में यह सत्य है कि वो थे

(i) अग्रणीय बुद्धिजीवी

(ii) जापानी ज्ञान के प्रचारक

(iii) अमेरिकी दूतावास में अंग्रेजी अनुवादक।

(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ग) सही विकल्प चुनें

अभिकथन : (ए) कुछ लोगों के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिमी सभ्यता, सभ्यता के उच्चतम बिंदु पर थे।

कारण : (आर) जापान को अपनी एशियाई विशेषताओं को हटाना चाहिए और पश्चिम का हिस्सा बनना चाहिए।

(i) अभिकथन (ए) और कारण (आर) दोनों ही सही हैं और कारण (आर) अभिकथन (ए) का सही स्पष्टीकरण है।

(ii) दोनों अभिकथन (ए) और कारण (आर) सही है, लेकिन कारण (आर) अभिकथन (ए) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(iii) अभिकथन (ए) सही है, लेकिन कारण (आर) गलत है।

(iv) अभिकथन (ए) गलत है, लेकिन कारण (आर) सही है।

(घ) मेरोकुशा का मतलब

(i) अध्ययन (ii) कृत्रिम तालाब

(iii) सीखने के लिए प्रोत्साहन

(iv) स्वर्ग ने किया

18. चित्र को ध्यान से देखिए और किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:



इस मिट्टी की पट्टिका का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें। (कोई भी तीन सवाल) 1+1+1=3

(सही विकल्प चुनें)

(क) मिट्टी की पट्टिका 3200 ईस्वी पूर्व की हैं।

(i) क्यूनिफॉर्म लिपि और अक्कदी भाषा थी।

(ii) बैल, मछली अनाज नौकाओं और संख्याओं के चित्र।

(iii) क्यूनिफॉर्म लिपि और सुमेरियन भाषा।

(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ख) (सही विकल्प चुनें)

उपरोक्त मिट्टी की पट्टिका से पता चलता है कि

(i) मिट्टी की पट्टिका के दोनों तरफ क्यूनिफॉर्म में लिखा गया था।

(ii) मिट्टी की पट्टिका के एक भाग में संकेत और संख्या जैसे चित्र होते हैं।

(iii) यह एक गणितीय अभ्यास है क्योंकि कोई भी विपरीत पक्ष के शीर्ष पर त्रिकोण के पार एक त्रिकोण और रेखाएं देख सकता है।

(iv) I और III दोनों।

(ग) मिट्टी की पट्टिकाओं पर कीलाकार चिन्ह इंगित करते हैं;

(सही विकल्प चुनें)

(i) एक ही व्यंजन का (ii) एक स्वर का

(iii) अक्षरों का (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(घ) (सही विकल्प चुनें)

निम्नलिखित में से किसने कीलाकार मिट्टी की पट्टिकाओं के बारे में सोचा था;

(i) असुरबनीपाल (ii) गिलगेमिश

(iii) अराट्टा का शासन (iv) एनमर्कर

19. दिए गए स्त्राोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1+1+1=3

बेनेडिक्टीन (Benedictine) मठों में, भिक्षुओं के लिए एक हस्तलिखित पुस्तक होती थी जिसमें नियमों के 73 अध्याय थे। इसका पालन भिक्षुओं द्वारा कई सदियों तक किया जाता रहा। इस पुस्तक के कुछ नियम इस प्रकार हैं–

अध्याय 6 : भिक्षुओं को बोलने की आज्ञा कभी–कभी दी जानी चाहिए।

अध्याय 7 : विनम्रता का अर्थ है आज्ञापालन।

अध्याय 33 : किसी भी भिक्षु को निजी संपत्ति नहीं रखनी चाहि।

अध्याय 47 : आलस्य आत्मा का शत्रु है, इसलिए भिक्षु और भिक्षुणियों को निश्चित समय में शारीरिक श्रम और निश्चित घंटों में पवित्र पाठ करना चाहिए।

अध्याय 48 : मठ इस प्रकार बनाने चाहिए कि आवश्यकता की समस्त वस्तुएँ–जल, चक्की, उद्यान, कार्यशाला सभी उसकी सीमा के अंदर हों।

(क) सही विकल्प चुनें;

अभिकथन : (ए) चर्च के अतिरिक्त, श्रद्धालु ईसाइयों के पास एक और प्रकार का संगठन था, जहाँ के अलग प्रकार से जीवन जीते थे।

कारण : (आर) वे धार्मिक समुदायों में रहते थे जिसे एब्बे कहा जाता है।

(i) अभिकथन 'ए' ओर कारण 'आर' दोनों ही सही हैं और 'आर' 'ए' का सही स्पष्टीकरण है।

(ii) अभिकथन (ए) और कारण (आर) दोनों सही हैं लेकिन (आर) अभिकथन (ए) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(iii) अभिकथन (ए) सही है लेकिन कारण (आर) सही नहीं है।

(iv) अभिकथन (ए) सही नहीं है लेकिन कारण (आर) सही है।

(ख) 'मोनेस्ट्री' शब्द किस भाषा से लिया गया है? (सही विकल्प चुनें)

(i) लैटिन (ii) ग्रीक

(iii) रोमन (iv) अरबी

(ग) इटली में एक प्रसिद्ध मोनेस्ट्री 'सेंट बेनेडिक्ट' है। 910 ईस्वी के आसपास एक और लोकप्रिय मोनेस्ट्री कौन सी थी?

(सही विकल्प चुनें)

(i) सेंट माइकल बेनेडिक्टिन ऑबे, फर्नबरो, इंग्लैंड।

(ii) क्लूनी, बरगंडी, फ्रांस

(iii) व्हिटबाय एब्बे, इंग्लैंड

(iv) फोंटेने, फ्रांस

(घ) चर्च में सामुदायिक गायन की परंपरा को किसने विकसित किया।

(सही विकल्प चुनें)

(i) सेंट बेनेडिक्ट (ii) एबॉट सुगर

(iii) एबेस हिल्डेगार्ड (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

## खंड–ग
## Section–C

20. ऑस्ट्रलोपिथेकस और होमो के बीच जो विविधताएँ हैं, उनका वर्णन कीजिए। 3

21. 'अब्बासी क्रांति ने इस्लाम के राजनीतिक ढांचे और संस्कृति दोनों में बदलाव किया। 3

इस बयान की वैधता की जांच करें।

22. भौगोलिक अन्वेषणों के पीछे क्या उद्देश्य थे? उनकी व्याख्या कीजिए। 3

23. औद्योगिक क्रांति के प्रसार में नहरों और रेलवे द्वारा निभाई गई भूमिका की जांच करें। 3

## खंड–घ
## Section–D

24. "औद्योगिक क्रांति ने समाज में कुछ लोगों को अपने पूंजी में वृद्धि करने में मदद की साथ ही इसने कामगारों, महिलाओं और बच्चों के जीवन को दयनीय बना दिया। इस बयान के प्रकाश में, औद्योगिक क्रांति के दौरान इंग्लैंड में श्रमिकों, महिलाओं और कम उम्र के बच्चों की में दशा का विश्लेषण कीजिए। 8

अथवा

मजदूरों की स्थिति में सुधार करने के लिए ब्रिटेन में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को स्पष्ट कीजिए।

औद्योगिक. क्रांति की अवधि के दौरान उन्हें कहाँ तक लाभ हुआ है?

25. ''14 वीं शताब्दी में पुनर्जागरण की एक विशिष्ट विशेषता शास्त्रीय ज्ञान और संस्कृति का पुनरुद्धार था।'' 8

इस बयान के आधार पर पुनर्जागरण की विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

एजटेक और इंका सभ्यता की तुलना कीजिए?

26. क्या आपको लगता है कि माओ–त्से–तुंग और चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी चीन की मुक्ति और अपनी वर्तमान सफलता के लिए आधार बनाने में सफल रहे? 8

अथवा

चौदहवीं सदी के संकट ने यूरोप में सामाजिक अशांति और राजनीतिक बदलाव पैदा किए। यह कथन कितना सही है? तर्कपूर्ण विवेचना कीजिए।

## खंड–ङ
## Section–E

27. दिए गए उद्धरण को ध्यानपूवक पढ़िये व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

लेखक और कूटनीतिज्ञ, बाल्थासार कास्टिल्योनी (Balthasar Castiglione) ने अपनी पुस्तक दि कोर्टियर (1528) में लिखा है–

मेरे विचार से अपने तौर–तरीके, व्यवहार, बातचीत के तरीके, भाव–भंगिमा और छवि में एक महिला पुरुष के सदृश नहीं होनी चाहिए। जैसे कि यह कहना

बिलकुल उपयुक्त होगा कि पुरुषों को हट्टा–कट्टा और पौरुषसंपन्न होना चाहिए इसी तरह एक स्त्री के लिए यह अच्छा ही है कि उसमें कोमलता और सहृदयता हो एक स्त्रियोचित मधुरता का आभास उसके हर हाव–भाव में हो और यह उसके चाल–चलन, रहन–सहन और हर ऐसे कार्य में हो जो वह करती है, ताकि ये सारे गुण उसे हर हाल में एक स्त्री के रूप में ही दिखाएँ, न कि किसी पुरुष के सदृश। यदि उन महानुभावों द्वारा दरबारियों को सिखाए गए नियमों में इन नीति वचनों को जोड़ दिया जाए तो महिलाएँ इनमें से अनेक को अपनाकर खुद के बेहतरीन गुणों से सुसज्जित कर सकेंगी। क्योंकि मेरा यह मानना है कि मस्तिष्क के कुछ ऐसे गुण हैं जो महिलाओं के लिए उतने ही आवश्यक हैं जितने कि पुरुष के लिए जैसे कि अच्छे कुल का होना, दिखावे का परित्याग करना, सहज रूप से शालीन होना, आचरणवान, चतुर और बुद्धिमान होना, गर्वी, ईर्ष्यालु, कटु और उद्दंड न होना.... जिससे महिलाएँ उन क्रीड़ाओं को, शिष्टता और मनोहरता के साथ संपन्न कर सकें, जो उनके लिए उपयुक्त हैं।

(क) एक दूसरी महिला के बारे में लिखे जो यूरोप में पुनर्जागरण की अवधि के दौरान बौद्धिक रूप से रचनात्मक थी। 1

(ख) कसांद्रा फेडेल और बाल्थासर कास्टिजिलोन द्वारा व्यक्त की गई महिलाओं के लिए आकांक्षाओं की तुलना करें? 2

(ग) मध्यवर्ग के परिवारों में महिलाओं की क्या स्थिति थी? 2

28. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

**दासों के प्रति व्यवहार**

कुछ ही समय बाद शहर के शासक ल्यूसियम पेडेनियम सेकंड्स का उसके एक दास ने कत्ल कर दिया। कत्ल के पश्चात् पुराने रिवाज के अनुसार यह आवश्यक था कि एक ही छत के नीचे रहने वाले प्रत्येक दास को फाँसी दे दी जाए। परंतु बहुत से निर्दोष लोगों को बचाने के लिए भीड़ एकत्र हो गई और दंगे शुरू हो गए। सैनेट भवन को घेर लिया गया। हालाँकि सैनेट भवन में अत्यधिक कठोरता का विरोध किया। जो सैनेटर फाँसी देने के पक्ष में थे, उनकी बात मानी गई। परंतु पत्थर और जलती हुई मशालें लिए भारी भीड़ ने इस आदेश को कार्यान्वित किए जानेसे रोका। नीरो ने अभिलेख द्वारा इन लोगों को फटकार लगाई। उन सारे मार्गों पर सेना लगा दी जहाँ सैनिकों के साथ दोषियों को फाँसी पर चढ़ाने के लिए ले जाया जा रहा था।

(क) टैस्टिस कौन था? 1

(ख) नीरों ने इस लोगों के प्रति क्या रवैया अपनाया था? 2

(ग) रोमन साम्राज्य में सीनेट की स्थिति कैसी थी? 2

29. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए वह उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

"हादज़ा शिकारियों तथा संग्राहकों का एक छोटा समूह है जो 'लेक इयासी' एक खारे पानी की विभ्रंश घाटी में बनी झील के आसपास रहते हैं। पूर्वी हादज़ा का इलाका सूखा और चट्टानी है, जहाँ घास (सवाना), काँटेदार झाड़ियाँ और एकासियों के पेड़ों की बहुतायत है, लेकिन यहाँ जंगली खाद्य–वस्तुएँ भरपूर मात्राा में मिलती हैं।" बीसवीं शताब्दी के शुरू में यहाँ भाँति–भाँति के जानवरों की बेशुमार संख्या थी। यहाँ के बड़े जानवरों में हाथी, गैंडे, भैंसे, जिराफ, जेब्रा, वाटरबक, हिरण, चिकारा, खागदार जंगल सूअर, बबून बंदर, शेर, तेंदुए और लकड़बग्घे जितनेआम हैं उतने ही आम छोटे जानवरों में साही मछली (porcupine) खरगोश, गीदड़, कछुए और अनेक प्रकार के जानवरों है। हादज़ा लोग हाथी को छोड़कर बाकी सभी किस्म के जानवरों का शिकार करते हैं और उनका माँस खाते हैं। यहाँ शिकार के भविष्य को कोई खतरा पैदा किए बिना, नियमित रूप से जितना माँस खाया जाता है, उतना दुनिया के किसी भी ऐसे भाग में नहीं खाया जा सकता, जहाँ ऐसे शिकार संग्राहक रहते हैं अथवा निकट भूतकाल में रहते थे।

वनस्पति खाद्य–कंदमूल, बेर, बाओबाब पेड़ के फल आदि जो साधारण दर्शक को अक्सर आसानी से दिखाई नहीं देते, जलाभाव के वर्ष में भी अत्यंत सूखे मौसम में बहुतायत से उपलब्ध होते हैं। जिस तरह का वनस्पति खाद्य बारिश के छः महीनों में उपलब्ध होता है वह सूखे के मौसम में मिलने वाली खाद्य वस्तुओं से भिन्न होता है, लेकिन वहाँ खाद्य पदार्थ की कोई कमी नहीं रहती। यहाँ पाई जाने वाली सात किस्म की जंगली मधुमक्खियों के शहद और

(क) हादजा जनसमूह पर रिसर्च करने वाले मानव विज्ञानी का नाम क्या है? 1

(ख) हादजा जनसमूह क्या है? ये लोग कहाँ–कहाँ रहते थे? 2

(ग) पूर्वी हादजा लोग जमीन और संसाधनों पर अधिकर क्यों नहीं करते थे? 2

30. मानचित्र प्रश्न

(30.1) दिए गए रूपरेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिह्नित करें। 3

(क) मक्का (ख) मदीना

(ग) कॉन्सटेनटिनोपोल

(30.2) दिए गए इसी राजनैतिक मानचित्र पर दो स्थल A, B अंकित किए गए है, उन्हें पहचानिए और उनके नाम लिखिए। 2

(क) समुद्र जो अफ्रीका से यूरोप को अलग करता है।

(ख) रेगिस्तान जो रोम साम्राज्य के दक्षिण में स्थित है।

**केवल दृष्टिबाधित विधार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर।**

(30.1) किन्हीं तीन इस्लामिक क्षेत्रों के नाम लिखिए।

(30.2) (क) समुद्र जो अफ्रीका से यूरोप को अलग करता है।

(ख) रेगिस्तानजो रोम साम्राज्य के दक्षिण में स्थित है।

## खंड–च
## Section–F

30. मानचित्र प्रश्न 3+2=5



# अभ्यास प्रश्न पत्र–3 (इतिहास)

समय : 3 घण्टा | अधिकतम अंक : 80

**सामान्य निर्देश–**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं। इस प्रश्न पत्र में छह खंड हैं।
2. **खंड क** (प्रश्न संख्या 1 सं 16) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक वाले) हैं। इनके उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
3. **खंड ख** (प्रश्न संख्या 17 सं 19) उद्धरण आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न के 4 उप–भाग हैं जिनमें से किसी तीन उप–भागों के उत्तर दीजिये।
4. **खंड ग** (प्रश्न संख्या 20 सं 23) में प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये।
5. खंड घ (प्रश्न संख्या 24 सं 26) में प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 350 शब्दों में दीजिये।
6. खंड ड (प्रश्न संख्या 27 से 29) स्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है।
7. खंड च (प्रश्न संखया 30) मानचित्र संबंधी हैं, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल हैं। मानचित्र को उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए।

## खंड–क
## Section–A

**किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 1×15=15

**Attempt any 15 questions.**

1. पंच ब्लेड तकनीक बनाने के लिए शुरू किया गया था 1

   (क) भाला (ख) धनुष और तीर

   (ग) छोटे छेनी उपकरण की तरह (घ) सिलाई सुई

2. मेसोपोटामिया अब हिस्सा हैः 1

   (क) मिस्र (ख) इराक

   (ग) ईरान (घ) टर्की

3. इनमें से एक रोमन साम्राज्य से संबंधित नहीं है 1

(क) एम्फीथियेटर (ख) कॉलोसियम

(ग) पीसा की मीनार (घ) जलसेतु

4. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही जवाब चुनें। 1

रोमन साम्राज्य का दिल हैः

(क) लाल सागर (ख) काला सागर

(ग) भूमध्य सागर (घ) अटलांटिक महासागर

5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। 1



इस चित्र को पहचान कर इसका नाम लिखिए।

6. निम्नलिखित को कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करेंः 1

(A) पैगंबर मुहम्मद की मक्का से मदीना तक की यात्राा

(B) धर्मयुद्ध

(C) अल्प्तगीन द्वारा गजनवी सल्तनत की स्थापना

(D) ऊंट की लड़ाई

इन घटनाओं का सही कालक्रम है

1. ए, डी, सी, बी
2. डी, सी, बी, ए
3. सी, ए, बी, डी
4. सी, बी, ए, डी

7. कॉलम 'बी' से उपयुक्त वस्तुओं के साथ कॉलम 'ए' लिंक करें। 1

| ए | बी |
|---|---|
| (क) कुरिलताई | (i) डाक व्यवस्था |
| (ख) तामा | (ii) कानूनी |
| (ग) याम | (iii) विधान सभा |
| (घ) यास | (iv) सैन्य दल |

सही उत्तर है–

(a) क–III, ख–IV, ग–I, घ–II (b) क–III, ख–I, ग–IV, घ–II

(c) क–I, ख–IV, ग–III, घ–II (d) क–II, ख–III, ग–IV, घ–I

8. अनुभाग 'ए' के दो भागों के संबंध का पता लगाएं और तदनुसार अनुभाग 'बी' भरें। 1

(क) टैलीः राजाओं द्वारा किसानों पर लगाया कर

(ख) टीथ?

9. 'पुनर्जागरण व्यक्ति' शब्द का मतलब हैः 1

(क) एक व्यक्ति जो बहुत मजबूत है

(ख) एक व्यक्ति जो बहुत चालाक है

(ग) एक व्यक्ति जो बहुत साहसी है

(घ) बहु रुचियों और कौशल वाला व्यक्ति

10. अनुभाग 'ए' के दो भागों के संबंध का पता लगाएँ और तदनुसार अनुभाग 'बी' भरें। 1

(क) क्विपूः लेखा प्रणाली (ख) चिनाम्पाः

11. "ग्रेट ऑस्ट्रेलियन साइलेंस' द्वारा किए गए व्याख्यान हैः 1

(क) वर्ड्सवर्थ (ख) रूसो

(ग) डब्यू.ई.एच स्टेनर (घ) हेनरी रेनॉल्ड्स

12. जापान की संसद 1

(क) मित्सुबिशी (ख) सुमितोमो

(ग) जैबत्सु (घ) डाइट

13. समुराई शब्द इंगित करता है 1

(क) योद्धा वर्ग (ख) डोमेनल लॉर्ड्स

(ग) व्यापार संगठन (घ) व्यापारी वर्ग

14. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (ए) के रूप में और दूसरे को करण (आर) के रूप में दर्शाया गया है 1

अभिकथन (ए) : 1853 में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने कमोडोर मैथ्यू पेरी को जापान भेजा कि सरकार एक संधि पर हस्ताक्षर करे।

कारण (आर) : उस समय जापान केवल एक पश्चिमी देश के साथ कारोबार करता था।

सही विकल्प चुनें।

(क) अभिकथन (ए) और कारण (आर) दोनों सही है और कारण (आर) अभिकथन का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) अभिकथन (ए) और कारण (आर) दोनों ही सही हैं लेकिन कारण अभिकथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) अभिकथन (ए) सही है, लेकिन कारण (आर) गलत है।

(घ) अभिकथन (ए) गलत है लेकिन कारण (आर) सही है।

15. अमेरिका में गोल्ड रश का समय था?

(क) 1849 (ख) 1870

(ग) 1870 (घ) 1876

16. कालक्रम के अनुसार निम्नलिखित की व्यवस्थित कीजिए। 1

(क) चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना

(ख) पहला अफीम युद्ध

(ग) मेजी बहाली (घ) लांग मार्च

## खंड–ख
## Section–B

17. दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1+1+1=3

'होमो' लातिनी भाषा का एक शब्द है जिसका अर्थ है 'आदमी' यद्यपि इसमें पुरुष और स्त्री दोनों शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने होमो को कई प्रजातियों में बांटा है और इन प्रजातियों को उनकी विशेषताओं के अनुसार अलग–अलग नाम दिए हैं। इस प्रकार जीवाश्मों को होमो हैबिलिस, होमो ऐक्टस (सीधे खड़े होकर पैरों के बल चलने वाले और होमो सैपियंस के रूप में वर्गीकृत किया गया है।)

होमो हैबिलिस के जीवाश्म इथियोपिया में ओमो और तंजानियों में ओल्डुवई गोर्ज से प्राप्त किए गए है। होमो एरेक्टस के प्राचीनतम जीवाश्म अफ्रीका और एशिया दोनों महाद्वीपों में पाए गए हैं, यथा–कूबीफोरा और पश्चिमी तुर्काना, केन्या, मोड़ जोकतों और संगीरन, जावा। एशिया में पाए गए जीवाश्म अफ्रीका में पाए गए जीवाशमों की तुलना में परवर्ती काल के हैं, इसलिए यह अधिक संभव है कि होमीनिड पूर्वी अफ्रीका से चलकर दक्षिणी और उत्तरी अफ्रीका, दक्षिणी तथा पूर्वोत्तर एशिया, और शायद यूरोप में भी, 20 से 15 लाख वर्ष पहले गए। ये प्रजातियाँ लगभग दस लाख वर्ष पहले तक जीवित रहीं।

1. लैटिन भाषा के शब्द 'होमो' का क्या अर्थ है?

   (क) चिंपैजी (ख) आदमी

   (ग) वानर (घ) इनमें से कोई नहीं

2. (i) होमो कई प्रजातियों में बंटे हैं।

   (ii) 'होमो' की प्रजातियों को अलग–अलग नाम दिए गए हैं।

   (iii) होमो एरेक्टस–सीधे खड़े होकर पैरों के बल चलने वाले प्राणी हैं।

   (iv) होमोसैपियंस चिंतनशील मनुष्य के रूप में जाने जाते हैं।

   (क) केवल (i), (ii) (ख) केवल (i), (ii), (iii)

   (ग) केवल (ii), (iii) (घ) उपर्युक्त सभी

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (ए) तथा दूसरे को कारण (आर) में दर्शाया गया है–

अभिकथन (ए) होमीनिड पूर्वी अफ्रीका से चलकर दक्षिणी तथा पूर्वोत्तर एशिया 15 लाख वर्ष पहले गए।

कारण (आर) एशिया में पाए गए जीवाश्म अफ्रीका में पाए गए जीवाश्मों की परवर्ती काल के हैं।

(क) केवल कथन सही है।

(ख) केवल कारण सही है

(ग) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कथन कारण का सही स्पष्टीकरण

(घ) अभिकथन व कारण दोनों सहीं हैं, और अभिकथन कारण का सही स्पष्टीकरण है

18. चित्र को ध्यान से देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1+1+1=3



1. इस छवि को दर्शाया गया है:

(क) लेडीज कार क्लब (ख) बहुविभागीय भंडार

(ग) रंगमंच (घ) रेडियो स्टेशन

2. मोगा शब्द का क्या मतलब है:

(क) रत्न (ख) लड़की

(ग) ट्रॉली (घ) बगीचा

3. सही विकल्प चुनें

अभिकथन (ए) : मोगा ने बीसवीं सदी में लैंगिक समानता के विचारों के एक साथ आने का प्रतिनिधित्व किया।

कारण (आर) : कई महिलाओं ने सिनेमा कलाकार के रूप में काम करना शुरू कर दिया।

(क) केवल अभिकथन (ए) सही है।

(ख) केवल कारण (आर) सही है।

(ग) ए और आर दोनों सहीं हैं लेकिन कारण (आर) अभिकथन (ए) का समर्थन नहीं करता है।

(घ) अभिकथन (ए) और कारण (आर दोनों सही हैं और कारण (आर) अभिकथन (ए) का समर्थन करता है।

19. दिए गए स्त्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिएः 1+1+1=3

डेविड आयलॉन के शोध के बाद यास पर हाल ही में हुआ कार्य (वह नियम संहिता, जिसके बारे में कहा जाता है कि चंगेज खान ने 1206 के किरिलताई में लागू की थी) उन जटिल विधियों को विस्तृत वर्णन करता है जो महान खान की स्मृति को बनाए रखने के लिए उसके उत्तराधिकारियों ने प्रयुक्त की थीं। अपने प्रारंभिक स्वरूप में यास को यसाक लिखा जाता था, जिसका अर्थ था—विधि, आज्ञाप्ति व आदेश। वास्तव में जो थोड़ा बहुत विवरण यसाक के बारे में हमें मिला है, उसका संबंध प्रशासनिक विनियमों से है, जैसे—आखेट, सैन्य ओर डाक प्रणाली का संगठन। तेहरवीं शताब्दी के मध्य तक, किसी तरह से मंगोलों ने यास शब्द का प्रयोग ज्यादा सामान्य रूप में करना शुरू कर दिया। इसका मतलब था चंगेज खान की विधि—संहिता।

1. डेविड आयलॉन ने किस विषयवस्तु पर शोध किया?

(क) आखेट (ख) यास

(ग) कबीलों (घ) इनमें से कोई नहीं

2. (i) यास एक नियम संहिता थी।

(ii) इसको चंगेज खान ने 1206 में लागू किया था।

(iii) यास का अर्थ होता था—विधि, आज्ञाप्ति व आदेश।

(iv) 400 सैनिकों ने यास को तैयार किया था।

उपरोक्त में से कौन—कौन से कथन सही हैं?

(क) केवल (i), (ii) (ख) केवल (ii), (iii)

(ग) केवल (i), (ii), (iii) (घ) सभी कथन सही हैं

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (ए) तथा दूसरे को कारण (आर) के रूप में दर्शाया गया है।

अभिकथन (ए) : तेहरवीं शताब्दी तक मंगोलों ने यास शब्द का प्रयोग ज्यादा सामान्य रूप से करना शुरू कर दिया, जिसका मतलब था–चंगेज खान की विधि ा संहिता।

कारण (आर) : यास का संबंध प्रशासनिक विनियमों से था–जैसे, आखेट, सैन्य और डाक प्रणाली का संगठन।

(क) केवल अभिकथन सही है।

(ख) केवल कारण सही है।

(ग) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु अभिकथन कारण का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(घ) अभिकथन और कारण दोनों सहीं हैं, अभिकथन कारण का सही स्पष्टीकरण है।

## खंड–ग
## Section–C

20. 'उर के उत्खनन से नगर योजना के अभाव का संकेत पता चलता हैं'। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? 3

21. मध्ययुगीन काल में चर्च में किस तरह की कुप्रथाएं प्रचलित थीं? 3

22. मेनर से आप क्या समझते हैं? वर्णन कीजिए। 3

23. अर्थव्यवस्था के क्षेत्रा में मेज़ी पुर्नस्थापना की प्रमुख उपलब्धियाँ क्या थीं? 3

## खंड–घ
## Section–D

24. किन परिस्थितियों के कारण खिलाफत संस्था की स्थापना हुई? उम्मा की एकता बनाए रखने के लिए प्रारंभिक खलीफाओं द्‌वारा अपनाई गई प्रशासनिक और आर्थिक नीतियों की विवेचना कीजिए। 8

अथवा

'11 वीं शताब्दी से 13 वीं शताब्दी तक यूरोपीय ईसाइयों और अरब राज्यों के बीच संघर्ष की एक श्रृंखला से रही हैं', कथन के आधार पर धर्मयुद्‌ध और उसके प्रभाव का विश्लेषण करें।

25. ब्रिटेन पर औद्योगिक क्रांति के प्रभाव पर चर्चा करें। 8

अथवा

औद्योगीकरण के बाद किस तरह के विरोध शुरू हुए? सरकार ने इस तरह के विरोध पर किस तरह की प्रतिक्रिया दी?

26. उत्तरी अमेरिका के मूल लोगों की जीवन शैली की विशेषताओं पर चर्चा करें। 8

अथवा

ऑस्ट्रेलिया के इतिहास और उसके विकास के बारे में संक्षेप में लिखें।

## खंड–ङ
## Section–E

दिए गए उद्धरण को ध्यानपूवक पढ़िये व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

27. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:

### आल्टामीरा के गुफा चित्र

आल्टामीरा स्पेन में स्थित एक गुफा स्थल है। आल्टामीरा की गुफा की छत पर बनी चित्रकारियों की ओर मार्सिलीनो सैंज दि सउतुओला (Marcelino Sanzde Soutuola) का ध्यान उसकी बेटी मारिया द्वारा नवंबर 1879 में दिलाया गया था। मार्सिलीना एक स्थानीय भूस्वामी तथा शौकीन पुरातत्वविद थे और उनकी नन्हीं–सी ल़ड़की गुफा के इधर–उधर दौड़ और खेल रही थी जबकि उसके पिता गुफा के फर्श की खुदाई कर रहे थे। अचानक मारिया की नज़र छत पर बनी चित्रकारियों पर पड़ी, वह तुरंत चिल्ला उठी "पापा देखो, बैल!" एक बार तो उसके पिता ने बेटी की बात को हँसी में उड़ा दिया। पर तुरंत ही उनमें यह अहसास हुआ कि छत पर सचमुच कुछ चित्रकारियाँ बनी हुई हैं जिसमें रंग की बजाय किसी प्रकार की लेई (पेस्ट) क इस्तेमाल किया गया है। फिर तो उसका मन उमंग से इतना भर उठा कि वह हतप्रभ हो गए और अगले वर्ष उन्होंने एक पुस्तिका प्रकाशित की लेकिन लगभग दो दशकों तक उनकी खोज के निष्कर्षों को यूरोपीय पुरातत्वविदों ने इस आधार पर स्वीकार नहीं किया कि ये चित्रकारियाँ इतनी ज्यादा अच्छी हैं कि ये उतनी प्राचीन नहीं हो सकतीं।

(क) आल्टामीरा किस देश में है? 1

(ख) मार्सिलीनो कौन थे? उनकी पुत्री मारिया ने उन्हें क्या बताया था? 2

(ग) आल्टमीरा गुफा की चित्रकारियाँ क्यों प्रसिद्ध है? 2

28. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए व उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

**रोमन अभिजात वर्ग की आमदनियाँ पाँचवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में**

रोम के ऊँचे घरानों में से प्रत्येक के पास अपने आप में वह सब कुछ मौजूद था जो एक मध्यम आकर के शहर में हो सकता है। एक घुड़दौड़ का मैदान (हिप्पोड्रोम), अनेक मंच–मंदिर, फव्वारे और विभिन्न प्रकार के स्नानागार... बहुत से रोमन परिवारों को अपनी संपत्ति से प्रतिवर्ष 4,000 पाउंड सोने की आय प्राप्त होती थी, जिसमें अनाज, शराब और अन्य उपज शामिल नहीं थीं; इन उपजों को बेचने पर सोने में प्राप्त आय के एक–तिहाई के बराबर आमदनी हो सकती थी। रोम में द्वितीय श्रेणी के परिवारों की आय 1000 अथवा 1500 पाउंड सोना थी।

–थेब्स का ओलिंपिओडोरस

(क) ओलिंपियोडोरस कौन था? 1

(ख) परावर्ती साम्राज्य की मौद्रिक व्यवस्था क्यों टूट गई? इसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए गए? 2

(ग) अभिजात वर्ग का एक रोमन परिवार ने अपनी सम्पत्ति और उपज से कितनी आय अर्जित कर सकता था? 2

29. निम्नलिखि उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए वह उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

जापानी भाषा एक साथ तीन लिपियों का प्रयोग करती है। इनमें से एक कांजी, जापानियों ने चीनियों से छठी शताबदी में ली। चूँकि उनकी भाषा चीनी भाषा से बहुत अलग है, उन्होंने दो ध्वन्यात्मक वर्णमालाओं का विकास भी किया– हीरागानाऔर कताकाना। हीरागाना नारी सुलभ समझी जाती है क्योंकि हेआन काल में बहुत–सी लेखिकाएँ इसका इस्तेमाल करती थी। जैसे कि मुंरासाकी। यह चीनी चित्रात्मक चिह्नों और ध्वन्यात्मक अक्षरों (हीरागाना अथवा कताकाना) को मिलाकर लिखी जाती है। शब्द का प्रमुख भाग कांजी के चिन्ह से लिखा जाता है और बाकी का हीरागाना में।

ध्वन्यात्मक अक्षरमाला की मौजूदगी के चलते ज्ञान कुलनी वर्गो से व्यापक समाज में काफी तेजी से फैल सका। 1880 के दशक में यह सुझाव दिया गया कि जापानी या तो पूरी तरह से ध्वन्यात्मक लिपि का विकास करें या कोई यूरोपीय भाषा अपना लें। दोनों में से कुछ भी नहीं किया गया।

(क) कांजी लिपि जापानियों ने किस देश से और कब ली थी? 1

(ख) हीरागाना जारी सुलभ क्यों समझी जाती थी स्पष्ट कीजिए? 2

(ग) दो ध्वन्यात्मक वर्णमालाओं के नाम लिखिए। 2

## खंड–च
## Section–F

30. मानचित्र प्रश्न 3+2=5




(30.1) दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए– 3

(क) मैनचेस्टर

(ख) यार्कशायर

(ग) लंकाशायर

(30.2) दिए गए इसी राजनैतिक मानचित्र पर दो स्थल A, B अंकित किए गए है, उन्हें पहचानिए और उनके नाम लिखिए। निम्नलिखित क्षेत्रों की पहचान करें। 2

(क) इंग्लैंड की राजधानी

(ख) वो नगर जहाद्द क्वीन ऑफ इंग्लैंड रहती है।

**केवल दृष्टिबाधित विधार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर।**

(30.1) ब्रिटेन के मानचित्र में वस्त्र उत्पादन से संबंधित क्षेत्रों के नाम लिखिए।

(30.2) (क) इग्लैंड की राजधानी

(ख) जहाँ ब्रिटेन की महारानी रहती है।

# नोट्स

# नोट्स